CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG11 User: cci Time: 02-10-2026 23:28 Color:

लखनऊ (लखनऊ व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित) > बुधवार, 11 फरवरी 2026 > माघ 22 शक संवत 1947 फाल्गुन कृष्ण, नवमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

पेज 12 > मूल्य सिर्फ 6.00 रु. facebook.com/nbtlucknow:twitter.com/nbtlucknow

NBT

नवभारत टाइम्स



विपक्ष ने स्पीकर को हटाने का नोटिस दिया

▶देखें अंदर



अमेरिका से डील में दाल का 'तड़का'

▶देखें अंदर

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

AISSHPRA

GEMS AND JEWELS

❖ Starting from ❖ *

₹29999 Only

Say it with EKTARA BY AISSHPRA

Solitaire Jewellery Collection

Disclaimer : Starting price is indicative, based on 14KT gold on 10/01/26, approx. 1.569 g & 0.156 ct diamonds; subject to change as per prevailing gold rates.

Shop online www.aisshpra.com | Franchise enquiry franchise.enquiry@aisshpra.com 98398 23999

Gorakhpur : Ghantaghar 8423173378, Park Road 9554964736 | **Lucknow :** 3, Shahnajaf Road, Hazratganj 7318347474 | **Varanasi :** Sigra Chauraha 96952 63334
Sultanpur : Civil Line, Bus Stand 9794050011 | **Deoria :** Kedia Plaza, Malviya Road 9532655652 | **Padrauna :** Subhash Chowk, Near Axis Bank 8009924030
Basti : Gandhinagar 9984384999 | **Khalilabad :** Gola Bazar, Near Sardar Colony 7318001150 | **Azamgarh :** Civil Lines, Near Sudarshan Petrol Pump 8381805525
Ballia : Shiv Kutir, Kasim Bazar 9336092050 | **Raebareli :** Hotel Om Clarks Inn, Gr. Floor, Civil Lines Road 7704003695 | **Ayodhya :** Aisshpra Crossing, Devkali
7497900801/7497900802 | Toll Free : **18001201299** | Follow us@aisshprajewels

Store Locater

There's a gift waiting for you at nearest Aisshpra store.

All you need to do bring the message you want to say to your **loved one.**

For ***my Ektara***, I want to say...

.....

.....

Click a photo at the store & we will upload it on our social media. @aisshprajewels

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG8 User: cci Time: 02-11-2026 00:26 Color:

फटाफट खबरें

अब डाकघर में भी मिलेंगे MF

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** डाक विभाग (DoP) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) ने मंगलवार को एक समझौते पर दस्तखत किए हैं। इस साझेदारी का मकसद ग्रामीण इलाकों और छोटे शहरों में रहने वाले भारतीयों की छोटी-छोटी बचत को म्यूचुअल फंड निवेश में बदलकर उन्हें बड़ी संपत्ति बनाने में मदद करना है। पहले चरण में इस पर फोकस होगा कि लोग अपनी सुविधा के अनुसार छोटी रकम से निवेश शुरू कर सकें। दूसरे चरण में, 55 AMCs की सभी ओपन-एंडेड स्कीम्स, लक्ष्य आधारित निवेश, पोर्टफोलियो की जांच, क्षेत्रीय भाषाओं में जानकारी और सलाह जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।

बेरोजगारी दर में गिरावट: रिपोर्ट

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** शहरों में 15 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोगों के बीच बेरोजगारी की दर में मामूली कमी आई है। नेशनल स्टैटिस्टिक्स ऑफिस (NSO) की ओर से मंगलवार को जारी एक सर्वे के मुताबिक, अक्टूबर-दिसंबर 2025 की तिमाही में यह दर घटकर 6.7 फीसदी रह गई, जो इससे पिछली तिमाही में 6.9 फीसदी थी।

बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी का दौर जारी रहा। सेंसेक्स 208.17 अंक (0.25%) उछलकर 84,273.92 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 67.85 अंक (0.26%) की बढ़त के साथ 25,935.15 पर बंद हुआ। ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.35% की तेजी रही। सोमवार को विदेशी निवेशकों ने 2,254.64 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की थी।

CRAs के लिए फ्रेमवर्क जारी

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी ने मंगलवार को उन क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों (CRAs) के लिए फ्रेमवर्क जारी किया है, जो सेबी के अलावा दूसरे वित्तीय नियामकों (RBI या IRDAI) के तहत आने वाले फाइनैंशल इंस्ट्रूमेंट्स की भी रेटिंग करती हैं। इसका मकसद रेटिंग के कामों का सही विभाजन करना है।

पहली बार गोल्ड ETF आगे

इक्विटी MF में निवेश जनवरी में लगातार दूसरे महीने कम : रिपोर्ट

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** जनवरी के महीने में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 14% गिरकर 24,028 करोड़ रुपये रह गया। यह लगातार दूसरा महीना है जब इक्विटी फंड में निवेश में कमी देखी गई है। दूसरी तरफ, गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (Gold ETF) में निवेश बहुत तेजी से बढ़ा। इसमें कुल 24,040 करोड़ रुपये का निवेश आया। यह पिछले महीने (11,647 करोड़ रुपये) के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा है। सबसे अहम बात यह है कि ऐसा पहली बार हुआ है जब गोल्ड ETF में आने वाला पैसा इक्विटी म्यूचुअल फंड में आने वाले पैसे से थोड़ा ज्यादा हो गया है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (Amfi) की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी में इक्विटी फंड में निवेश दिसंबर (28,054 करोड़ रुपये) और नवंबर (29,911 करोड़ रुपये) के मुकाबले कम रहा। हालांकि यह अक्टूबर (24,690 करोड़ रुपये) की तुलना में बेहतर है। हालांकि सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (SIP) के जरिए आने वाला पैसा जनवरी में 31,000 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा। इससे पता चलता है कि आम लोग अभी भी अनुशासन के साथ लंबी अवधि के लिए निवेश करना पसंद कर रहे हैं। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का असेट वेस बढ़ा है।

AI Image

क्या रही वजह

Nippon MF के सीईओ सुदीप सिक्का के अनुसार बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाव के रूप में निवेशकों की दिलचस्पी गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में बढ़ी है। ग्रो के CEO वरुण गुप्ता का कहना है कि सोना और चांदी अब मुख्यधारा के पोर्टफोलियो असेट्स के रूप में वित्तीय रूप से अधिक स्वीकार किए जा रहे हैं। आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी के MD CEO ए. बालसुब्रमण्यम ने कहा कि लॉन्ग टर्म असेट क्रिएशन के लिए इक्विटी अब भी पसंदीदा असेट क्लास बना है। वीएसआरके कैपिटल के डायरेक्टर स्वप्निल अग्रवाल का कहना है कि पिछले कई महीनों से रोयर बाजार से मिलने वाला रिटर्न कम रहा है।

क्या कहते हैं आंकड़े?

- **इक्विटी MF:** 24,028 करोड़ (पिछले महीने से 14% कम)
- **गोल्ड ETF :** 24,040 करोड़ रुपये (दिसंबर के 11,647 करोड़ से दोगुने से ज्यादा)
- **मिड-कैप :** 3,185 करोड़ (दिसंबर में 4,176 करोड़)
- **स्मॉल-कैप :** 2,942 करोड़ रुपये (दिसंबर 3,824 करोड़)
- **फ्लेक्सी-कैप :** 7,672 करोड़
- **लार्ज एंड मिड-कैप :** 3,182 करोड़ रुपये
- **लार्ज-कैप :** 2,005 करोड़
- **ELSS (टैक्स सेविंग फंड):** 594 करोड़ रुपये की निकासी
- **हाइब्रिड :** 17,356 करोड़ रुपये का आया निवेश

MF का लेखा-जोखा

- **SIP पर भरोसा:** बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद आम निवेशकों का भरोसा कम नहीं हुआ है। SIP के जरिए आने वाला निवेश 31,000 करोड़ रुपये पर स्थिर बना हुआ है।
- **मिड और स्मॉल-कैप की रफ्तार थमी:** मिड-कैप और स्मॉल-कैप फंड्स में निवेश की गति धीमी रही। इसका मुख्य कारण शेयरों की बढ़ी हुई कीमतें (हाई वैल्यूएशन) है।
- **Debt फंड में वापसी:** पिछले महीनों की भारी निकासी के बाद, जनवरी में Debt फंड में 74,827 करोड़ रुपये आया है। निवेशक फिक्स्ड इनकम वाले विकल्पों की ओर भी देख रहे हैं।
- **फ्लेक्सी-कैप पहली पसंद:** इक्विटी स्कीमों के भीतर निवेशकों ने सबसे ज्यादा पैसा 'फ्लेक्सी-कैप' फंड्स में लगाया, जबकि टैक्स बचाने वाली ELSS स्कीमों से पैसा बाहर निकला।

छापेमारी से पहले नोटिस, मिटा सकते हैं सबूत : SC

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को डिजिटल दौर में जांच अधिकारियों के सामने आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों का जिक्र किया। कोर्ट ने कहा कि अगर छापेमारी (सर्च और जब्ती) से पहले नोटिस देने की शर्त रखी गई, तो जांच शुरू होने से पहले ही सबूत हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने इनकम टैक्स ऐक्ट की धारा 132 के तहत दी गई छापेमारी की शक्तियों को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। याचिका में कहा गया है कि अधिकारियों के पास इस धारा के तहत इतनी ज्यादा पावर है कि उसका गलत इस्तेमाल हो सकता है।

इनकम टैक्स ऐक्ट की धारा 132 आर्टी अधिकारियों को यह ताकत देती है कि अगर उनके पास कोई ठोस वजह है कि किसी व्यक्ति ने अपनी आय, संपत्ति या दस्तावेज छिपाए हैं तो वे उसकी तलाशी ले सकते हैं। सामान जब्त कर सकते हैं। बेंच ने मामले को दो हफ्ते के लिए टाल दिया है।

सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने छापेमारी से पहले नोटिस देने में आने वाली दिक्कतों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में ऐसा करना जांच के मकसद को ही खत्म कर देगा, क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक सबूतों को बहुत आसानी से नष्ट किया जा सकता है। जस्टिस बागची ने कहा, डिजिटल

24.64 लाख से ज्यादा रिटर्न पेंडिंग : केंद्र

पीटीआई, नई दिल्ली : असेसमेंट ईयर 2025-26 के लिए 4 फरवरी तक करीब 8.80 करोड़ इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) दाखिल किए गए। इनमें से 24.64 लाख से ज्यादा रिटर्न ऐसे हैं, जिन्हें प्रोसेस होने में 90 दिनों से ज्यादा का समय हो गया है। वे अब भी पेंडिंग हैं। राज्यसभा में एक लिखित जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने ये यह जानकारी दी।

रेकॉर्ड वाली ऐसी जांच को दबाने का सबसे आसान तरीका यह है कि उस दिक्कत्र (मोबाइल या कंप्यूटर) को ही नष्ट कर दिया जाए। चीफ जस्टिस ने कहा कि अधिकारियों को मिली कानूनी शक्तियां न तो अनिर्वचित हैं और न ही बेलगाम।

ED ने अनिल अंबानी, पत्नी को भेजा नया समन

FILE

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी और उनकी पत्नी टीना अंबानी को नया समन जारी किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में पूछताछ के लिए दोनों को अगले हफ्ते पेश होने के लिए कहा गया है। टीना अंबानी को सोमवार को ही एजेंसी के सामने पेश होना था, लेकिन वह नहीं आईं। अधिकारियों के मुताबिक, अब उन्हें 17 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। 18 फरवरी को अनिल अंबानी को पेश होने के लिए कहा गया है। पेश होने पर मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (PMLA) के तहत उनके बयान दर्ज किए जाएंगे।

बता दें कि रिलायंस ग्रुप की कंपनियों और उनके बैंक लोन से जुड़ी जांच के सिलसिले में अनिल अंबानी से पिछले साल भी एक बार पूछताछ की जा चुकी है। माना जा रहा है कि टीना अंबानी को न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में एक आलीशान अपार्टमेंट की खरीद से जुड़े पैसे के लेन-देन के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

Titan का मुनाफा 61% उछला

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** जूलरी और घड़ी बनाने वाली कंपनी टाइटन ने मंगलवार को अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा की। FY26 की दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा 60.84% बढ़कर 1,684 करोड़ रुपये रहा। कंपनी की इस ग्रोथ में उसके घरेलू जूलरी बिजनेस का सबसे बड़ा हाथ रहा।

टाइटन द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, पिछले साल इसी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में कंपनी को 1,047 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। मुनाफे के साथ-साथ कंपनी की बिक्री में भी भारी उछाल आया है। दिसंबर तिमाही में बिक्री 42% बढ़कर 24,915 करोड़ रुपये हो गई। इस तिमाही के दौरान टाइटन का जूलरी बिजनेस 45.6% बढ़कर 23,492 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का कहना है कि पुराने सोने के बदले नए गहने लेने की स्कीमों की वजह से मांग काफी मजबूत रही। वहीं, बेकरी फूड कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बताया कि दिसंबर तिमाही में कंपनी का कुल शुद्ध मुनाफा 17.14% बढ़कर 682.14 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट 100 साल के लिए लेगी कर्ज

कंपनी 100 साल की मैच्योरिटी वाला बॉण्ड जारी करेगी

■ **NBT रिपोर्ट:** गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट AI की रेस में आगे रहने के लिए भारी-भरकम फंड जुटा रही है। इसके लिए कंपनी ने 100 साल की अवधि वाला अनोखा बॉण्ड जारी करने का फैसला किया है। पिछले 30 सालों में ऐसा किसी टेक कंपनी द्वारा नहीं किया गया है।

फाइनैंशल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यह 100 साल वाला बॉण्ड अल्फाबेट द्वारा फाउंड मेंट कर्ज जुटाने की पहली कोशिश का हिस्सा है। इसके साथ ही, कंपनी अमेरिकी डॉलर बॉण्ड के जरिए भी 20 अरब डॉलर जुटा रही है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, पहले कंपनी ने 15 अरब डॉलर जुटाने की योजना बनाई थी। जब निवेशकों की तरफ से 100 अरब डॉलर से ज्यादा की डिमांड (ऑर्डर) आई, तो कंपनी ने कर्ज की रकम बढ़ा दी। इसके अलावा स्विस फ्रैंक में भी बॉण्ड लाने की तैयारी है। डॉलर वाले बॉण्ड को सात हिस्सों में बांटा गया है। इसमें सबसे लंबी अवधि का बॉण्ड 40 साल का है, जो 2066 में मैच्योर होगा। बाजार में इस कर्ज की बहुत ज्यादा मांग है, खासकर छोटे समय (3 साल) वाले बॉण्ड के लिए निवेशकों में काफी उत्साह देखा गया।

AI Image

- बॉण्ड का उद्देश्य Gemini AI और क्लाउड सुविधाओं का विस्तार करना है।
- 30 साल बाद किसी टेक कंपनी ने जारी किया 100 साल वाला बॉण्ड

इस सौदे से जुड़े एक बैंकर ने बताया कि अलग-अलग करेंसी (जैसे फाउंड, डॉलर, स्विस फ्रैंक) में बॉण्ड जारी करने से अल्फाबेट को दुनिया भर के नए निवेशकों से जुड़ने में मदद मिलती है। आजकल बड़ी टेक कंपनियों के पैसों की जरूरतें बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। अगर ये सिर्फ डॉलर बाजार पर निर्भर रहेंगी, तो मांग और सप्लाई का संतुलन बिगड़ सकता है। साथ ही, फाउंड मार्केट में ब्याज दरें डॉलर के मुकाबले कम हैं, जिससे 100 साल वाला यह बॉण्ड कंपनी के लिए सस्ता और फायदेमंद साबित होगा। कुछ दिन पहले ही अल्फाबेट ने कहा था कि वह इस साल अपने कामकाज और विस्तार पर 185 अरब डॉलर तक खर्च कर सकती है।

STEM भर्ती में 50% महिलाएं होंगी: Vedanta

■ **NBT रिपोर्ट:** 'इंटरनेशनल डे ऑफ वुमेन एंड गर्ल्स इन साइंस' (11 फरवरी) के मौके पर वेदांता लिमिटेड ने एक बड़ा ऐलान किया है। विज्ञान और तकनीक (STEM) के क्षेत्र में होने वाली नई भर्तियों (फ्रेशर्स) में अब महिलाओं की हिस्सेदारी 35% से ज्यादा हो गई है। अगर इसमें लीडरशिप और मैनेजमेंट के पदों को भी जोड़ दिया जाए तो यह आंकड़ा 45% तक पहुंच जाता है। वेदांता की नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने बताया कि कंपनी ने अब लक्ष्य रखा है कि इस साल से STEM के पदों पर होने वाली 50% भर्तियां महिलाओं की होंगी। उन्होंने बताया कि यह कदम भारत के मेटल्स, माइनिंग (खनन), मैन्यूफैक्चरिंग और एनर्जी जैसे क्षेत्रों में महिला-पुरुष समानता के लिहाज से एक ऐतिहासिक बदलाव है। उन्होंने बताया कि ये ऐसे उद्योग हैं जिनमें पारंपरिक रूप से हमेशा पुरुषों का ही दबदबा रहा है।

Anthropic के रिसर्चर ने छोड़ी नौकरी, दी चेतावनी

■ **NBT रिपोर्ट :** Anthropic की सेफ्टीफोर्स रिसर्च टीम के हेड मृणांक शर्मा ने अपना पद छोड़ दिया है। मृणांक ने X पर 9 फरवरी को अपने इस्तीफे की जानकारी साझा की। उन्होंने अपने विदाई संदेश में एक गंभीर चेतावनी दी है कि एआई और अन्य संकटों के कारण दुनियाखतरे में है। उन्होंने संकेत दिया कि कंपनियों में अक्सर नैतिक मूल्यों के बजाय अन्य दबाव हावी हो जाते हैं। अब वह टेक्नोलॉजी की दुनिया छोड़कर कविता और लेखन के क्षेत्र में अपनी नई राह तलाशने जा रहे हैं।

Social Media

AI सेफ्टी हेड मृणांक शर्मा ने कहा- इंसानियत को बिगाड़ रहे हैं चैटबॉट्स

TOI के मुताबिक, एंथ्रोपिक ने फरवरी 2025 में अपनी 'सेफगार्ड्स रिसर्च टीम' बनाने का ऐलान किया था। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से मशीन लर्निंग में पीएचडी करने वाले मृणांक ने अगस्त 2023 में कंपनी जॉइन की थी। उनकी टीम का काम एआई से होने वाले खतरों को कम करना था। उन्होंने एआई चैटबॉट्स द्वारा यूजर्स की जरूरत से ज्यादा तारीफ करने और एआई के जरिए होने वाले गलत कामों को रोकने पर रिसर्च की।

मृणांक ने पिछले हफ्ते एक स्टडी फिनिश की, जिसमें उन्होंने पाया कि AI चैटबॉट्स का इस्तेमाल करने से लोगों का हकीकत को देखने का नजरिया बिगड़ सकता है। उन्होंने पाया कि ऐसे हजारों घटनाएं हर रोज हो रही हैं। हालांकि गंभीर मामले कम हैं, लेकिन रिश्तों और सेहत जैसे विषयों पर चैटबॉट्स का प्रभाव ज्यादा है। मृणांक का कहना है कि हमें ऐसे एआई सिस्टम चाहिए जो इंसान की आजादी और उसकी भलाई का साथ दें।

प्रदेश

3 मिनट में पिता का बयान दर्ज

■ **NBT रिपोर्ट, कानपुर :** लैंबॉर्गिनी से रविवार को यीआईपी रोड पर हुई टक्कर के मामले के आरोपित शिवम के पिता केके मिश्रा में मंगलवार को ग्वालटोली थाने पहुंचे। बंद कमरे में महज 3 मिनट में बयान दर्ज करवाने के बाद बाहर आए केके मिश्रा ने कहा कि गाड़ी ड्राइवर चला रहा था और शिवम बगल की सीट पर बैठा था।

इससे पहले मंगलवार सुबह मीडिया के जमावड़े के बीच स्वरूप नगर स्थित घर से निकले केके मिश्रा ने कहा कि थाने में बयान दर्ज करवाने के बाद ही कुछ कहेंगे। ग्वालटोली थाने में डीसीपी और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में 3 मिनट तक बंद कमरे में बातचीत हुई। इसके बाद तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा ने कहा कि गाड़ी में शिवम और ड्राइवर था। शिवम गाड़ी का ट्रायल ले रहा था। इस बीच शिवम की तबीयत खराब होने पर ड्राइवर ने ब्रेक लगाया। इसी दौरान एक ट्रेपो से टक्कर हो गई।

कोर्ट में बेल और रिलीज अर्जी :

लैंबॉर्गिनी इपदसा: तंबाकू कारोबारी का बेटा शिवम है नाबालिग

दावा : ड्राइवर चला रहा था गाड़ी, बगल की सीट पर बैठा था बेटा

कानपुर की एसीजेएम 7 कोर्ट में ड्राइवर मोहन लाल की तरफ से मंगलवार को बेल और रिलीज अर्जी दाखिल की गई, जिस पर बुधवार को होगी। वहीं, शिवम के वकील धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि ड्राइवर ने कोर्ट में एफिडेविट दिया है कि गाड़ी वह चला रहा था। इस बीच शिवम को चक्कर आया और ट्रेपो ने गाड़ी में टक्कर मार दी। गाड़ी लॉक होने पर शीशा तोड़ शिवम को निकालना पड़ा।

सही तथ्यों पर चार्जशीट: पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने कहा कि पूरे मामले में चालक के तौर पर शिवम मिश्रा का ही नाम दर्ज है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों के आधार पर जांच ही कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। मामले में निष्पक्ष और सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

घर में मिले दंपती, तीन बच्चों के शव

मथुरा की घटना, तीन सुइसाइड नोट भी मिले, विडियो में कही मर्जी से मरने की बात

■ **NBT न्यूज, मथुरा:** महावन के गांव खथरपुर में मंगलवार को एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव मिले। इनमें पति-पत्नी और तीन बच्चे शामिल हैं। घर से तीन सुइसाइड नोट भी बरामद हुए हैं। पांचों के शव घर के एक कमरे में पड़े मिले। पुलिस मौके से दूध का एक खाली गलास भी मिला है। साथ ही मृतक के मोबाइल में एक विडियो भी मिला है।

खथरपुर निवासी मनीष (35), पत्नी सीमा, दो बेटियों और 2 साल का बेटा प्रतीक सुबह देर तक घर से नहीं निकले। शक होने पर भाई दीवार कूदकर अंदर गए और कमरे का दरवाजा तोड़ा। जमीन पर मनीष का शव जमीन पर पड़ा था, जबकि भाभी सीमा और दो बच्चों प्रतीक और प्रियांशी के शव बेड पर पड़े थे। हनी का शव चारपाई पर था। घटना की सूचना पर एसएसपी श्लोक कुमार और डीएम सोपी सिंह फोर्स के मौके पर पहुंचे। छानबीन में कागज पर लिखा सुइसाइड नोट और किचन की दीवार पर लिखा सुइसाइड नोट मिला। जांच के दौरान मृतक मनीष के हाथ पर जलने के निशान थे। पत्नी सीमा के सिर पर चोट के निशान मिले, जबकि पास में ही एक रस्सी और एक मूसल पड़ा मिला जिस पर खून लगा मिला। सूचना पाकर सीमा के पिता विजेंद्र भी मौके पर पहुंचे।

विजेंद्र के अनुसार सोमवार को ही वो अपनी बेटी और दामाद से मिलकर गए थे। ऐसा कुछ हो जाएगा इसका अंदाजा भी नहीं था क्योंकि सब कुछ ठीक था। मनीष की गांव में किसी के साथ कोई रंजिश नहीं होने की बात भी कही जा रही है। पुलिस ने पांचों शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिए हैं। फिलहाल पुलिस हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है। एडीजी आगरा जोन अनुपमा कुलश्रेष्ठ भी गांव पहुंची और सारी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में सामूहिक सुसाइड की बात सामने आई है। उन्होंने बताया कि पुलिस साक्ष्य जुटा रही है।

हैदराबाद के भाई-बहन ने काशी के होटल में दी जान

■ **NBT न्यूज, वाराणसी:** कैंट रोडवेज बस स्टेशन के पास स्थित होटल में हैदराबाद निवासी भाई-बहन ने खुदकुशी कर ली। दोनों की पहचान गणेश गुलालापल्ली और लक्ष्मी गुलालापल्ली के रूप में हुई है। होटल कर्मचारियों के अनुसार दोनों चार दिन पहले आए थे और मंगलवार को चेक आउट करना था। दोपहर बाद तक कमरा नहीं खुलने पर खटखटाया गया। जवाब न मिलने पर मोबाइल और रूम के एक्सटेंशन नंबर पर कॉल की गई। कोई रिस्पॉन्स न मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के मौजूदगी में मास्टर की से कमरे को ताला खोले जाने पर दोनों जमीन पर पड़े मिले और मुंह से झाग निकल रहा था। स्टूल पर जहरीले पदार्थ की शीशी रखी थी। डीसीपी गौरव बंसवाल ने बताया कि परिवारीजनों को सूचना देने के साथ ही छानबीन शुरू कर दी गई है।

फटाफट खबरें

IGRS: अमेठी को प्रदेश में पहली रैंक

■ **NBT न्यूज, अमेठी:** यूपी पुलिस ने जनवरी की IGRS रैंकिंग मंगलवार को जारी की। इसमें अमेठी पुलिस को प्रदेश में पहली रैंक मिली है। एसपी सरवणन टी. के अनुसार IGRS के मॉडल ASP ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह थानों पर प्राप्त शिकायतों व निस्तारण के बाद फीडबैक की स्वयं मॉनिटरिंग करते हैं।

'ट्रांसजेंडर संतान को साथ रख करें परवरिश'

■ **NBT न्यूज, बस्ती:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए बने गरिमा गृह का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां ट्रांसजेंडर को थर्ड जेंडर के रूप में सवैधानिक पहचान मिली है। अपील की कि यदि किसी परिवार में ट्रांसजेंडर संतान जन्म लेती है तो उसे अलग न करें बल्कि सम्मान के साथ रखकर परवरिश करें।

गैंगरेप में दो को 20-20 साल की कैद

■ **NBT न्यूज, बांदा:** किशोरी से गैंगरेप के आरोपितों को दोषी करार देते हुए कोर्ट ने 20-20 साल के कारावास और 44-44 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है। एसपी पलाश बंसल के अनुसार 18 मार्च 2019 को बबेरू के रयान गांव निवासी सुकदेव और हीरालाल ने 15 वर्षीय किशोरी से गैंगरेप किया था। केस दर्ज कर 11 फरवरी 2020 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई थी।

दालमंडी: एक ही दिन में 34 मकान जुर्मादोज

■ **NBT न्यूज, वाराणसी:** दालमंडी बाजार में ध्वस्तीकरण अभियान के तहत अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को 34 भवनों को जमींदोज करवा दिया गया। सोमवार को एक मकान मालिक द्वारा आग लगाए जाने की घटना के मद्देनजर सख्त सुरक्षा घेरे में अभियान चलाया गया। दालमंडी के सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग कर प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया था। इस दौरान एडीएम सिटी आलोक वर्मा, डीसीपी गौरव बंसवाल और एसीपी अतुल अजान के नेतृत्व में 600 पुलिसकर्मी तैनात रहे और ड्रोन से नजर रखी गई। पुलिस ने मशीन खराब करने की कोशिश के आरोपित फारूख को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी अतुल अजान त्रिपाठी के अनुसार फारूख अजमत को आगजनी के लिए फारूख ने ही उकसाया था। अजमत की तलाश की जा रही है।

मनरेगा में नाबालिग से करवाया काम, जांच शुरू

■ **NBT न्यूज, गोंडा:** मनरेगा में नाबालिग से मजदूरी करवाने का मामला सामने आया है। एसडीएम नेहा मिश्रा ने जांच के साथ ही रजिस्ट्रेशन करने वाली संस्था का लाइसेंस रद्द करने का आदेश दिया है। कर्नलगंज तहसील के ग्राम पहाड़पुर निवासी अम्नू ने साक्ष्य के साथ शिकायत की थी। इसमें बताया कि गांव का ही किशोर साल 2025 से मनरेगा में मजदूरी कर रहा है। जॉब कार्ड बनने के साथ ही भुगतान भी हो रहा है। जबकि दस्तावेज में जन्मतिथि फरवरी 2010 है।

बिस्तर पर केंचुल रखकर गायब हुई लड़की

■ **NBT न्यूज, गोंडा:** मनरेगा में सोमवार को बिस्तर पर सांप की केंचुल रखकर एक युवती घर से फरार हो गई थी। छानबीन में पता चला कि युवती ने पूरी स्क्रिप्ट तीन महीने पहले से रच रखी थी। मंदिर से शेषनाग की मूर्ति लाई और परिजनों को बताती थी कि सांप सपने में आता है। पता चला है कि परिजनों युवती की शादी कराना चाहते थे लेकिन वह तैयार नहीं थी। इसके चलते पूरी कहानी रची। इसके बाद परिवार को गुमराह करने के लिए बिस्तर पर सांप की केंचुल रख दी। वहीं, पिता ने बेटी को भगाने का आरोप लगाया है। पुलिस की तीन टीमें तलाश में जुटी है। बताया जा रहा है कि युवती अक्सर मां के मोबाइल से एक युवक से बात करती थी।

लेनदेन के विवाद में युवक की हत्या

■ **NBT न्यूज, वाराणसी:** आदमपुर के कोनिया से एक पखवाड़े पहले लापता रिक्शा चालक सनी सेनकर (25) की हत्या के बाद शव गंगा में फेंक दिया गया था। पुलिस ने सनी के दोस्त अभिषेक चौहान, संतोष कुमार और वीरू गुप्ता को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने लेनदेन के विवाद में हत्या की बात कबूलते हुए बताया कि शव गंगा नदी में फेंक दिया था। पुलिस शव की तलाश कर रही है।

बलिया में युवक को गोली मारी, हालत गंभीर: हल्दी में सोमवार आधी रात बाद बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी। गोली लगने से घायल मरवौल निवासी आयुष सिंह का बीएचयू में इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

भदोही में दो भाइयों को मारी गोली, एक की मौत: बनपुरवा जंगल गांव में मंगलवार को दो सगे भाइयों को गोली मार दी गई। इसमें बड़े भाई आशीष यादव की मौत हो गई, जबकि छोटा अखिलेश गंभीर रूप से घायल हो गया। दो अन्य लोग भी गोली लगने से घायल हुए हैं। दोनों भाई परिवार के अन्य लोगों के साथ पट्टे की जमीन की घेरेबंदी करने गया था तभी कुछ लोगों ने हमला हो गया। पुलिस केस दर्ज करने के साथ ही कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

ASP सहित अन्य पर FIR के आदेश पर HC की रोक

संभल हिंसा मामला

■ **NBT रिपोर्ट, प्रयागराज:** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यूपी सरकार और संभल के अपर पुलिस अधीक्षक अनुज चौधरी की तरफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए संभल हिंसा मामले में पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश पर रोक लगा दी है। संभल हिंसा मामले को लेकर पुलिसकर्मियों के खिलाफ वहां के सीजेएम ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। जिसके खिलाफ दाखिल अनुज चौधरी और सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल ने पारित किया है।

इन याचिकाओं में संभल के मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट द्वारा एसपी चौधरी एवं अन्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश को विभिन्न आधारों पर चुनौती दी गई है। यह आदेश नवंबर 2024 की संभल हिंसा से संबंधित है। एफआईआर का आदेश सीजेएम विभांशु सुधीर द्वारा चामीन नामक व्यक्ति की अर्जी पर पारित किया गया है। चामीन संभल हिंसा में घायल युवक का पिता है और उसने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारियों ने उसके बेटे को जान से मारने की नीयत से गोली चलाई थी।

पूर्व IPS के खिलाफ आपराधिक केस प्रक्रिया पर रोक

प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मोहब्बत के एसपी रहे पूर्व आईपीएस अधिकारी मंगलाल पाटीदार के खिलाफ चल रहे आपराधिक केसों की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने विपक्षी पार्टियों को नोटिस जारी करने के साथ ही याचिका पर जवाब के लिए 2 सप्ताह का समय दिया है। हाईकोर्ट याचिका पर 8 सप्ताह बाद फिर से सुनवाई करेगी। याचिका में महोबा की नगर कोतवाली में दर्ज मुकदमे और समेशन जज इलाहाबाद निवारण अधिनियम कोर्ट लखनऊ द्वारा वापसी को तलब करने के 8 अगस्त 2023 के आदेश को चुनौती दी गई है। कहा गया है कि 22 जुलाई 2021 को दर्ज मुकदमा झूठे और मनगढ़ंत आरोपों पर है। हाई कोर्ट ने मामले को विचारणीय पाते हुए पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब तलब करते हुए अगले आदेशों तक जारी केस की आपराधिक प्रक्रिया पर रोक लग दी है।

अमेठी में दरोगा, मीरजापुर में लेखपाल रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** इलाहाबाद निवारण संगठन की दो टीमों ने मंगलवार को अलग-अलग जिलों में दो सरकारी कर्मचारियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। अयोध्या की टीम ने अमेठी से एक दरोगा सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया। जबकि, मीरजापुर में लेखपाल को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते टीम ने दबोच लिया।

AI Image

इलाहाबाद निवारण संगठन की अयोध्या इकाई को अंकुर सिंह ने अमेठी के इन्टौन थाने पर तैनात दरोगा राजेश चंद्र पाल पर आरोप पत्र लगाने के लिए 15 हजार रुपये रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। दरोगा राजेश चंद्र पाल को लवदेव के साथ थाने के बाहर से रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोचा। इसे तरह मीरजापुर की टीम ने भटपुरवा थाना डूम

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG9 User: cci Time: 02-10-2026 23:30 Color:

पाकिस्तान टीरे से हमें काफी सीख मिली। कुछ युवा खिलाड़ियों को शायद अपने करियर में पहली बार उन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। हम सबक सीखकर और आगे बढ़ते हैं। - मिचेल मार्श, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान

319

रन बनाए थे विराट कोहली ने साल 2014 में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप में। यह एक वर्ल्ड कप में किसी प्लेयर द्वारा सर्वाधिक रन का रेकॉर्ड है

वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. बास डी लीडे किस देश के क्रिकेटर हैं? A) नीदरलैंड्स B) नामीबिया C) ऑस्ट्रेलिया D) अमेरिका
2. टी20 वर्ल्ड कप 2026 में ऑस्ट्रेलिया का पहला मैच किस देश से है? A) जिंबाब्वे B) ओमान C) आयरलैंड D) श्रीलंका

कल के जवाब
1. D) दिल्ली 2. D) 2024

लकी WINNERS

1 वीरेंद्र बंधु, हरि नगर, दिल्ली

2 बलबीर सिंह, गाजियाबाद, यूपी

3 रमा विनोद पाटनी, मुंबई

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

ऐवरान में लौटे बुमरा
■ नई दिल्ली: भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा पेट की समस्या से उबर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को टीम के प्रैक्टिस सेशन में भाग नहीं लिया। उनकी उपलब्धता पर संकट के बादल हैं, तो वहीं जॉशिमटन सुंदर का टीम से जुड़ना राहत की बात है। इस बीच जसप्रीत बुमरा पूरी तरह फिट नजर आए। उन्होंने प्रैक्टिस के दौरान पूरी रफ्तार से बोलिंग की।

हसारंगा टूर्नामेंट से बाहर
■ नई दिल्ली: श्रीलंका को बड़ा झटका लगा है। उसके दिग्गज स्पिनर वानिंदु हसारंगा चोट की वजह से टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। हसरंगा को सड़े को आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग इजरी हो गई थी। स्कैन में उन्हें गंभीर चोट का पता चला।

सिद्धार्थ ने किया उलटफेर
■ चेन्नै: चेन्नै ओपन एटीपी चैलेंजर में मंगलवार को दिन भारतीय खिलाड़ियों के नाम रहा। सुमित नागल और मुकुंद शशिकुमार ने दूसरे राउंड में एंट्री ली। नागल ने ब्रिटेन के फेलिक्स मिल को 1-6, 6-1, 6-3 से हराया, जबकि मुकुंद ने नितिन कुमार सिन्हा को 7-5, 6-3 से मात दी। सिद्धार्थ रावत ने उटलफेर करते हुए रियो नोगुची को 2-6, 6-3, 6-2 से हरा दिया।

दर्शकों की संख्या बढ़ी
■ नई दिल्ली: आईसीसी ने बताया है कि 2026 टी20 वर्ल्ड कप के पहले छह मैच के बाद पिछले एडिशन की तुलना में उनके डिजिटल मंच पर विडियो व्यूज में 53% की बढ़ोतरी हुई है।

जीत में साहिबजादा और शादाब ने किया चमकदार प्रदर्शन

अमेरिका दोहरा नहीं सका कमाल, पाक ने बाज़ी मारी

पाकिस्तान Vs अमेरिका

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली/कोलंबो: पिछले टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को हराकर क्रिकेट की दुनिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाली अमेरिका की क्रिकेट टीम इस टी20 वर्ल्ड कप अपने कारनामे को दोहरा नहीं सकी। उसे पाकिस्तान के हाथों 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। भारत के खिलाफ पिछले मैच में चार विकेट चटकाने वाले शैडली वैन शाल्कविक (4/25) ने मंगलवार को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ भी शानदार स्पेल डालते हुए चार विकेट चटकाए। हालांकि दूसरे छोर से उन्हें खास सपोर्ट नहीं मिला और पाकिस्तान ने साहिबजादा फरहान (73 रन, 41 बॉल, 6 फोर, 5 सिक्स) की दमदार बैटिंग की बदौलत नौ विकेट पर 190 रन का मजबूत टोटल खड़ा कर दिया। अमेरिका की तरफ से शुभम रंजने (51) और शयान जहांगीर (49) ने लड़ाई लड़ी लेकिन टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 158 रन ही बना सकी।

पाकिस्तान की लगातार दूसरी जीत में फरहान के अलावा बाबर आजम (32 गेंद पर 46 रन) का भी अहम रोल रहा। हालांकि पारी को 'आखिरी किक' शादाब खान की पारी से मिली जिन्होंने सिर्फ 12 गेंदों पर 30 रन ठोके और फिर 26 रन देकर दो विकेट चटकाकर अमेरिकी पारी को तगड़ा झटका दिया।

इससे पहले अमेरिका ने टॉस जीतने के बाद पहले बोलिंग का फैसला किया। सौरभ नेत्रवलकर ने अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने पाकिस्तानी ओपनर साइम अयूब को पांच डॉट गेंदें डालीं। इस बीच एक सिक्स भी खाया। अयूब के खिलाफ बेहद करीबी एलबीडब्ल्यू अपील में बैटर किस्मत से बचे। दूसरे ओवर में एहसान आदिल तीन फोर जड़कर फरहान ने आत्मविश्वास पैदा किया। दूसरा ओवर करने आए नेत्रवलकर पर दोनों ओपनर ने एक-एक सिक्स लगाया। अचानक अटैकिंग मोड में आए पाकिस्तानी बैटर्स पर कंट्रोल करने के लिए कप्तान ने पिछले मैच के हीरो शाल्कविक को गेंद थमाई। शाल्कविक ने पहले रनों की रफ्तार पर लगाम कसी और फिर पावरप्ले के अंतिम ओवर की पहली और अंतिम गेंद पर विकेट निकालकर पाकिस्तानी टीम को दोहरा झटका दिया।

टी20 वर्ल्ड कप 2026

5 सिक्स मारे पाकिस्तान ने इनिंग के शुरुआती पांच ओवर्स में। यह टी20I इतिहास में पाकिस्तान का जॉइंट हाईएस्ट सिक्स है

स्कोरकार्ड

पाकिस्तान: साइम अयूब कॉ नेत्रवलकर बो शाल्कविक 19, साहिबजादा फरहान कॉ कृष्णमूर्ति बो हरमीत 73, सलमान आगा कॉ जहांगीर बो शाल्कविक 1, बाबर आजम कॉ मिलिंद बो मोहसिन 46, मोहम्मद नवाज कॉ जहांगीर बो नेत्रवलकर 5, शादाब खान कॉ गौस बो शाल्कविक 30, फहीम अशरफ कॉ नेत्रवलकर बो शाल्कविक 1, उस्मान खान रन आउट 0, शाहीन शाह अफरीदी नॉट आउट 9, अकार अहमद रन आउट 0 **एक्स्ट्रा:** 6 **टोटल:** 20 ओवर्स में नौ विकेट पर 190 रन **विकेट:** 1-54, 2-56, 3-137, 4-143, 5-177, 6-179, 7-179, 8-182, 9-190 **बोलिंग:** सौरभ नेत्रवलकर 4-0-40-1, एहसान आदिल 3-0-39-0, शैडली वैन शाल्कविक 4-0-25-4, मिलिंद कुमार 1-0-16-0, मोहम्मद मोहसिन 4-0-27-1, हरमीत सिंह 4-0-41-1

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

सुधरा बाबर का स्ट्राइक रेट

इस मैच से पहले टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में कम से कम 500 रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में सबसे खराब स्ट्राइक रेट का रेकॉर्ड बाबर आजम के नाम था। बाबर ने इस मैच से पहले 110.4 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। लेकिन यहां आउट होने से पहले तेज पारी खेलकर वह सबसे खराब स्ट्राइक रेट की लिस्ट में पहले से सीधे तीसरे पर खिसक गए। फिलहाल पाकिस्तान के ही पूर्व प्लेयर मोहम्मद हफीज 111.8 के स्ट्राइक रेट के साथ पहले पर हैं। श्रीलंका के कुमार संगाकारा (112.2) दूसरे और बाबर (112.3) तीसरे पर हैं।

बाद में होगा 'रियायतों' का खुलासा

■ एजेंसियां, कराची/ नई दिल्ली: इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मैच के बॉयकॉट को खत्म करने के बदले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) को कुछ रियायतें देने का आश्वासन दिया है, लेकिन इन्हें टूर्नामेंट खत्म होने के बाद ही सार्वजनिक किया जाएगा। यह जानकारी मंगलवार को एक सूत्र ने दी।

अनुरा की भी भूमिका: PCB के एक सूत्र ने PTI से कहा, 'बॉयकॉट खत्म करने पर ICC से PCB को जो भी रियायतें मिली हैं, उन्हें टी20 वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद ही सार्वजनिक किया जाएगा।' ICC पहले ही यह घोषणा कर चुकी है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) पर कोई बैन नहीं लगाया जाएगा और उसे 2028-2031 चक्र में एक ICC टूर्नामेंट (संभावित रूप से अंडर-19 मेंस वर्ल्ड कप) की मेजबानी भी दी जाएगी। एक अन्य सूत्र ने बताया कि श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के फोन ने बॉयकॉट खत्म कराने में बड़ी भूमिका निभाई। इसके अलावा सरकार और प्रतिष्ठान के कुछ शीर्ष लोगों की बातचीत भी अहम रही। अगर वर्ल्ड कप के बाद के चरणों में भारत और पाकिस्तान की फिर से भिड़ंत होती है तो ये उस मुकाबले को खेल सकते हैं, इसकी भी मंजूरी दी गई। एक अन्य सूत्र ने बताया कि पीएम शहबाज शरीफ PCB के संरक्षक भी हैं। उन्हें इस बात की जानकारी दी गई थी कि अगर सरकार भारत के खिलाफ नहीं खेलने की अधिसूचना जारी करती है तो पाकिस्तान को क्या हासिल हो सकता है।

बॉयकॉट विवाद पर विराम

पाकिस्तान के यूटर्न की संभावना पहले से ही थी। पाकिस्तान अगर भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलता तो उन्हें आर्थिक नुकसान होता। ICC भी उनके खिलाफ सख्त फैसले लेती और भविष्य में उनके लिए मुश्किलें खड़ी होतीं। ऐसे में भारत के साथ मैच खेलने का फैसला उन्होंने अपने हित में लिया है।
- मदन लाल, पूर्व क्रिकेटर, भारत

शुक्ला ने जताया आभार: भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने ICC की तारीफ करते हुए कहा कि उसने 'बहुत अच्छा समाधान निकाला' जिसके कारण पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट वापस ले लिया। शुक्ला ने कहा, 'मैं BCCI की तरफ से ICC अध्यक्ष (जय शाह) और उसके पदाधिकारियों का बहुत अच्छा समाधान निकालने के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं। PCB और BCB के साथ चर्चा के बाद और सभी पक्षों की बात सुनने के बाद यह निर्णय लिया गया है। यह फैसला क्रिकेट के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। क्रिकेट जारी रहना चाहिए और अब वर्ल्ड कप को बड़ी सफलता मिलेगी। अंत में क्रिकेट सभी के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इंटरनैशनल क्रिकेट सभी के लिए महत्वपूर्ण है।' श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने PCB को भारत के खिलाफ कोलंबो में होने वाले मैच का बॉयकॉट वापस लेने का निर्देश देने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

पाक को मिल सकता है फायदा: डेसखाटा



रयान टेन डेसखाटा

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: असिस्टेंट कोच रयान टेन डेसखाटा ने कहा कि भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप के लीग मैच में पाकिस्तान का सामना करने के लिए मानसिक रूप से पहले ही तैयार थी। वैसे उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पाकिस्तान को कोलंबो में पहले से रहने का एक 'लॉजिस्टिक' लाभ मिल सकता है। रयान टेन ने कहा, 'यह चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि पाकिस्तान पिछले दो हफ्ते से कोलंबो में है और हम पूरी तरह से अगले हफ्ते उस मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।' रयान टेन ने कहा कि भारतीय ड्रेसिंग रूम ने कभी भी मैदान से बाहर की घटनाओं को अपनी तैयारी पर असर डालने नहीं दिया। उन्होंने बताया, 'हमने इस स्थिति को स्वीकार लिया था और जब तक हम वहां पहुंचते और वे मैदान में उपस्थित नहीं होते, तब तक हम यही मान कर चल रहे थे कि हम मैच खेलेंगे।'

भारतीय कोच की राय

SUNIL KATARIA

लीडे के ऑलराउंड शो से नीदरलैंड्स जीता

72* रन की पारी लीडे की टी20I करियर की तीसरी बेस्ट है

14 वें प्लेयर बने लीडे टी20 वर्ल्ड कप के एक मैच में 50+ रन और 2+ विकेट का डबल पूरा करने वाले

Abhishek.upadhyay1
@Timesofindia.com

नीदरलैंड्स Vs नामीबिया
टी20 वर्ल्ड कप

11 मुकाबले जीत लिए हैं नीदरलैंड्स ने टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में। इस टूर्नामेंट में सबसे सफल असोसिएट देश है

■ नई दिल्ली: बास डी लीडे ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मंगलवार को हुए टी20 वर्ल्ड कप के मैच में नामीबिया के खिलाफ नीदरलैंड्स को सात विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने नामीबियाई पारी के दौरान अपने तीन ओवर के स्पेल में दो विकेट लिए और उसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए 72 रन की नाबाद पारी खेली। इस प्रदर्शन के दम पर उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' भी चुना गया। बास ने एक तरह से अपने पिता की क्रिकेट विरासत को आगे बढ़ाने का काम किया है। बास के पिता टिम डी लीडे ने 2003 के वनडे वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ 35 रन देकर चार विकेट लिए थे।

यह तकरीबन दो दशक तक किसी उच्च प्लेयर की वनडे वर्ल्ड कप में बेस्ट बोलिंग थी। यह रेकॉर्ड पॉल वान मीकेरेन ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ 23 रन पर चार विकेट लेकर तोड़ा। नीदरलैंड्स की यह मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत है।

नहीं करनी दिया अटैक: टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया को तीसरे ओवर में ही पहला झटका लग गया, जब आर्यन दत्त ने लॉरेन स्टीनकैंप (6) को आउट किया। इसके बाद यान फ्राइलिंक (30) और वान निकोल-ब्रॉन (42) ने 42 गेंद में 50 रन जोड़कर पारी संभाली, लेकिन लोगान वान बीक (2/13) ने फ्राइलिंक को चलता किया। कप्तान गेरहार्ड इरास्मस (18, 9 गेंद) ने आक्रामक रुख अपनाया, पर लीडे ने उनका अहम विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया। इसके बाद नामीबिया की पारी लड़खड़ा गई और टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 156 रन ही बना सकी।

लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड्स ने 46 रन तक दोनों ओपनरों को गंवा दिया। 10वें ओवर में कॉलिन एकरमैन (32) का कैच छूटना नामीबिया को भारी पड़ा। वहीं से लीडे ने पहले एकरमैन के साथ 70 और फिर कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (18*) के साथ नाबाद 43 रन जोड़कर जीत सुनिश्चित की। लीडे ने 48 गेंद में पांच चौके और चार छक्के लगाए।

'नहीं ली कोई टिप्स': मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने पिता और उनके द्वारा दी कोई टिप पर किए गए सवाल पर लीडे ने कहा, 'मैंने कोई बात नहीं की। हालांकि, वर्ल्ड कप 2023 से पहले मैंने उनसे बात की थी। हमारी बात भारत और उसकी कंडीशन पर हुई थी। वह एक ऐसे समय में खेलते थे, जब टी20 क्रिकेट का क्रत्वा बढ़ा नहीं था।'

ब्रीफ स्कोर

नामीबिया: 20 ओवर्स में 8 विकेट पर 156 रन (लॉफ्टी-ड्रटॉन 42, यान फ्राइलिंक 30, लोगान वान बीक 2/13, बास डी लीडे 2/20)

नीदरलैंड्स: 18 ओवर्स में 3 विकेट पर 159 रन (बास डी लीडे 72*, कॉलिन अकैरमैन 32, बरनार्ड स्कोल्ट्ज 1/27, रुबेन ट्रम्पलमैन 1/30)

सा. अफ्रीका से अफगानों का 'नॉकआउट' मैच

■ एजेंसियां, अहमदाबाद: पिछले वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले अफगानिस्तान की टीम पर इस बार ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो जाने का खतरा मंडराने लगा है। पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड से मिली हार के बाद आज साउथ अफ्रीका के खिलाफ उनका मैच लगभग 'करो या मरो' जैसा बन गया है। अगर वे यह मैच हारते हैं, तो कनाडा और यूएई के खिलाफ जीत भी शायद सुपर-8 स्टेज में पहुंचने के लिए पर्याप्त न हो क्योंकि प्रत्येक ग्रुप से केवल दो टीमें ही सुपर-8 में पहुंचेंगी। कनाडा पर 57 रन की जीत ने न सिर्फ उसे दो अंक मिले बल्कि इसने उसके नेट रन रेट को 2.850 तक पहुंचा दिया है। दूसरी ओर न्यूजीलैंड (1.162) से पांच विकेट से हारने के कारण अफगानिस्तान -1.162 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। उसे अगले दौर में पहुंचने की अपनी उम्मीद को बरकरार रखने के लिए न केवल मैच जीतना होगा बल्कि अपना नेट रन रेट भी सुधारना होगा।

'ग्रुप ऑफ डेथ' बन गया: इस तरह की परिस्थितियों में साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। अफगानिस्तान की टीम कभी हार नहीं मानने का जज्बा रखती है और साउथ अफ्रीका इससे अच्छी तरह से वाकिफ होगा। साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान जैसी टीमों की मौजूदगी के कारण यह 'ग्रुप ऑफ डेथ' बन गया है। अफगानिस्तान के लिए यह मुकाबला आसान नहीं होगा। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अब तक तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और तीनों में हार झेली है। पिछली हार पिछले वर्ल्ड कप में मिली थी जब साउथ अफ्रीकी बोलर्स ने उन्हें सिर्फ 56 रन पर समेट दिया था।

अफगानिस्तान Vs सा. अफ्रीका
अहमदाबाद

3 विकेट दूर है अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान टी20 क्रिकेट में 700 विकेट के मार्क से

आमना-सामना (कुल टी20I: 3)
3 सा. अफ्रीका **0** अफगानिस्तान

संभावित प्लेइंग XI
साउथ अफ्रीका: एडेन मार्कराम (कप्तान), रिकॉल डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को यानसेन, कॉर्बिन बॉश, कागिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनिडी
अफगानिस्तान: रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, गुलबदीन नायब, सेदिकुल्लाह अटल, दारविश रसूली, अजमतुल्लाह ओमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान (कप्तान), मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी

टेलिकास्ट
सुबह 11:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दे सकता है वेस्टइंडीज

■ एजेंसियां, मुंबई: नेपाल के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-सी के अपने पहले ही मैच में बमुश्किल 'लटफेर से बचने वाली इंग्लैंड की टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को वहां होने वाले एक अहम और बराबरी के मुकाबले में अधिक आत्मविश्वास के साथ उतरना होगा। दोनों टीमें अतीत में दो बार यह प्रतियोगिता जीत चुकी हैं और मौजूदा चैंपियन भारत की तरह तीसरी बार खिताब जीतने की कोशिश में हैं। हैरी ब्रुक की अगुआई वाली टीम को सतर्क रहने की जरूरत होगी। इंग्लैंड ग्रुप-सी में अपनी स्थिति सुधारने के लिए भी उत्सुक होगा क्योंकि जीत के बावजूद वह 0.200 नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। वेस्टइंडीज के भी दो अंक हैं और उसका नेट रन रेट 1.750 है।

इंग्लैंड Vs वेस्टइंडीज
मुंबई

इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक

टेलिकास्ट *शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर*

टिम-फिन ने दिलाई 10 विकेट से जीत

■ एजेंसियां, चेन्नै: शानदार फॉर्म में चल रहे टिम सीफर्ट (89* रन) के अलावा फिन एलेन (84* रन) की आक्रामक पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने टी20 वर्ल्ड कप मैच में मंगलवार को 28 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। यूएई को छह विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने महज 15.2 ओवर्स में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। टिम-फिन के बीच पहले विकेट के लिए 92 गेंद में 175 रन की रेकॉर्ड साझेदारी हुई। न्यूजीलैंड की यह लगातार दूसरी जीत है। टीम ने इससे पहले अफगानिस्तान को हराया था।

सबसे बड़ी पार्टनरशिप: 'प्लेयर ऑफ द मैच' सीफर्ट ने 42 गेंद की पारी में 12 फोर और 3 सिक्स लगाए। एलेन ने 50 बॉल की इनिंग्स में 5 फोर और इतने ही सिक्स जड़े। इसके साथ एलेन ने टी20 इंटरनैशनल में अपने 100 सिक्स भी पूरे किए। इस जोड़ी ने यूएई के बोलर्स को कोई मौका नहीं दिया। दोनों की 175 रन की साझेदारी टी20 वर्ल्ड कप में किसी भी विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। इससे पहले, कप्तान मो. वसीम (66* रन) और अलीशान शराफू (55 रन) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी से यूएई ने छह विकेट पर 173 रन बनाए।

ब्रीफ स्कोर

यूएई: 20 ओवर्स में 6 विकेट पर 173 रन (वसीम 66*, शराफू 55, हेनरी 2/37, ग्रकी 1/16)
न्यूजीलैंड: 15.2 ओवर्स में 175/0 (सीफर्ट 89*, एलेन 84*)

प्लेयर ऑफ द मैच टिम सीफर्ट

ऑस्ट्रेलिया का अभियान आज से

■ एजेंसियां, कोलंबो: हालिया खराब नतीजों और तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों की गैरमौजूदगी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप के अपने पहले मुकाबले में जीत का प्रबल दावेदार रहेगा। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड चोट के कारण बाहर हैं, जबकि मिचेल स्टार्क इस फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में नाथन एलिस चोट से उबरकर तेज आक्रमण की अगुआई कर सकते हैं, जबकि उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में अनुभवी लेग स्पिनर एडम जांपा की भूमिका अहम होगी। कूपर कोनोली और बैट कुहनेमैन के साथ जांपा स्पिन विभाग को मजबूती देंगे। बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड, कप्तान मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन, जोश इंग्लिस और मार्कस स्टोइनिस किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को चुनौती देने में सक्षम हैं। दूसरी ओर पॉल स्टर्लिंग की कप्तानी में आयरलैंड को अपने पहले मैच में श्रीलंका से हार मिली थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के लिए उसे हर विभाग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

SOCIAL MEDIA

ऑस्ट्रेलिया Vs आयरलैंड
कोलंबो

नाथन एलिस

टेलिकास्ट *दोपहर 3 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर।*

भारत अपने पहले मैच में बेल्जियम से टकराएगा

■ एजेंसियां, राउरकेला: भारतीय मेंस हॉकी टीम बुधवार से यहां बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले FIH प्रो-लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। पिछली बार भारतीय टीम आठवें स्थान पर रही थी। भारत बुधवार को मजबूत बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद गुरुवार को उसका अर्जेंटीना से मुकाबला होगा। भारतीय टीम शनिवार को एक बार फिर बेल्जियम का सामना करेगी और रविवार को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगी।

अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के संतुलित मिश्रण वाली भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली दो टीमों के खिलाफ परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश करेगी। भारत ने प्रो लीग में अभी तक अपना अभियान शुरू नहीं किया है, जबकि अर्जेंटीना और बेल्जियम दोनों ही मैच की शानदार शुरुआत के बाद राउरकेला पहुंचे हैं।

FIH प्रो-लीग
भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह

बंगाल ने भी बनाई अंतिम-4 में जगह

■ एजेंसियां, कल्याणी: सुदीप कुमार घरामी की 299 रन की पारी से पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा करने वाले बंगाल ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में आंध्र को इनिंग्स और 90 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। आंध्र की पहली पारी 295 रन पर सिमटने के बाद बंगाल ने 629 रन बनाकर 334 रन की बढ़त हासिल की। आंध्र दूसरी पारी में 244 रन ही बना सका। सुदीप को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। बंगाल 15 फरवरी को सेमीफाइनल में जम्मू-कश्मीर से खेलेगा, जबकि कर्नाटक की टीम उत्तराखंड से भिड़ेगी।

रणजी का रण

शाहबाज ने लिए 4 विकेट

आकृति ने जीता सिल्वर, अंजुम को ब्रॉन्ज मेडल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत की आकृति दहिया और अंजुम मौदगिल ने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में विमेंस 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन (3पी) इवेंट में क्रमशः सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। कजाकिस्तान की सोफिया शुलद्रेको ने 35 शॉट्स के फाइनल में 358.2 अंक जुटाकर वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड जीता। जूनियर विमेंस 3पी इवेंट में भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 अंक के साथ गोल्ड जीता। कजाकिस्तान की टोमिरिस अमानोवा को सिल्वर और भारत की अनुष्का ठाकुर को ब्रॉन्ज मिला। टीम इवेंट में प्राची, अनुष्का और हेजल की तिकड़ी ने गोल्ड जीता। मेंस 25 मीटर पैपिड फायर पिस्टल में आदर्श सिंह टॉप पर रहे।

एशियन शूटिंग चैंपियनशिप

आकृति (बाएं) और अंजुम

'वॉकी-टॉकी' के पक्ष में है बटलर

■ एजेंसियां, मुंबई: इंग्लैंड के बैटर जोस बटलर ने कहा कि मैदान पर खिलाड़ियों तक संदेश पहुंचाने के मामले में क्रिकेट अन्य खेलों की तुलना में अभी पीछे है। वह बयान उन्होंने उस घटना के बाद दिया, जब इंग्लैंड के हेड कोच ब्रैंडन मैकुलम को नेपाल के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मैच के दौरान 'हिंट्स ब्रेक' में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक से वॉकी-टॉकी के जरिए बात करते हुए देखा गया। बटलर ने कहा, 'अन्य खेलों, जैसे रग्बी में मैनेजर और कोच लगातार संदेश भेजते रहते हैं। आने वाले समय में शायद क्रिकेट में भी यह और बढ़े।'

जोस बटलर

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG10 User: cci Time: 02-11-2026 00:04 Color:

NBT AI टाइम मशीन

आज तिलका मांझी का जन्मदिन

आज ही के दिन 1750 में बिहार के सुल्तानगंज में भारत के पहले स्वतंत्रता सेनानी तिलका मांझी का जन्म हुआ था। उन्होंने अंग्रेजी शासन के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ी। संथालों के प्रसिद्ध संथाल विद्रोह का नेतृत्व भी मांझी ने किया था। 1770 में जब भीषण अकाल पड़ा तो उन्होंने अंग्रेजी शासन का खजाना लूटकर गरीबों में बांट दिया। 13 जनवरी 1785 में इस महान स्वतंत्रता सेनानी को अंग्रेजों ने फांसी पर चढ़ा दिया था।

NBT

Front Page-2

देश के नायकों से संवाद करेंगे लोग

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में तिलका मांझी जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि डिजिटल अनुभव, वर्चुअल रिसेलिटी और लोक-स्मृतियों के माध्यम से जीवित रहेगी। उन्हें सिर्फ आदिवासी नायक नहीं, बल्कि सत्ता, जमीन और समुदाय के रिश्तों को चुनौती देने वाले विचारक के रूप में देखा जाएगा। भविष्य में ऐतिहासिक स्मारक स्थलों पर लोग ऐसे नायकों से डिजिटली संवाद भी कर सकेंगे।



कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)। बुधवार, 11 फरवरी 2026 > पेज 10

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. बांग्लादेश पर अमेरिका ने टैरिफ घटाकर कितने % कर दिया है?
A. 18% B. 19% C. 20%

2. विपक्षी दलों ने स्पीकर ओम बिरला को हटाने का नोटिस इनमें से किसे सौंपा है?
A. राष्ट्रपति B. लोकसभा महासचिव C. प्रधानमंत्री

3. बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी यानी BNP के प्रमुख कौन हैं?
A. तारिक रहमान B. शफीकुर रहमान C. मोहम्मद यूनुस

4. मैक्रों अगले हफ्ते भारत दौरे पर है। वह फ्रांस में किस पद पर है ?
A. प्रधानमंत्री B. चांसलर C. राष्ट्रपति

5. एंथ्रोपिक इनमें से किस सेक्टर की कंपनी है?
A. आर्टिफिशल इंटेलिजेंस B. रियल एस्टेट C. टिकिस सेक्टर

कल के जवाब

A1 C. भारत A2 B. मॉस्को मार्केटर
A3 B. सिल्वर A4 A. तमिलनाडु
A5 B. इलॉन मस्क

लकी विनर्स

1. आशिया वाजपेयी, नई दिल्ली
2. संदीप कुमार, लोनी, गाजियाबाद
3. कृष्ण कुमार शर्मा, फरीदाबाद

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

वाइट हाउस से जारी फैक्ट शीट में कई नई बातें, जो साझा बयान में नहीं

रूसी तेल Out, दालें In... अमेरिकी डील में पहली बार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : भारत-अमेरिका कारोबारी समझौते से जुड़ी घोषणाओं पर अभी कई ऐसे पहलू हैं, जिन पर पूरी स्पष्टता नहीं आ पाई है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति के दफ्तर वाइट हाउस से सोमवार को जारी फैक्टशीट ने इस उलझन को और बढ़ा दिया है। इसमें तीन ऐसे उल्लेख हैं जिनका जिक्र 6 फरवरी को अमेरिका से जारी साझा बयान में नहीं था। इसमें सबसे अहम रूसी तेल खरीद रोकने पर भारत की प्रतिबद्धता को अमेरिका के सरकारी बयान का हिस्सा बनाना है। पहली बार अमेरिकी चीजों से भारत में टैरिफ घटाने/खत्म करने वाली लिस्ट में 'कुछ दालों' को शामिल किया गया है। साथ ही, अमेरिका से 500 अरब डॉलर की संभावित खरीद में वहां के एग्रो प्रोडक्ट्स को भी शामिल किया गया है।

अमेरिका ने इस फैक्ट शीट को 'द यूनाइटेड स्टेट्स एंड इंडिया अनरस्ट्रेस्टेड ट्रेड डील' नाम से जारी किया है। इसमें कहा गया कि भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील के प्रेम्बर्ल पर सहमति बनी है। आने वाले हफ्तों में दोनों देश इस करार को आखिरी रूप देने की दिशा में काम करेंगे। फैक्टशीट में रूसी तेल खरीद पर रोक के मामले में भारत की प्रतिबद्धता को लिखित बयान का हिस्सा बनाया गया है। इसमें लिखा है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी के साथ फोन कॉल में ही भारतीय उत्पादों पर 25% अतिरिक्त टैरिफ हटाने पर सहमति जताई थी। ऐसा रूसी तेल खरीद पर रोक की भारत की प्रतिबद्धता को देखते हुए किया गया।

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की रिसेप्शन पार्टी में वर्कर्स कॉन्सिटर पीयूष गोयल ने कल कि साझेदारी नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी।

भारत क्यों है सतर्क?

जब तक ट्रेड डील अंतिम परिणति तक नहीं पहुंचेगी भारत सतर्क मोड में रहेगा। साझा घोषणापत्र की बातों के अलावा अमेरिका की अन्य किसी भी बात पर बोलने से वह बच रहा है। तर्क यही कि अंतिम ड्राफ्ट से पहले अधिक प्रतिक्रिया दिखाने से सरकार क्षमता प्रभावित हो सकती है। रणनीति यही कि डील के हित न तो आहत दिखे, न उपेक्षा करता दिखे, इसीलिए अमेरिकी फैक्टशीट पर कुछ कहने से भारत ने परहेज किया।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

500 अरब डॉलर खरीद में भी एग्रो...

भारत की ओर से अमेरिका से 500 अरब डॉलर की संभावित खरीद में अमेरिकी कृषि उत्पादों को भी शामिल किया गया है। अभी तक ऐसी खरीद में कृषि उत्पादों का उल्लेख नहीं था। ताजा फैक्ट शीट में कहा गया कि भारत ज्यादा अमेरिकी उत्पाद खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें एनर्जी, इन्फ्रामेशन, कम्युनिकेशन तकनीक, कृषि, कोयला और अन्य प्रोडक्ट शामिल हैं।

डिजिटल सेवा कर हटाएगा भारत

फैक्टशीट में कहा गया, भारत साझा ट्रेड पर असर डालने वाली गैर-टैरिफ बाधाएं दूर करेगा और डिजिटल सेवा करों को हटाएगा। यह डिजीटल डिटिजल व्यापार पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे डिजिटल व्यापार में बाधाओं को दूर करने में मदद मिलेगी। इसमें इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन कस्टम ड्यूटी पर रोक लगाने वाले नियम भी शामिल हैं।

भारतीय गारमेंट इंडस्ट्री पर क्यों भारी पड़ेगा बांग्लादेश?

कपड़ों पर बांग्लादेश को इसलिए बढ़त

0% टैरिफ अमेरिकी मटीरियल से बने बांग्लादेशी गारमेंट्स पर ही लगेगा अब

20% टैरिफ था पहले बांग्लादेशी गारमेंट्स पर, 18% से घटाकर में था भारत

20 करोड़ डॉलर का अमेरिकी कपास लेता है भारत, 25 करोड़ डॉलर का बांग्लादेश

118 अरब डॉलर का अमेरिकी गारमेंट्स का मार्केट

■ पीटीआई, ढाका (बांग्लादेश) : भारत के बाद अमेरिका ने अब बांग्लादेश से भी ट्रेड डील कर ली है। इसके तहत बांग्लादेश वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ पहले के 20% से घटकर अब 19% रह गया है। वाइट हाउस ने कहा, बांग्लादेश के ऐसे उत्पादों की पहचान भी की जाएगी, जिन पर शून्य टैरिफ लगेगा। बांग्लादेश के कॉमर्स सेक्रेटरी मशकुर रहमान ने कहा कि अमेरिका से ईंटर कपास और सिंथेटिक फाइबर (कृत्रिम रेशों) से बने बांग्लादेशी रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी) को इस समझौते के तहत शून्य टैरिफ देना होगा। बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुख्य मोहम्मद यूनुस ने कहा कि इससे हमारे गारमेंट सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा।

US में भारत की तुलना में बांग्लादेशी कपड़े काफी सस्ते पड़ेंगे

जानकार इसे भारत के लिए झटका मान रहे हैं। उनका कहना है कि अमेरिकी कपास (मटीरियल) से बने बांग्लादेशी गारमेंट्स पर अमेरिका में शून्य टैरिफ लगेगा। इससे भारत के बजाय बांग्लादेशी कपड़े अमेरिका में सस्ते होंगे, क्योंकि भारतीय कपड़ों पर 18% टैरिफ लगेगा। इससे भारतीय टेक्सटाइल इंडस्ट्री को अमेरिका में चुनौती मिलेगी। निर्यातकों का कहना है कि गारमेंट के बिक्रोगा में कुछ फीसदी शुल्क का अंतर भी ऑर्डर लिस्ट कराने के लिए काफी होता है। यही कारण है कि बंगलादेश कॉमर्सियो के शेयर 5% से अधिक गिरे।

भारत पर जब टैरिफ घटकर 18% हो गया था, तो बांग्लादेश (पहले 20% अब 19%) जैसे देशों के मुकाबले भारत को बेहतर स्थिति में देखा गया था।

नए नियम, AI से बने या बदले कंटेंट पर लेबल होगा अनिवार्य

■ पीटीआई, नई दिल्ली

सरकार ने AI और डीपफेक कंटेंट पर कड़े नियम लागू करते हुए ऑनलाइन प्लैटफॉर्म्स के लिए नई जिम्मेदारियां तय की हैं। इसके तहत एक्स और इंस्टाग्राम जैसे प्लैटफॉर्म को किसी भी सक्षम अधिकारी या कोर्ट के निर्देश पर डीपफेक कंटेंट को 3 घंटे के भीतर हटाना होगा। पहले यह समयसीमा 36 घंटे थी। डीपफेक और AI-जेनरेटेड कंटेंट की आधिकारिक परिभाषा तय की गई है। ऐसा ऑडियो-विडियो या फोटो जो AI से बनाया या बदला गया हो और असली जैसा लगे, उसे अपलोड करते समय प्लैटफॉर्म पर AI-जेनरेटेड बताना होगा, यानी लेबल लगाना होगा। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में संशोधन की अधिसूचना जारी की है।

नियमों को मानना जरूरी, नहीं तो...

- AI कंटेंट पर अनिवार्य रूप से लेबलिंग जरूरी है।
- जहां टेक्निकली मुमकिन हो, प्लैटफॉर्म्स ऐसे कंटेंट के ऑरिजिन का पता लगाने के लिए परमानेंट मेटाडेटा या पहचानकर्ताओं के साथ लेबल लगाना चाहिए।
- एक बार AI लेबल या मेटाडेटा लगाए जाने के बाद प्लैटफॉर्म्स उन लेबल को हटाने या छिपाने की अनुमति नहीं दे सकते।
- नियमों का पालन न करने पर इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ऐक्ट, 2000 और दूसरे लागू क्रिमिनल कानूनों के तहत सजा हो सकती है।

डिजिटल अरेस्ट पर SOP, कई विभाग एक साथ कर रहे काम

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: डिजिटल अरेस्ट के मामलों में सुप्रीम कोर्ट से गृह मंत्रालय (MHA) ने एक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की है, जिसमें इंटर एजेंसी समन्वय को मजबूत करने, जहां संभव हो, ठगी गई राशि की समयबद्ध वापसी सुनिश्चित करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) प्रस्तावित की गई है। इसका मकसद अलग-अलग सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बनाना और ठगी गई रकम को जल्दी से पीड़ितों को वापस दिलाना है।

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों पर गंभीर चिंता जताई थी। कोर्ट ने कहा था कि यह सीधे तौर पर लूट या डकैती जैसा अपराध है। इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट गृह मंत्रालय लेकर सुनवाई कर रहा है। इस बैच की अगुवाई चीफ जस्टिस सूर्यकांत कर रहे हैं। अदालत के सामने पेश स्टेटस रिपोर्ट में सोमवार को बताया गया कि CBI ने ऐसे डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच करेगी जिनमें 10 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा का नुकसान हुआ है।

सिम कार्ड की गड़बड़ी रोकने को नियम: दूरसंचार विभाग (DoT) ने कहा है कि सिम कार्ड से जुड़ी गड़बड़ियों को रोकने के लिए नए नियम लाए जा रहे हैं। इनमें बायोमेट्रिक पहचान के जरिए सिम जारी करना, फर्जी और म्यूल सिम पर रोक और सिमबॉक्स जैसे उपकरणों पर कार्रवाई शामिल है।

RBI ने बताई AI तकनीक: RBI ने बताया कि कई बैंक अब AI तकनीक की मदद से फर्जी खातों और संदिग्ध लेन-देन की पहचान कर रहे हैं। 26 बैंक MuleHunter.ai नाम के टूल का इस्तेमाल कर रहे हैं।

मंत्रालय ने बताया, क्या हुई तैयारी: गृह मंत्रालय ने अपने SOP में यह बताया है कि कैसे साइबर ठगी से जुड़े बैंक खातों को फ्रीज और अनफ्रीज किया जाएगा। आईटी मंत्रालय ने बताया कि गूगल जैसे बड़ी टेक कंपनियों के साथ बैठक हुई है। ज्यादातर मामले जॉइंटस्पेस से हो रहे हैं, लेकिन वॉट्सऐप की कार्रवाई संतोषजनक नहीं मिली।

SC ने पूछा, लापता बच्चों के पीछे क्या कोई नेटवर्क है?

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार से पूछा कि लापता बच्चों के पीछे क्या कोई नैशनल या स्टेट हुए का नेटवर्क काम कर रहा है? जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भूइयां की बेंच ने कहा कि इन घटनाओं के पीछे निश्चित पैटर्न है या फिर ये महज रैंडम घटनाएं हैं, केंद्र सभी राज्यों से आंकड़े लेकर यह पता लगाए। केंद्र सरकार ने बताया कि कुछ राज्यों ने लापता बच्चों और अभियोजन से संबंधित अपने आंकड़े उपलब्ध कराए हैं, लेकिन लगभग एक दर्जन राज्यों ने अभी तक अपना डेटा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को पूरा डेटा मिलने के बाद ही उसका विश्लेषण किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया कि जिन बच्चों को बचाया गया है, उनसे इंटरव्यू लिया जाना चाहिए ताकि यह पता चल सके कि ऐसी घटनाओं के लिए कौन जिम्मेदार है। कोर्ट ने उन राज्यों की भी आलोचना की जिन्होंने डेटा नहीं दिए और कहा कि आवश्यकता पड़ने पर वह सख्त आदेश भी पारित कर सकती है। 9 दिसंबर को शीर्ष अदालत ने केंद्र को निर्देश दिया था कि वह लापता बच्चों से संबंधित पिछले छह वर्षों का देशव्यापी डेटा प्रस्तुत करे।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सभी राज्यों से आंकड़े जुटाए, घटनाओं का पैटर्न पता करे

फटाफट खबरें

बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में 27 पर आरोप तय

■ पीटीआई, मुंबई : मुंबई की एक स्पेशल कोर्ट ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और NCP नेता बाबा सिद्दीकी की 2024 में हुई हत्या के मामले में 27 आरोपियों के खिलाफ मकोका और बीएनएस के तहत आरोप तय किए। इन आरोपियों ने खुद को बेगुनाह बताया है। स्पेशल जज सत्यनारायण आर नवदर ने हत्या, मकोका, शस्त्र अधिनियम और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आरोप तय किए।

व्हिसलब्लोअर के खिलाफ केस रद्द

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार मध्य प्रदेश के व्यापम परीक्षा घोटाले के व्हिसलब्लोअर डॉ. आनंद राय के खिलाफ कथित एससी, एसटी ऐक्ट के एक मामले में तय किए गए आरोपों को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने एससी/एसटी ऐक्ट के दावों पर विचार किया है और यह कार्रवाई कानून के अनुरूप नहीं है और ऐसे में वंचों की अपील स्वीकार की जाती है और आरोपों को रद्द किया जाता है।

मोदी डिग्री विवाद पर DU ने दिया जवाब

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली यूनिवर्सिटी (DU) ने मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करने की अपील इस मुद्दे को सनसनीखेज बनाने की कोशिश के सिवा कुछ नहीं है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट में दलील दी कि इस मामले में कोई दम नहीं है।

असम CM के बयान पर FIR की मांग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (CPI) की नेता एनी राजा ने असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा एक विशेष समुदाय को निशाना बनाकर की गई टिप्पणियों के संबंध में उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत के सामने अर्जेंट सुनवाई की मांग की गई।

बांग्लादेश चुनावः पोल में BNP-जमात में टक्कर

■ NBT रिपोर्ट : बांग्लादेश में 12 फरवरी यानी गुरुवार को आम चुनाव हैं। संसद की कुल 300 में से 299 सीटों पर वोट पड़ेंगे। अवामी पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं है। अलग-अलग प्रीमिनियन पोल में बीएनपी-जमात के बीच कड़ी की टक्कर है। बीएनपी की अगुआई तारिक रहमान कर रहे हैं, जो 17 वर्षों के निर्वासन के बाद बांग्लादेश लौटे हैं। वहीं जमात-ए-इस्लामी की अगुआई शफीकुर रहमान के हाथ है।

■ **इस बार दो वोट पड़ेंगे:** संवैधानिक सुधारों के लिए जुलाई के नेशनल चार्टर पर रेफरेंडम भी होगा। इस तरह से गुरुवार को मतदान के दौरान दो वोट डालेंगे।

■ **17 साल बाद लौटे:** तारिक रहमान

सहानुभूति और BNP के पुराने रसूख के दम पर सत्ता वापसी का सपना देख रहे हैं।

■ **इसमें जमात को बढ़त:** इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ ऐंड डिप्लोमेसी के सर्वे में जमात गठबंधन को 105 सीटें, बीएनपी के नेतृत्व वाले ब्लॉक को 101 सीटों का दावा है।

पोस्ट रीशेयर कर नरवणे ने दिया जवाब

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : किताब पर मचे बवाल के बीच अब पूर्व थलसेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। एक्स पर 7 शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए किताब का स्टेटस बताया है। दरअसल नरवणे ने पेंगुइन के जवाब को री-पोस्ट करते हुए लिखा कि पुस्तक की वर्तमान स्थिति यह है।

पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे के संस्मरण फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी की अनधिकृत प्रतियां उपलब्ध होने की खबरों के बीच ट्वीट कर कहा है कि इसके प्रकाशन का अधिकार केवल उसके पास है और यह पुस्तक अब तक प्रकाशित नहीं हुई है। इसी पोस्ट को नरवणे ने कोट करते हुए कहा कि किताब की वर्तमान स्थिति यह है।

किताब पर सच्चाई सामने आए: राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की किताब को लेकर चल रहे विवाद पर सरकार को घेरा। उन्होंने किताब के प्रकाशन को लेकर पेंगुइन पब्लिशर्स और जनरल नरवणे के बयानों में विरोधाभास बताते हुए कहा कि दोनों एक साथ सच नहीं बोल सकते। उन्होंने कहा कि एक तरफ जनरल नरवणे कह रहे हैं कि किताब उपलब्ध है और दूसरी तरफ पेंगुइन यह कह रहा है कि किताब प्रकाशित नहीं हुई तो सच्चाई सामने आनी चाहिए। मैं ऐसा मानता हूं कि देश के सेना प्रमुख झूठ नहीं बोलेंगे।

मणिपुर में हिंसा, पलायन, 5 दिनों तक इंटरनेट बंद

■ पीटीआई, इंफाल : मणिपुर के उखरुल जिले में तोंगब्रुल नगर समुदाय के एक सदस्य पर कथित हमले को लेकर बढ़ती हिंसा में मंगलवार सुबह खाली पड़े कुछ मकानों में आग लगा दी गई और गोलीबारी की गई। हालात को देखते हुए राज्य सरकार ने जिले में 5 दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं समेंद कर दी हैं। मणिपुर के मंत्री गोविंदास कोंथौजम ने सोमवार को कहा था कि कम से कम 21 मकान जलाए जा चुके हैं।

पुलिस के अनुसार, लिटान सारेइखोंग इलाके में हुई गोलीबारी और आगजनी की यह घटना एक दिन पहले दो तोंगब्रुल नगर संगठनों द्वारा उखरुल और कामजोंग जिलों में कुकी समुदाय की आवाजाही पर पाबंदी लगाए जाने के बाद सामने हुई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'मशस्त्र लोगों ने लिटान सारेइखोंग में खाली पड़े कुछ मकानों में आग लगा दी और गोलीबारी की। स्थिति तनावपूर्ण है और सुरक्षा बल हालात पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। अपने घरों को छोड़ कर भाग रहे स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में गोलीबारी रोकने में कथित विफलता को लेकर सुरक्षा बलों पर नाराजगी जताई।

उखरुल जिले में फोर्स तैनात रही

अमेरिका से डील नहीं, ढील हुई है: अखिलेश

संसद परिसर में प्रदर्शन कर सस्पेंड सांसदों से मिले राहुल गांधी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ कोई डील नहीं हुई, बल्कि सरकार ने ढील दे दी है। उनका सवाल था कि अगर ऐसा ही समझौता करना था तो फिर 11 महीने तक इंतजार क्यों कराया गया।

अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी को अब स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत जैसे शब्द बोलने का हक नहीं है। उन्होंने कहा कि जब बाहर से ही सब आएगा तो देश का किसान क्या उगाएगा और मजदूर क्या करेगा? उनके मुताबिक यह बजट दिशाहीन है और इसमें 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की कोई साफ योजना नहीं दिखती। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि इस बजट में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) वर्ग के लिए कुछ खास नहीं है।

बजट पर राज्यसभा में भी तीखा टकराव : राज्यसभा में बजट चर्चा के दौरान विपक्ष ने महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ती असमानता पर सरकार को घेरा। TMC के सुखेंदु शेखर रॉय ने चेतावा कि असमानता गंभीर हालात पैदा कर सकती है। आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा अर्थव्यवस्था की प्रगति के दावों के बीच युवा बेरोजगार हैं और बजट नैतिक दस्तावेज भी है।

'बजट में लोगों की समस्याएं नजरअंदाज'

लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि इस बजट में आम आदमी की असली समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया गया है। बेरोजगारी, महंगाई, बढ़ता खर्च और अमीर-गरीब की बढ़ती खाई जैसे मुद्दों पर सरकार ने कोई ठोस ध्यान नहीं दिया। थरूर ने मशहूर शायर मिर्जा गालिब का शेर पढ़ते हुए तंज कसा कि हमें जन्नत की हकीकत मालूम है, लेकिन दिल को खुश रखने के लिए गालिब का ये ख्याल अच्छा है।

ऐक्टर रणवीर सिंह को धमकी, घर की सुरक्षा बढ़ाई गई

■ भाषा, मुंबई : बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को अज्ञात व्यक्तियों ने वॉट्सऐप से धमकी दी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सिंह को एक 'वॉइस नोट' के जरिए धमकी मिलने और इसकी सूचना पुलिस को देने के बाद, उनके घर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। रणवीर को यह धमकी शहर में फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के आवास के बाहर हुई गोलीबारी की घटना के कुछ दिनों बाद मिली है।

राजपाल यादव की मदद के लिए सोनू सूद आगे आए, अपील भी की

■ पीटीआई, नई दिल्ली: ऐक्टर सोनू सूद ने चेक बाउंस मामले में तिहाड़ जेल प्रशासन के सामने आत्मसमर्पण करने वाले कॉमेडियन राजपाल यादव की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। उन्हें एक फिल्म में भूमिका के साथ अदायगी फीस की पेशकश की है। सूद ने फिल्म निर्माताओं और फिल्म उद्योग से जुड़े अन्य लोगों से भी अपील की कि वे इस संकट की घड़ी में अभिनेता-कॉमेडियन राजपाल यादव की मदद के लिए आगे आएं।

मैक्रों 17 से तीन दिन के भारत दौरे पर, AI समिट में हिस्सा लेंगे



■ पीटीआई, नई दिल्ली: फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (Emmanuel Macron) 17 फरवरी से तीन दिन के भारत दौरे पर रहेंगे। मैक्रों 'AI इंपैक्ट' समिट में हिस्सा लेंगे। यह समिट भारत मंडपम में 16-20 के बीच होनी है। मैक्रों की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बड़े स्तर पर बातचीत भी होगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे।

स्पीकर पर अविश्वास की दस्तक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्षी दलों ने मंगलवार को स्पीकर ओम बिरला को उनके पद से हटाने के लिए औपचारिक नोटिस सौंपा है। विपक्ष का कहना है कि स्पीकर निष्पक्ष होकर सदन नहीं चला रहे, बल्कि बार-बार सरकार के पक्ष में फैसले ले रहे हैं और विपक्ष की आवाज दबा रहे हैं।

नोटिस पर कांग्रेस, एसपी, डीएमके समेत कई दलों के 118 सांसदों के हैं हस्ताक्षर

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई के सुरेश और मोहम्मद जावेद ने यह नोटिस लोकसभा महासचिव को सौंपा। इस पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके समेत कई विपक्षी दलों के 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने इस पर साइन नहीं किए हैं।

विपक्ष का आरोप है कि कई बार विपक्षी नेताओं को बोलने ही नहीं दिया गया। खास तौर पर 2 फरवरी को राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान पूरा भाषण नहीं करने दिया गया। विपक्ष यह भी कहता है कि 3 फरवरी को आठ सांसदों को पूरे बजट सत्र के लिए गलत तरीके से सस्पेंड कर दिया गया। नोटिस में यह आरोप भी लगाया गया है कि 4 फरवरी को बीजेपी के एक सांसद को पूर्व प्रधानमंत्रियों पर आपत्तिजनक बयान देने दिया गया, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा विपक्ष ने स्पीकर के उस बयान पर भी आपत्ति जताई है, जिसमें कहा गया था कि कांग्रेस सांसद प्रधानमंत्री की सीट के पास जाकर कुछ अप्रत्याशित करने वाले थे। विपक्ष ने इसे शुल्क और अपमानजनक आरोप बताया है। विपक्ष का कहना है कि वे ओम बिरला का व्यक्तिगत सम्मान करते हैं।

बजट सत्र के लिए सस्पेंड सांसदों का समर्थन करते दिखे कांग्रेस सांसद शशि थरूर।

स्पीकर पर लगे आरोपों को देखेंगे महासचिव

लोकसभा के महासचिव नोटिस की जांच कर स्पीकर के ऊपर लगे आरोपों को देखेंगे। नियमों के अनुसार, जांच के बाद अगर नोटिस स्वीकार कर लिया जाता है तो इसे नोटिस मिलने की तारीख से कम से कम 14 दिन बाद सदन की कार्यसूची में शामिल किया जाता है। सदन में प्रस्ताव रखा जाएगा और इसके समर्थन में 50 सांसदों का खड़े होना जरूरी होता है। यदि आवश्यक समर्थन मिल जाता है तो प्रस्ताव पर सदन में बहस होगी और इसके बाद वोटिंग कराई जाएगी।

तीन दिन का समय देना चाहिए: TMC

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि स्पीकर को तीन दिन का समय देना चाहिए। विपक्ष की आपत्ति सिर्फ एक मुद्दे तक सीमित नहीं है। सांसदों का निलंबन, नेता प्रतिपक्ष को सदन में बोलने की अनुमति न देना, महिला सांसदों पर लगाए गए कथित झूठे आरोप और चेयर का पक्षपातपूर्ण रवैया ये सभी गंभीर सवाल हैं।

'कांग्रेस को बाहर करने का वक्त आ गया'

बीजेपी ने कहा कि वक्त आ गया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल और कांग्रेस को राजनीति से बाहर कर दे। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि जिन लोगों की जेनरा नष्ट हो चुकी है, वे भारत के संवैधानिक पदों को खत्म करना चाहते हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG12 User: cci Time: 02-11-2026 00:24 Color:

KGMU में 'दा विंची' से सर्जरी, कैंसर से गॉलब्लैडर तक का इलाज सस्ता

GOOD न्यूज

कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने मंगलवार को केजीएमयू के एलाइड ऐंड हेल्थकेयर साइंस विभाग में इस सिस्टम का उद्घाटन किया।

■ NBT न्यूज, लखनऊ: KGMU के मरीजों के लिए राहत की बड़ी खबर है। यूनिवर्सिटी में अत्याधुनिक 'दा विंची रोबोटिक सर्जरी सिस्टम' शुरू हो गया है। मंगलवार को कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने एलाइड ऐंड हेल्थकेयर साइंस विभाग में इस सिस्टम का उद्घाटन किया। केजीएमयू प्रशासन का दावा है कि यहां रोबोटिक सर्जरी की दरें निजी अस्पतालों की तुलना में एक तिहाई और पीजीआई (PGI) से भी कम होंगी। रोबोटिक सर्जरी कार्यक्रम के प्रभारी प्रो. एचएस पहवा के मुताबिक, इस सिस्टम से जटिल सर्जरी बहुत ही किफायती दरों पर होगी। गैस्ट्रो सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो. अभिजीत चंद्रा ने इस रोबोट की मदद से पित्त की थैली का सफल ऑपरेशन कर इसकी क्षमता का प्रदर्शन किया।

SS मंत्रा के बाद अब दा विंची

केजीएमयू में पहले से ही एसएसआई मंत्रा (SSI Mantra) रोबोटिक सिस्टम काम कर रहा है। अब 'दा विंची' के आने से रोबोटिक सर्जरी की सुविधा और अधिक मजबूत हो गई है। उद्घाटन के दौरान सीएमएस प्रो. बीके अग्रवाल, प्रो. विश्वनाथ सिंह और डॉ. अक्षय आनंद समेत कई वरिष्ठ डॉक्टर मौजूद रहे।

क्या है दा विंची सिस्टम?

इस सिस्टम का नाम महान वैज्ञानिक लियोनार्डो दा विंची के नाम पर रखा गया है। इसमें तीन से चार रोबोटिक आर्म्स होती हैं जो एंडोस्कोपिक कैमरे और शल्य उपकरणों को थामती हैं। ये उपकरण सर्जन के नियंत्रण में काम करते हैं और छोटे चीरों के जरिए शरीर के भीतर सटीक ऑपरेशन करते हैं।

कैसी सर्जरी और कितना खर्च

प्रोस्टेट कैंसर: निजी अस्पतालों में खर्च करीब 4 लाख रुपये, केजीएमयू में सिर्फ 1 लाख रुपये।
गॉलब्लैडर (पित्ताशय): निजी अस्पतालों में 2.5 लाख रुपये तक का खर्च, केजीएमयू में महज 77 हजार रुपये।
क्यों खास है 'दा विंची'
थ्रीडी विजन: सर्जन को हाई-रिजोल्यूशन 3D विजन मिलता है, जिससे ऑपरेशन ज्यादा सटीक होता है।
कम दर्द और तेजी से रिकवरी: बड़े कट की जरूरत नहीं होती, खून कम बहता है और मरीज बहुत जल्द घर लौट पाता है।
बेहतर पहुंच: रोबोटिक आर्म्स शरीर के उन जटिल हिस्सों तक पहुंच पाती हैं जहां सर्जन का हाथ पहुंचना मुश्किल होता है।

नर्सेज संघ ने डीजी हेल्थ को बताईं समस्याएं

■ NBT न्यूज, लखनऊ: नए डीजी हेल्थ डॉ. पवन कुमार अरुण को बलरामपुर अस्पताल समेत प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा हालात से रूबरू करवाया गया। वहां की समस्याओं को बताने के लिए मलाहत को राजकीय नर्सेज संघ, यूपी के महामंत्री अशोक कुमार की अगुआई में प्रतिनिधिमंडल मिलने गया था। आईसीयू और डायलिसिस यूनिट के संचालन को लेकर बातचीत भी की गई। नर्सों की समस्याओं को दूर करने का भरोसा भी दिया। प्रतिनिधिमंडल में अशोक कुमार के अलावा कोषाध्यक्ष गेंदालु वर्मा, उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, कार्यकारिणी सदस्य अमिता रोष और रिमता सिंह मौजूद रहीं। वहीं, हिल्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष बडोला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश मिश्रा, उपाध्यक्ष मनमोहन मिश्रा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार पांडेय अंजू, फार्मेसी वेलफेयर संदस्य शंकर पटेल, जिला संगठन मंत्री विवेक कुमार, प्रदेश प्रवक्ता एसएम त्रिपाठी और अन्य ने भी डीजी हेल्थ से मुलाकात की।

'टेट पर दखल न देने पर शिक्षक करेंगे विरोध

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: टेट अभिवावंता को लेकर लोकसभा में दिए गए बयान से प्रदेश के दो लाख शिक्षक सहित देशभर के लगभग 20 लाख शिक्षकों में निराशा है। दरअसल प्रश्न पूछा गया कि क्या 2011 से पहले नियुक्त टीचरों को टीईटी छूट दी जाएगी। इस पर मंत्री नरेंद्र चौधरी ने बोला 23 अगस्त 2010 के एनसीटीई की गाइडलाइन के अनुसार नियुक्ति के लिए सभी शिक्षकों को टीईटी देना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट जवाब न देकर गोलमोल जवाब दे दिया और गेंद सुप्रीम कोर्ट के पाले में डाल दी।

अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने भी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि मामला सर्वोच्च न्यायालय के अधीन है। लोकसभा सत्र में दिए जवाब से सभी शिक्षकों को दुख हो रहा है। लेकिन, संगठन किसी भी राजनैतिक दल या जनप्रतिनिधि के पक्षधर में कभी नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि जब मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है तो किसी भी जनप्रतिनिधि को इस तरह दखल देना न्यायालय के निर्देश कि अवमानना है। कहा कि किसी भी शिक्षक का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। टेट अभिवार्यता पर के फैसले पर दखल ना देने पर शिक्षक संगठन सड़क पर उतरेगा

परिवहन अफसरों की रेकी करने वाले डग्गामारों पर शिकंजा कसेगी पुलिस

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: डग्गामारी और ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान चला रहे परिवहन विभाग के प्रवर्तन अफसरों की रेकी की जा रही है। पिछले दिनों वाहेक अधिकारी (PTO) ने दो संदिग्धों को पकड़कर पुलिस को सौंपा था, जिनसे पूछताछ में सिंडिकेट से जुड़े कई अहम राज सामने आए हैं। वहीं, दूसरी ओर एआरटीओ प्रवर्तन आलोक यादव ने जेसीपी एलओ से मुलाकात की है। साथ ही आरटीओ प्रवर्तन प्रभात पांडेय ने भी इस संबंध में जेसीपी एलओ को पत्र लिखा है, जिसके बाद लखनऊ के सभी थानों को अलर्ट कर दिया गया है। साथ ही सभी एसीपी को भी इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

PTO एसपी देव ने शनिवार को पीछा कर रहे दो संदिग्ध डग्गामार संचालकों को उनकी गाड़ी के साथ पकड़ा था। ये संदिग्ध प्रवर्तन अफसरों की पूरी गतिविधि पर नजर बनाकर रखे हुए थे। उनके हर मुवमेंट की खबर डग्गामरों के चालकों को पहुंचा रहे थे। नवाबगंज टाइम्स के रिंग में भी डग्गामार संचालकों ने रेकी करवाए जाने की बात कबूली थी। यह प्रकरण सामने आने के बाद प्रवर्तन टीम के अफसरों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। दोनों संदिग्ध यूपी 78 जेके 5556 और यूपी 32 एमएल 3801 गाड़ी से थे। एसपी देव ने बताया कि उनकी प्रवर्तन टीम के अन्य साथियों ने बताया था कि पिछले एक सप्ताह से ये लोग उनके आसपास चलते दिखे हैं। आरटीओ प्रवर्तन प्रभात पांडेय ने बताया कि यह मामला संगीन है। पुलिस को जानकारी दे दी गई है।

अलर्ट रहेगा थाना : प्रभात पांडेय ने बताया कि जेसीपी एलओ ने इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किया है। सभी थानों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि हमारे अधिकारी संदिग्धों की सूचना जैसे ही देंगे, उनकी धरपकड़ तुरंत शुरू कर दी जाएगी। एनबीटी ने 27 अगस्त 2023 को डग्गमारों के खिलाफ एक रिपोर्ट किया था।

पॉलिटेक्निक चौराहे पर किए गए रिंग में डग्गमार संचालकों ने कहा था कि चमे चमे पर उनके आदमी लगे हैं। कौन अफसर कहां है, क्या कर रहा है, पूरी खबर उनके पास रहती है। उनका दावा था कि उनकी पहुंच पुलिस, ट्रैफिक और परिवहन निगम और परिवहन विभाग के भीतर तक है। हर विभाग मैनेज है।

डग्गेमार कर रहे PTO की जासूसी

NBT फॉलोअप

30 करोड़ से ज्यादा का है काला कारोबार

परिवहन निगम के अधिकारियों ने एक रिपोर्ट दी थी, जिसमें बताया गया था कि उन्होंने 3,397 ऐसे वाहन चिह्नित किए हैं, जो डग्गमारी कर रहे हैं। उनके नंबर और रूट भी परिवहन विभाग को सौंपे थे। एनबीटी के रिटर्न के पता चला था कि हजीबंज में ऐसे वाहनों की ताउद 10,000 वाहन ऐसे हैं, जो डग्गमारी कर रहे हैं। पूरे प्रदेश में रोडवेज की रोजाना औसत आय 13 से 14 करोड़ रुपये है। लोहार और सहालम में रोजाना की औसत आय 20 करोड़ रुपये तक पहुंच जाती है। इसके मुकाबले सिर्फ राजधानी में चल रहे अवैध बस अड्डों पर रोजाना 30 करोड़ से ज्यादा की कमाई हो रही है। इसके अलावा डग्गमार संचालक प्रतिदिन करोड़ों रुपये की लीफसटी चोरी भी कर रहे हैं।

क्वीन मैरी में काउंटर के फेर में उलझ रहे हैं मरीज

■ NBT न्यूज, लखनऊ: सुबह 10 बजे से पर्चा जमा कर नंबर का इंतजार कर रही हरदोई की 25 वर्षीय शिवांगी भारती दोपहर 2 बजे तक भी डॉक्टर से नहीं मिल पाई। ओपीडी में लगातार एक काउंटर से दूसरे काउंटर भेजे जाने और लंबी प्रक्रिया के कारण उन्हें चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा। ऐसे ही और भी मरीजों को केजीएमयू के प्रसूती एवं स्त्री रोग विभाग (क्वीन मैरी) की ओपीडी में अव्यवस्था और घंटों इंतजार के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां ओपीडी में दूर दराज से इलाज के लिए आए मरीजों को 4 से 5 घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है, जिसके कारण उनके इलाज में भी देरी हो रही है।

शिवांगी ने बताया कि वहां सबसे पहले उन्हें ओपीडी नंबर दे में जाने को कहा गया, वहां जाने के बाद उन्हें बोला गया चार नंबर कमरे में जाएं और वहां जाने के बाद बोल गया कि ओपीडी नंबर तीन में जाएं। बहुत परेशानियों के बाद पर्चा जमा हुआ लेकिन चार घंटे के इंतजार के बाद भी नंबर नहीं आया।

माताजी के इलाज के लिए हुई परेशानी : लखनऊ की 40 वर्षीय रूपा देवी अपनी मां का इलाज कराने के लिए आई थीं। सुबह करीब 11 बजे पर्चा जमा कर नंबर लगाया था कई घंटों के इंतजार और भागदौड़ के बाद करीब 2 बजे उनका नंबर आया जिसके बाद उनकी मां का इलाज संभव हुआ।

नौ बजे नंबर लगाया एक बजे डॉक्टर को दिखाया : ऐसे ही लखनऊ की 45 वर्षीय मीना देवी अपनी भतीजी के इलाज के लिए आई थीं। सुबह करीब नौ बजे नंबर लगाया लेकिन लंबी लाइन और भीड़ के कारण करीब एक बजे नंबर आया और डॉक्टर को दिखाने का मौका मिला।

पहले के मरीज की जांच और इलाज में कम समय लगता है, क्योंकि डॉक्टर के पास उनकी हिस्ट्री होती है। जबकि ओपीडी में नए मरीज की जांच में कुछ समय लगता है, उनकी पूरी जांच करने और उनके इलाज का इतिहास जानने में समय लगता है।।

- डॉ. अंजू अग्रवाल, चिकित्सा अधीक्षक, क्वीन मैरी

अव्यवस्था

- ओपीडी में एक काउंटर से दूसरे काउंटर भेजे जाने से मरीज परेशान
- लंबी प्रक्रिया से भी देरी से मिल रहा है इलाज

CCTV कैमरे बढ़ाए जाएंगे, सुरक्षा के होंगे कड़े इंतजाम

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: महा शिवरात्रि की तैयारियों को लेकर डीएम विशाख जी और जेसीपी एलओ बबलू कुमार ने मंगलवार को डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर और पारा स्थित बुद्धेश्वर मंदिर का निरीक्षण किया।

डीएम और जेसीपी एलओ ने मंदिर तक के मार्ग और मंदिर परिसर का जायजा लिया। डीएम ने नगर निगम को निर्देश दिए कि मंदिर मार्ग पर लगे सभी स्ट्रीट लाइटों की पेकिंग कराकर स्लाइ लाइटें तुरंत बदलें। शिवरात्रि पर रात 3 बजे से अगले दिन की रात 11 बजे तक भीड़ को देखते हुए बांध के नीचे का मार्ग वाहनों के लिए बंद रखा जाएगा। मंदिर में जलाभिषेक के लिए महिला-पुरुष की अलग-अलग कतारें लगवाई जाएंगी। डीएम ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई, पार्किंग स्थल चिह्नित करने, पार्किंग और प्रवाह मैनजमेंट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। बुद्धेश्वर मंदिर परिसर में साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर करने के साथ ही चौराहे से मंदिर तक ने-वीकल जोन रहेगा। मंदिर परिसर में स्थापित संयुक्त कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी।

डीएम और जेसीपी एलओ ने मनकामेश्वर व बुद्धेश्वर मंदिर का किया निरीक्षण

नहीं मिले बस ऑपरेटर, NCC योजना फेल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: नगरीय परिवहन निदेशालय की नेट कोर्ट कॉन्ट्रैक्ट (एनसीसी) योजना फेल हो गई है। बस संचालन के लिए टेंडर में कोई ऑपरेटर नहीं आया। जिसकी वजह से टेंडर को निरस्त कर दिया गया है। इस योजना के तहत लखनऊ और कानपुर के आसपास 10-10 रूटस पर इलेक्ट्रिक-बसें चलाने की योजना थी। इस योजना में किसी भी संचालक ने कोई दिलचस्पी ही नहीं दिखाई है। इसकी वजह नगरीय परिवहन निदेशालय को ये निविदा निरस्त करनी पड़ी है।

योजना तैयार की गई तो अनुमान लगाया गया कि प्रत्येक रूट पर करीब 10.30 करोड़ रुपये का खर्च आएगा, जिसमें से 9.50 करोड़ रुपये बसों की खरीद पर और 0.80 करोड़ रुपये चार्जिंग उपकरणों व अन्य आवश्यक साधनों पर खर्च होंगे। इस प्लान के तहत बसों की डिजाइन, वित्तपोषण, खरीद, निर्माण, आपूर्ति और मेंटेनेंस की जिम्मेदारी प्राइवेट ऑपरेटरों को सौंपा जाना शामिल था। नगरीय परिवहन निदेशालय की तरफ से निकाली गई निविदा में बस ऑपरेटर के न आने से टेंडर रद्द करना पड़ गया है। यूपी के 15 नगर निगमों में 743 इलेक्ट्रिक बसों संचालित हो रही हैं, जिनमें से 700 बसें ग्रॉस कोस्ट कॉन्ट्रैक्ट (जीसीसी) मॉडल पर हैं।

नहीं आया कोई भी संचालक, टेंडर निरस्त

स्टूडेंट्स के हुनर और कौशल से सजा वार्षिक खेल मंच

सिटी स्पोर्ट्स

पॉलिटेक्निक में वार्षिक खेलकूद, वाद विवाद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता शुरू

■ NBT न्यूज, लखनऊ: प्राविधिक शिक्षा परिषद से जुड़े शहर के सरकारी राजकीय पॉलिटेक्निक लखनऊ और राजकीय महिला पॉलिटेक्निक लखनऊ में मंगलवार तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद, वाद विवाद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष सचिव व निदेशक प्राविधिक शिक्षा विभाग अजीज अहमद ने किया। मौके पर स्टूडेंट्स की ओर से मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। वहीं, राजकीय पॉलिटेक्निक लखनऊ में कंपनी में प्लेसमेंट हुए स्टूडेंट्स को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

विवेक और समीक्षा रहे अव्वल

राजकीय पॉलिटेक्निक लखनऊ में वार्षिकोत्सव के उद्घाटन सत्र में 100 मीटर दौड़ का आयोजन हुआ। इसमें विवेक शर्मा को पहला, कृष्ण यादव को दूसरा और अमर सिंह यादव को तीसरा स्थान मिला। बालिका वर्ग में समीक्षा यादव ने पहला, श्रेया तिवारी ने दूसरा और सानिया परवीन तीसरे नंबर पर रहीं। मौके पर संयुक्त निदेशक मध्य क्षेत्र विजय पाल सिंह, परिषद सचिव डॉ संतोष कुमार सिंह और प्रधानाचार्य एसएन सिंह मौजूद रहे।

सुमन, प्रीति, वैष्णवी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

राजकीय महिला पॉलिटेक्निक लखनऊ में वार्षिकोत्सव के शुभारंभ पर 800 मी. दौड़ का आयोजन हुआ। इसमें एकडीजीटी की सुमन कुमार ने पहला, आइएटीसी से आकांक्षा ने दूसरा, एमओएम से संध्या देवी ने तीसरा स्थान हासिल किया। कैलीलिट ब्रो में इलेक्ट्रॉनिक ब्रांच से प्रीति देवी को पहला, श्रेया सिंह को दूसरा, एमओएम से काजल को तीसरा स्थान मिला। कॉलेज प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंह ने बताया कि मौके पर 50 मी. ट्रिब्यांग दौड़ का भी आयोजन हुआ। इसमें वैष्णवी तिवारी अव्वल रहीं। मानसी परिहार और दीक्षांजलि ने क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। तीनों छात्राएं आइटी ब्रांच की रही।

UP फाइनल में, नवल टाटा से होगी खिताबी भिड़ंत

सब जूनियर हॉकी टूर्नामेंट

■ NBT न्यूज, लखनऊ: पद्मश्री मे. शहीद एथ्लेटिक्स हॉकी स्टेडियम पर मंगलवार को यूपी करम ने मुकाबला जीता और फाइनल में जगह बनाई। यूपी की इस जीत में विवेक यादव, श्रेयु पाल और देवांश चौरसिया चमके। जिन्होंने निर्धमित अंतराल पर गोल कर टीम को फाइनल में जगह दिलाई। यूपी के अलावा, दूसरे सेमीफाइनल में नवल टाटा ओडिशा ने जीत हासिल की। अब बुधवार यूपी करम के सामने खिताबी भिड़ंत में ओडिशा की चुनौती होगी।

सेमीफाइनल में यूपी करम के सामने पंजाब इंस्टिट्यूट ऑफ मोहाली उतरा। यूपी ने पहले, तीसरे और चौथे क्वार्टर में एक-एक गोल कर तीन गोल दागे। मोहाली की ओर से कप्तान मनबीर सिंह ने इकमात्र गोल कर यूपी के जीत के अंतर को कम करने में सफलता हासिल की। यूपी ने 3-1 से मुकाबला जीता और फाइनल में प्रवेश किया।

36वें ओल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर हॉकी टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में ओडिशा नवल टाटा यूथस्टर टीम ने अभिषेक सोरेंग के तीन गोल और निर्मल मिंज व नितेश बरवा के एक-एक गोल की मदद से राउंड ग्लास हॉकी अकैडमी के खिलाफ 5-0 से इकतरफा मुकाबला जीता और फाइनल में जगह बनाई।

आज होगा फाइनल

सब जूनियर हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में बुधवार सुबह पहले हार्ट लाइन मैच में राउंड ग्लास पंजाब व पी.आइएस पंजाब के बीच तीसरे व चौथे स्थान के लिए भिड़ंत होगी। इसके बाद दोपहर को यूपी करम और नवल टाटा ओडिशा के बीच खिताबी भिड़ंत होगी।

BKT ने जीती खो-खो चैंपियनशिप

■ NBT न्यूज, लखनऊ: केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेली गई सीनियर जिला सतरंग स्ट्रे-स्ट्रे चैंपियनशिप में बीकेटी इंटर कॉलेज के स्टूडेंट्स ने दमदार प्रदर्शन करते हुए महिला एवं पुरुष वर्ग की ट्रॉफी अपने नाम की। मंगलवार को खेले गए फाइनल में पुरुष वर्ग में बीकेटी इंटर कॉलेज और महिला वर्ग में बीकेटी इंटर कॉलेज ब्लू की चैंपियन बनी। वहीं, महिला वर्ग में बेस्ट रन ऑफ द चैंपियनशिप रुश्ती, बेस्ट ऑलराउंडर कॉमनी को घोषित किया गया। पुरुष वर्ग में बेस्ट रनर देवराज, बेस्ट ऑलराउंडर अंकित (बीकेटी इंटर कॉलेज) और बेस्ट चेजर सेंट्रल पब्लिक स्कूल के हरमान रहे।

मंजीत यादव बने सर्वश्रेष्ठ वेटलिफ्टर

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर: सरोजनीनगर के कानपुर रोड स्थित 32वीं वाहिनी पीएसी परिसर में मंगलवार को तृतीय अंतर वाहिनी पीएसी मध्य जोन कलस्टर प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसके तहत वेटलिफ्टिंग, पोल एवं पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिता में कुल नौ टीमों के लगभग 138 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। पहले दिन हुए वेटलिफ्टिंग मुकाबलों में 60 किग्रा वर्ग में 32वीं वाहिनी के अंकित कुमार, 65 किग्रा में आनंद कुमार वर्मा, 71 किग्रा में मंजीत यादव, 79 किग्रा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मंजीत सर्वश्रेष्ठ वेटलिफ्टर का सम्मान दिया गया।

हुनर का 'दस्तक युवा महोत्सव': पत्तों पर संदेश और सुरीली तान की गूंज

प्रतिभाओं ने मनवाया लोहा

■ NBT न्यूज, लखनऊ: युवाओं के हुनर को मंच देने वाले 'दस्तक युवा महोत्सव' के 10वें संस्करण का सोमवार को आगाज हुआ।

गोमती नगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में आयोजित इस चार दिवसीय महोत्सव की इस वर्ष की थीम 'प्रकृति, पर्यावरण और हमारा उत्तर प्रदेश' है। महोत्सव का उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता श्यामू चौधरी, वैज्ञानिक अमित मिश्रा, ताहिरा रिजवी और मेहा धौडियाल ने किया। उद्घाटन बेहद अनूठा रहा, जहां पत्तों पर लिखे स्वतंत्रता सेनानियों के संदेशों के जरिए प्रकृति से जुड़ने का आह्वान किया गया। कैप्सस में नदी, नाव और जंगल की झांकियों के बीच युवाओं ने ईको-टूरिज्म का संदेश देते फोटो बूथ्स पर जमकर तस्वीरें खिंचवाईं। महोत्सव में उपासना त्रिपाठी, आलोक, यश, यशित, मल्लिका, सुयश, तरुण, विराट यादव, विराट गुप्ता, राकेश, हर्ष, अवधेश, लविष और अनन्या सहित कई लोग उपस्थित रहे।

डिबेट: 'AI - वास्तविक खतरा या अवसर' विषय पर प्रतिभागियों ने दमदार तर्क रखे।
गायन: सोलो सिंगिंग में बंगाली परिधान में दिव्यांशी ने 'मोटी रे' सुनाकर समा बांध दिया। स्वाति तिवारी, अदिति और सुरभि की गायकी ने भी वाहवाही लूटी।
रंगोली: शिया कॉलेज के छात्रों ने इंडिया गेट और आर्ट्स कॉलेज के विद्यार्थियों ने केदारनाथ के दृश्यों के जरिए प्रकृति संरक्षण को उकेरा।
अदब: दोपहर बाद 'बैतबाजी' प्रतियोगिता में उर्दू भाषा और तहजीब की बारीकियां देखने को मिलीं।

'बेजुबानों पर हिंसा बर्दाश्त नहीं'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: जनपथ मार्केट पर मंगलवार शाम ग्रीन लखनऊ और समाजसेवियों ने पशु क्रूरता के खिलाफ प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि बेजुबान पशुओं पर हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आरोपितों के खिलाफ सख्त जारी रहेगा। पशु प्रेमियों ने प्रशासन से सुरक्षा की मांग करते हुए कहा कि कुत्तों के लिए टीकाकरण और नसबंदी अभियान को प्रभावी बनाया जाए, बजाय उन्हें शेल्टर होम भेजने के। प्रदर्शन में रोनू, कपूर, नेहा, डॉ. पूजा सिंह और डॉ. विवेक सहित कई लोग मौजूद रहे।

'डिजिटल अरेस्ट स्कैम है, डरें नहीं, पुलिस को सूचना दें'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : डिजिटल अरेस्ट एक स्कैम है। पुलिस या फिर कोई सुरक्षा एजेंसी किसी भी केस में डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है। कोई भी शख्स डिजिटल अरेस्ट करने की धमकी दे तो समझ जाएं कि वह साइबर क्रिमिनल है। वह आपको जाल में फंसाकर ठगना चाहता है। ऐसे लोगों से डरें नहीं, तुरंत पुलिस को सूचना दें।

सेफर इंटरनेट डे पर कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों को किया अलर्ट

सेफर इंटरनेट डे पर मंगलवार को विशेषज्ञों ने कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों को साइबर ठगी से बचाव के टिप्स देने के साथ ही एआई और इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में बताया गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को सेफर इंटरनेट डे पर साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने और लोगों को जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 'डीएम विशाख' जी मुख्य अतिथि रहे। यह कार्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की आईएसईए परियोजना के तहत संचालित राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा रहा।

कार्यशाला का शुभारंभ डीएम ने किया। जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी (डीआईओ) एवं उप निदेशक (आईटी) सौरभ मिश्रा ने डिजिटल गवर्नेंस के दौर में साइबर सुरक्षा की अनिवार्यता और सेफर इंटरनेट डे के महत्व के बारे में बताया।

रिसर्च वर्क | ICAR-नेशनल ब्यूरो ऑफ फिश जेनेटिक रिसोर्सेज (NBFGR) के वैज्ञानिकों ने की खोज

चावल के दाने से भी छोटा 'लॉबस्टर' मिला

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

राजधानी स्थित ICAR-नेशनल ब्यूरो ऑफ फिश जेनेटिक रिसोर्सेज (NBFGR) के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी खोज की है, जिसने समुद्री जैव विविधता की दुनिया को चौंका दिया है। लक्षद्वीप के अगत्ती द्वीप पर कोरल रीफ (मूंगा चट्टान) के बीच 'स्नाइट लॉबस्टर' यानी केकड़े की एक ऐसी प्रजाति मिली है, जिसका आकार एक चावल के दाने से भी छोटा है।

क्या है खासियत?



यह जीव 'जीनस मैलाथिया' समूह से संबंधित है। देखने में यह छोटी झींगा मछली (Lobster) जैसा लगता है, लेकिन असल में यह 'एनोमुरन' केकड़ों का हिस्सा है।

छिपने में माहिर

अपने सूक्ष्म आकार के कारण यह मूंगे और चट्टानों की बारीक दरारों में आसानी से छिप जाता है।

पारिस्थितिकी का इंजन

ये छोटे जीव कार्बनिक पदार्थों की रिसाइकलिंग करते हैं और बड़ी मछलियों व समुद्री जीवों के लिए भोजन का मुख्य स्रोत बनते हैं।

अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली

वैज्ञानिकों की इस टीम में बी. सुरेंद्रिरन, पी.आर. दिव्या, यू.एम. नईम, ए. सुदरमनेकम और टी.टी. अजित कुमार शामिल थे। इनका शोध अंतरराष्ट्रीय जर्नल 'जूटैक्सा' (Zootaxa) में प्रकाशित हुआ है।

यह खोज साबित करती है कि लक्षद्वीप की समुद्री संपदा अब भी रहस्यों से भरी है। कोरल रीफ के पारिस्थितिकी तंत्र को बचाना बेहद जरूरी है, क्योंकि ऐसी कई और प्रजातियां वहां मौजूद हो सकती हैं जिनके बारे में दुनिया को अभी पता नहीं है।

-डॉ. काजल चक्रवर्ती, निदेशक, एनबीएफजीआर

LPL में स्थानीय खिलाड़ियों को मिलेगा मौका

- LPL में स्थानीय खिलाड़ियों को मिलेगा मौका
- UPCA के हस्तक्षेप के बाद 20 में से 18 खिलाड़ी स्थानीय होंगे
- यूपी टी-20 लीग के आधार पर LPL कराने पर हुआ फैसला

■ NBT न्यूज, लखनऊ: लखनऊ प्रीमियर लीग (LPL) के आंकड़ों में हुए भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरने के बाद यूपीसीए (उत्तर प्रदेश क्रिकेट असोसिएशन) ने अब बड़ा फैसला किया है। लखनऊ प्रीमियर लीग (एलपीएल) में अब स्थानीय खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा मौका मिलेगा। प्रेजिडेंशी टीम के 20 खिलाड़ियों की सूची में 18 स्थानीय खिलाड़ी शामिल किए जाएंगे। यूपीसीए के दिशा-निर्देशों के बाद बुधवार सीएएल मुख्यालय पर अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसके बाद प्रेजिडेंशी को इस बारे में निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

नवभारत टाइम्स अखबार ने अपने पांच फरवरी के संस्करण में एलपीएल आंकड़ों में बाहरी खिलाड़ियों को मौका देकर नजरअंदाज किए गए स्थानीय खिलाड़ियों के रोष और आंकड़ों में हुए भ्रष्टाचार पर खबर प्रकाशित की थी। मामले में यूपीसीए ने हस्तक्षेप करते हुए प्रदेश भर में होने वाली लीग को लेकर नये दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बैठक में लीग के कमिश्नर एएपी मिश्रा, सीएएल सचिव केएम खान समेत कई लोग मौजूद रहे।

टीम में 18 खिलाड़ी स्थानीय होंगे: डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि यूपीसीए ने यूपी टी-20 लीग के आधार पर लखनऊ प्रीमियर लीग व अन्य शहरों में होने वाली लीग का आयोजन कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही टीमों के चयन में बदलाव हुआ है। प्रेजिडेंशी बाहरी खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखाएगा और स्थानीय खिलाड़ियों को मौका देगा। बैठक के बाद जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार टीम में पहले की ही तरह 20 खिलाड़ी होंगे। जिनमें 18 खिलाड़ी स्थानीय होंगे।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFP User: cci Time: 02-11-2026 00:03 Color:

लखनऊ (लखनऊ से एक साथ प्रकाशित) • बुधवार, 11 फरवरी 2026 • माघ 22 शक संवत 1947 फाल्गुन कृष्ण, नवमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

पेज 12• मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow Vol 8 no 41

वैलंटाइंस वीक Promise day आज

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

योगी बोले, बाबरी ढांचा दोबारा कभी नही बनेगा

▸p7

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 4, 9 और 10

आज के मैच

अफगानिस्तान Vs साउथ अफ्रीका
अहमदाबाद, सुबह 11 बजे से

ऑस्ट्रेलिया Vs आयरलैंड
कोलंबो, दिन में 3 बजे से

इंग्लैंड Vs वेस्ट इंडीज
मुंबई, शाम 7 बजे से

रिजल्ट

नीदरलैंड्स ने नामीबिया को सात विकेट से हराया।

पाकिस्तान ने अमेरिका को 32 रनों से हरा दिया।

न्यूजीलैंड ने UAE को 10 विकेट से शिकस्त दी। टिम सिफर्ट ने 89, फिन ऐलन ने 84 रन बनाए।

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

फटाफट खबरें

'घूसखोर पंडत' फिल्म का नाम बदलेगा

'घूसखोर पंडत' फिल्म का नाम बदला जाएगा। नेटफ्लिक्स ने मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट में यह जानकारी दी। इसी के साथ कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया।

बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या

बांग्लादेश में राष्ट्रीय चुनाव से ठीक तीन पहले एक और हिंदू कारोबारी की हत्या कर दी गई। बदमाशों ने सोमवार रात मैमनसिंह जिले में धारदार हथियार से सुशेन चंद्र सरकार (62) को मार डाला और नकदी भी लूट ले गए।

दीपफेक कंटेंट पर अब 3 घंटे में कार्रवाई

ऑनलाइन मंचों पर अब AI जेनरेटेड कंटेंट पर लेबल लगाना जरूरी होगा। साथ ही सरकारी व कोर्ट के आदेश पर सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स को 36 घंटे के बजाय तीन घंटे में डीपफेक कंटेंट पर कार्रवाई करनी होगी। ▸▸पेज 10

संभल: पुलिस पर FIR के आदेश पर रोक

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने संभल हिंसा केस में तत्कालीन CO समेत 12 पुलिसकर्मियों पर FIR दर्ज करने पर रोक लगा दी है। CJM ने 13 जनवरी को यह आदेश दिया था। ▸▸पेज 8

दंपती ने 3 बच्चों के साथ किया सुइसाइड

मथुरा में मंगलवार को महावन के खायरपुर में मनीष, उनकी पत्नी सीमा, दो बेटियों प्रियांशी व इनी और बेटा प्रतीक के शव एक ही कमरे में मिले। सुइसाइड नोट भी मिले, जिनमें स्वेच्छा से आत्महत्या की बात लिखी है। ▸▸पेज 8

प्रयागराज: हॉस्टल में खिलाड़ी की मौत

प्रयागराज में अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के हॉस्टल में मंगलवार को वॉलिबॉल के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी प्रत्यूष राय की मौत हो गई। वह सुबह अचेत मिले थे। अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

हैपी मॉर्निंग

डॉक्टर: तुम कौन सा साबुन इस्तेमाल करते हो? बंकू: टिंकू का साबुन। डॉक्टर: और शैंपू? बंकू: टिंकू का शैंपू। डॉक्टर: ये टिंकू कोई नई कंपनी आई है क्या? बंकू: नहीं डॉक्टर साहब, टिंकू तो मेरा रूम पार्टनर है।

आज बजट में दिखेगी लोक कल्याण की छाप

9 लाख करोड़ से अधिक का होगा UP का बजट

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

योगी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट बुधवार को पेश करेगी। प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में सरकार इस बजट को लोकलुभावन बनाने की तैयारी में है। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 'लोक कल्याण संकल्प पत्र' के जरिए 130 प्रमुख वादे किए थे। सरकार अलग-अलग बजट में ज्यादातर योजनाओं के लिए रकम आवंटित कर चुकी है। अब चुनावी बजट में बचे वादे पूरा करने पर फोकस होगा।

करीब ₹9 लाख करोड़ के बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए करीब ₹2.5 लाख करोड़ आवंटित हो सकते हैं। वृद्धावस्था, निराश्रित महिला व दिव्यांग पेंशन ₹1,000 से बढ़ाकर ₹1,500 प्रति माह करने की घोषणा हो सकती है। साथ ही 1,43,450 शिक्षा मित्रों का मानदेय बढ़ाने का ऐलान हो सकता है। सरकार मेधावी छात्राओं को स्कूटी देने के संकल्प पर भी आगे बढ़ सकती है। पिछले बजट में भी इसकी घोषणा हुई थी, लेकिन योजना जमीन पर नहीं उतर पाई थी। ▸▸पेज 2

AI Image

निवेश बढ़ाने पर होगा फोकस

सरकार का फोकस औद्योगिक निवेश बढ़ाने पर भी होगा। इसके लिए इंडस्ट्रीज को दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के लिए धनराशि आवंटन बढ़ाया जाएगा। नए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का ऐलान भी हो सकता है।

पूर्वांचल-बुंदेलखंड पर नजर

पूर्वांचल की विशेष योजनाओं के लिए करीब ₹1,500 करोड़ और बुंदेलखंड के लिए ₹500 करोड़ दिए जा सकते हैं। वहीं, डिफेंस कॉरिडोर से जमीन सरोद की रफ्तार बढ़ाने के लिए भी धनराशि आवंटित की जा सकती है।

नई टाउनशिप की तैयारी

मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत नई टाउनशिप के लिए ₹3,500 करोड़ मिल सकते हैं। विकास प्राधिकरणों व नगर क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के लिए ₹2,500 करोड़ और लखनऊ मेट्रो के लिए ₹500 करोड़ मिल सकते हैं।

अमेरिका से डील में अब दाल का 'तड़का'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील से जुड़ी घोषणाओं को लेकर कई ऐसे पहलू हैं, जिन पर अभी तक पूरी स्पष्टता नहीं है। इस बीच, अमेरिका ने एक नई फैक्ट शीट जारी की, जिससे उलझन और बढ़ गई। सोमवार को जारी इस फैक्ट शीट में तीन ऐसी बातें हैं, जिनका जिक्र 6 फरवरी को अमेरिका की ओर से जारी साझा बयान में नहीं था। इसमें वह प्रावधान भी है, जिसमें रूसी तेल की खरीद पर भारत की प्रतिबद्धता को अमेरिका के सरकारी बयान का हिस्सा बनाया गया है।

रूसी तेल को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का भी जिक्र

जानकारी के मुताबिक, भारत की ओर से टैरिफ घटाने और खत्म करने संबंधी लिस्ट में पहली बार कुछ दालों को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा 500 बिलियन डॉलर की संभावित खरीद में अमेरिकी कृषि उत्पादों को शामिल किया गया है। अमेरिका ने कहा है कि भारत डिजिटल सेवा कर हटाएगा। ट्रेड को लेकर दोनों एक प्रेजवर्क पर सहमत हैं। ▸▸पेज 10

भारत के साथ डील पर US की फैक्ट शीट

भारत की कुछ दालों पर टैरिफ घटाने या खत्म करने का जिक्र

अमेरिकी औद्योनिक और कृषि उत्पादों पर भारत के टैरिफ कम करने या फिर खत्म करने की बात

$500 बिलियन की संभावित खरीद में अमेरिकी कृषि उत्पाद भी शामिल

तेल न खरीदने का बनाया दबाव: रूस

रूस ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि वह भारत और दूसरे देशों को रूसी तेल खरीदने से रोकने के लिए दबाव बना रहा है। उसने कहा कि अमेरिका आर्थिक दबदबे के लिए टैरिफ और बैन का गलत इस्तेमाल कर रहा है।

US-बांग्लादेश की कपास-गेहूं पर डील

बांग्लादेश ने US के साथ ट्रेड डील की है। बांग्लादेश पर टैरिफ घटाकर 19% किया गया है। अमेरिकी चीजों से बने कुछ कपड़े और परिधान को छूट मिलेगी। कपास के अलावा गेहूं, सोयाबीन के आयात पर बांग्लादेश कोई टैरिफ नहीं लगाएगा।

निकांत जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस रद्द

प्रथमदृष्टया कोई अपराध नहीं बनता: हाई कोर्ट

■ टीम NBT, लखनऊ

हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने कारोबारी निकांत जैन के खिलाफ अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के आरोप में चल रहा आपराधिक मामला रद्द कर दिया है। निकांत पर इन्वेस्ट यूपी के तहत सोलर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की मंजूरी के लिए एक उद्यमी से 5% की रिश्वत मांगने का आरोप था।

निकांत जैन

जानकारी के मुताबिक, एक कंपनी के प्रतिनिधि की ओर से सीएम को भेजी गई शिकायत के आधार पर 20 मार्च 2025 को गोमतीनगर थाने में FIR हुई थी। पुलिस ने निकांत को गिरफ्तार किया था। बाद में इसकी जांच STF को सौंपी गई थी। निकांत की याचिका पर जस्टिस राजीव सिंह की सिंगल बेंच ने 15 मई 2025 को दाखिल चार्जशीट और 17 मई 2025 का तलबी आदेश भी निरस्त कर दिया।

निकांत की ओर से दलील दी गई कि आरोप अस्पष्ट, सर्वज्ञविहीन और कारोबारी प्रतिद्वंद्विता व प्रशासनिक भ्रम का नतीजा है। कहा गया कि विवेचना में नकल-नवंबरी नहीं बनाया गया और कथित एक करोड़ रुपये की बरामदगी भी नहीं हुई है।

सोलर यूनिट के लिए घूस मांगने का था आरोप

कम हो सकती हैं अभिषेक प्रकाश की मुश्किलें

निकांत के खिलाफ चल रहा मामला रद्द होने के बाद इन्वेस्ट यूपी के तत्कालीन CEO आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश की मुश्किलें कुछ कम हो सकती हैं। इस मामले में निकांत जैन को मुख्य आरोपित बनाते हुए दी 20 मार्च 2025 को अभिषेक प्रकाश को सस्पेंड किया गया था। नियुक्ति विभाग ने चार्जशीट देते हुए उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा था। सूत्रों के मुताबिक, उनके खिलाफ की गई शिकायत भी वापस ले ली गई है। ऐसे में उन्हें जल्द बहाल किया जा सकता है।

अभिषेक प्रकाश

कोर्ट ने पाया कि ऐसा कोई साक्ष्य नहीं, जिससे साबित हो कि अभियुक्त ने किसी लोकसेवक को अनुचित लाभ देने की पेशकश की हो। कोर्ट ने कहा कि BNS व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कोई अपराध प्रथमदृष्टया बनता ही नहीं। साथ ही शिकायतकर्ता ने खुद स्वीकार किया है कि शिकायत गलतफहमी के आधार पर दर्ज करवाई थी।

एनकाउंटर की धमकी देकर वसूली, 3 पुलिसवाले सस्पेंड

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ: लोहियानगर थाने के SI लेकेंद्र शहू व महेश कुमार ने सोना तस्करी में फंसने और एनकाउंटर की धमकी देकर थाना कारोबारी शशिक से ₹20 लाख वसूल लिए। जांच में आरोप सही मिलने पर SSP ने दोनों के साथ थाना प्रभारी योगेश चंद्र को सस्पेंड कर दिया। वहीं, दोनों आरोपित हिरासत से फरार हो गए। उन पर FIR दर्ज की गई है।

मेरठ का मामला, दो SI हिरासत से फरार

विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला को हटाने का नोटिस दिया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए विपक्ष ने मंगलवार को नोटिस सौंपा। इस पर कांग्रेस, सपा समेत कई दलों के 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। TMC ने साइन नहीं किए हैं। विपक्ष का कहना है कि स्पीकर निष्पक्ष होकर सदन नहीं चला रहे। सूत्रों के मुताबिक, नोटिस पर 9 मार्च को चर्चा हो सकती है। इस पर फैसला होने तक ओम बिरला सदन में नहीं जाएंगे। ▸▸पेज 10

नोटिस पर 118 सांसदों के हैं साइन

फटाफट खबरें

सहायक चकबंदी अधिकारी सस्पेंड

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : संत कबीर नगर के सहायक चकबंदी अधिकारी राम दरश को सस्पेंड कर दिया गया है। वह कार्यकई चकबंदी के दौरान गंभीर अनियमितता बरतने और पीड़ित परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में दोषी पाई गई है। चकबंदी आयुक्त अखिलेश भास्कर यादव ने इसका आदेश जारी कर दिया है। सहजनौरनगर की तहसील धनघटा के ग्राम सरौनी में चकबंदी प्रक्रिया के दौरान यह बात सामने आई थी कि मृतक प्रभुनाथ प्रजापति के परिवारीजनों के मूल गाटा नंबरों को नियम विरुद्ध बदलकर 'उदान चक' दिखा दिया। समय रहते आपत्ति का नियमानुसार निराकरण नहीं किया गया। मामले में लेखपाल को पूर्व में निलंबित किया जा चुका है।

खाद्य प्रसंस्करण के 15 प्रॉजेक्ट्स को मिली मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी में खाद्य प्रसंस्करण के 15 नए प्रॉजेक्ट्स को मंगलवार को मंजूरी मिली। विभागीय अपर मुख्य सचिव वीरल मौना की अध्यक्षता में हुई अप्रोजल समिति की बैठक में इन प्रॉजेक्ट्स को हरी झंडी दी गई। खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय में हुई बैठक में 16 प्रॉजेक्ट का प्रेजेंटेशन हुआ, जिन प्रॉजेक्ट को मंजूरी दी गई उनमें करीब ₹140 करोड़ के निवेश होंगे। अप्रोजल समिति ने कानपुर नगर के दो, कानपुर देहात, हापुड़ा, एटा, शाहजहांपुर, शामिली, प्रयागराज, गोरखपुर, जालौन, कुशीनगर, बाराबंकी, वाराणसी, अमेठी और मुरादाबाद का एक-एक प्रॉजेक्ट है। इनमें सेक्टर प्रॉजेक्ट्स छह, डेमो प्रॉजेक्ट्स एक, रेडी टू कुक प्रॉजेक्ट एक, रेडी टू ईट प्रॉजेक्ट एक, कुकुरुट आहार का एक, प्रॉजेन फ्रूट एवं वेजिटेबल का एक, लिक्विड न्यूक्लेज का एक, डी-आइल का एक, टोमैटो सास का एक और ट्रांसफॉर्म सब्सिडी का एक प्रॉजेक्ट है।

नहीं दिया संपत्ति का ब्योरा, अब रुकेगा वेतन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी के नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के कई अधिकारी कर्मचारियों ने 31 जनवरी बीतने के बाद भी अपनी चल अचल संपत्तियों का ब्योरा विभाग को नहीं दिया है। अब निकाय निदेशालय के निदेशक अनुज झा की तरफ से सभी नगर आयुक्तों और अधिशासी अभियंताओं को पत्र भेजा गया है। इसमें चेतावनी दी गई है कि जिन अधिकारी, इंजिनियर और कर्मचारियों ने चल अचल संपत्ति का ब्योरा नहीं दिया है, उनके फरवरी का वेतन रोक दिया जाएगा। इससे पहले दिसंबर में भी कर्मचारी अधिकारियों को इसके लिए पत्र भेजा गया था। अब निदेशक ऋतु सुहास की तरफ से जानकारी न देने वालों का प्रमोशन के साथ ही उन्हें मिलने वाले लाभ रोकने की चेतावनी दी गई थी।

1.40 करोड़ को खिलाई जाएगी फाइलेरिया की दवा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : प्रदेश में 1.40 करोड़ लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस अभियान का शुभारंभ किया। जिला सीएमओ ब्रजेश पाठक के मुताबिक यूपी के शाहजहांपुर, बलिया, बाराबंकी, चित्रकूट, उन्नाव, प्रतापगढ़, अयोध्या, भदोही, हरदोई, कौशांबी, प्रयागराज, सोनभद्र, अंबेडकरनगर, औरैया, बहराइच, बांदा, फतेहपुर, खीरी, लखनऊ, पीलीभीत और रायबरेली में फाइलेरिया के मरीज वाली जिलों की तुलना में ज्यादा है। ऐसे में इन जिलों के 64 ब्लॉक यूनिटों में ज्यादा सर्वलेंस के साथ अभियान चलेगा। अभियान के शुभारंभ समारोह में राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) अमित घोष, डीजी हेल्थ डॉ.पवन कुमार, एनाएचएम की एमडी डॉ.प्रिंकी जोयल मौजूद रही।

इटावा में आगरा एक्सप्रेसवे के पास बनेगा ट्रॉमा सेंटर: योगी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी पेट्रोलियम इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, सैफई (PGIMS) को इटावा में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के पास लेवल वन का ट्रॉमा सेंटर बनाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा कि 250 बेड का यह ट्रॉमा सेंटर एक्सप्रेसवे के समीप स्थापित किया जाएगा, जिससे सड़क दुर्घटनाओं सहित अन्य आपात परिस्थितियों में घायलों को त्वरित एवं उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

सैफई पीजीआई की बैठक में सीएम ने दिए निर्देश, 250 बेड का होगा सेंटर

योगी आदित्यनाथ

सीएम ने मंगलवार को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे विश्वविद्यालय परिसर से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिसके कारण दुर्घटना पीड़ितों के उपचार में बहुमूल्य समय नष्ट होता है। प्रस्तावित ट्रॉमा सेंटर का संचालन मेडिकल यूनिवर्सिटी करेगा। बैठक में यह तय हुआ कि इंटरनेशनल मेडिसिन यूनिट की स्थापना की जाएगी। इसके जरिए एलोपैथी एवं आयुष पद्धतियों के समन्वय से रोगी-केंद्रित उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। आयुष विभाग के सहयोग से इंटरप्रेटिव मेडिसिन, वेलनेस इकाई स्थापित की जाएगी।

सेटर फॉर रूरल हेल्थ बनेगा : सीएम ने ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 'सेंटर फॉर रूरल हेल्थ' की स्थापना के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिम्मेदार कार्यपालन तैयार की जाए, जिसमें टेली-मेडिसिन, वर्चुअल मेडिसिन, डिजिटल डेटा एकीकरण तथा मोबाइल आउटरीच जैसी सेवाएं शामिल हों। संस्थान को वेस्ट एवं सेप्टल यूनिट के लिए उच्चस्तरीय चिकित्सा, शिक्षण एवं शोध के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। देश के अच्छी चिकित्सा एवं तकनीकि संस्थानों की बेस्ट प्रैक्टिसेस का अध्ययन कर उन्हें यहां लागू करें।

युवाओं को टैबलट देने के लिए बढ़ सकती है धनराशि

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : योगी सरकार बजट में युवाओं को दिए जाने वाले टैबलट के लिए धनराशि आवंटन बढ़ा सकती है। मौजूदा समय में राज्य सरकार हर साल प्रदेश के 40 लाख से अधिक युवाओं को टैबलट वितरित करने का लक्ष्य रखा है। पहले इस योजना में स्मार्टफोन का भी वितरण किया जाता था। मगर बाद में सरकार ने फैसला लिया कि सिर्फ टैबलट का ही वितरण किया जाएगा। इसके अलावा युवाओं को रोजगार मुहैया करवाने और उनके क्षेत्रर उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने के लिए स्किल डिवेलमेंट पर भी राज्य सरकार का खास फोकस होगा। अलग-अलग क्षेत्रों में स्किल डिवेलमेंट के लिए भी योजना का ऐलान किया जा सकता है।

42,000 करोड़ से ज्यादा का हो सकता है PWD का बजट : प्रदेशभर में रोड नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग को इस बार 42 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा मिल सकते है। राज्य राजमार्गों से लेकर शहरों के बाईपास, गांव की सड़क, धर्मार्थ मार्ग, लिंक मार्गों के साथ ही सेतुओं को बनाया जाएगा।

कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर होगा फोकस : कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरकार पुलिस महकमे को 45 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा दे सकती है। कानून-व्यवस्था में एआई के इस्तेमाल और साइबर सिक्योरिटी के लिए भी अलग से रकम का इंतजाम हो सकता है। जेरो पैसेलिटी योजना के तहत दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए 1300 करोड़ तक क्यों व बस स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए 100 करोड़, ग्राम पंचायत एवं प्रत्येक विकास खंड में बस स्टाप बनाने के लिए सरकार 1200 करोड़ रुपये दे सकती है। इलेक्ट्रिक-डीजल बसें खरीदने के लिए दो हजार करोड़ रुपये मिल सकते हैं। हवाई सफर बेहतर बनाने के लिए नेवर सहित सभी हवाई पट्टियों के निर्माण के लिए दो हजार करोड़ रुपये दिए जा सकते हैं। ओरंदरोमेव जलमार्ग प्राधिकरण के लिए भी सरकार 500 करोड़ रुपये दे सकती है।

हर मंडल में स्पोर्ट्स कॉलेज के वादे को बजट से मिलेगा संबल : प्रदेश में खेल को बढ़ावा देने पर राज्य सरकार का खास फोकस बजट में होगा। बजट में खेल को बढ़ावा देने के लिए भी एक हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की जा सकती है। आगरा, मीरनापुर, देवीपाटन, झांसी, मुरादाबाद, अयोध्या, बरेली व अलीगढ़ में स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना के लिए करीब 20 करोड़ रुपये देने के साथ सरकार मेरठ के मेजर ध्यानचंद राज्य खेल विवि में स्पोर्ट्स साइंस लैब बनाने, निम व खेल उपकरण, पुस्तकों आदि के लिए भी 42 करोड़ रुपये से ज्यादा दे सकती है। ग्रामीण स्टेडियम व ओपन जिम के लिए 350 करोड़ रुपये सरकार दे सकती है।

UP BUDGET 2026-27

दस्तावेज़ नहीं, डबल इंजन की विकासशील सोच का प्रतिबिंब होगा बजट : वित्तमंत्री

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : चुनावी साल के इस बजट में राज्य सरकार का फोकस कानून व्यवस्था, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर होगा। मंगलवार को इसके संकेत वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने दिए।

वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बजट 2026-27 पर किए हस्ताक्षर

वित्त मंत्री ने मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि बजट प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं, विकास की जरूरतों और सुशासन की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए अंतिम रूप दिया गया है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि डबल इंजन सरकार की विकासशील सोच और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतिबिंब है। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने बीते वर्षों में कानून-व्यवस्था, निवेश और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में जो भरोसा कायम किया है, यह बजट उसी भरोसे को और सशक्त करता है।

आज बजट और कैग पर लगेगी मुहर

विधानसभा में पेश किए जाने वाले बजट पर मुहर लगाने के लिए बुधवार की सुबह कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है। बैठक में यूसीसीएल, गांजियाबाद विकास प्राधिकरण, लखनऊ मेट्रो, स्वावलंबन उद्यम और आयुष विभाग से जुड़ी कैग रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखे जाने को भी हरी झंडी दी जाएगी। चित्रकूट लिंक परियोजना की आरएफपी पर भी कैबिनेट में चर्चा होगी।

आरक्षण के मुद्दे पर सपा ने सरकार को घेरा, नारेबाज़ी

कहा-डाका डाला जा रहा, डिप्टी सीएम बोले-जिसका जितना आरक्षण है, उसे मिलेगा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : विधान परिषद में मंगलवार को सपा ने आरक्षण के मुद्दे पर सरकार को घेरा। तीखी बहस के बाद सपा सदस्यों ने वेल में नारेबाजी की और धरना देकर बैठ गए। सरकार की तरफ से नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि जिसका जितना आरक्षण है, वह उसको मिलकर रहेगा। हम आरक्षण को सुनिश्चित करवाएंगे।

शून्य काल में सपा ने नारे लगाने के तहत नौकरियों में आरक्षण का मुद्दा उठाया। आशुतोष सिन्हा ने कहा कि लोक सेवा आयोग की भर्तियों में आरक्षण के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। नन्द सिंह यादव ने कहा कि गलती एक बार हो सकती है। बार-बार गलती दोहराई जाए तो नीयत पर शक होता है। किरण पाल कश्यप ने कहा कि ओबीसी के पदों पर डाका डाला जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि आरक्षण घोटाला हो रहा है। अधिकारी आरक्षण के नियमों का पालन नहीं कर रहे या फिर सरकार गलत करने के लिए प्रेरित कर रही है। ऐसा नहीं तो गलत करने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? इस पर नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विज्ञापन में कुछ विसंगतियां हुई हैं, लेकिन हमारी सरकार आरक्षण सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराती है। सपा सरकार में एक जाति और एक परिवार को आरक्षण का लाभ जाता था। गलती करने वाले अफसरों पर कार्रवाई न करने को लेकर सपा सदस्य नारेबाजी करने लगे और वेल में आ गए। वेल में ही वे धरना देकर बैठ गए। सभापति के कई बार कहने के बावजूद वे नहीं उठे तो सभापति ने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

केशव प्रसाद

इंवेस्टर्स समिट से 3.91 लाख को रोजगार मिला

विधान परिषद में सरकार की ओर से उद्योग मंत्री नंद गोपाल नंदी ने जानकारी दी कि इंवेस्टर्स समिट से प्रदेश में 3,91,044 लोगों को रोजगार मिला है। सपा सदस्य मन सिंह यादव के सवाल पर उन्होंने बताया कि इंवेस्टर्स समिट के बाद अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हो चुकी है। इसमें कुल 14,701 परियोजनाएं जमीन पर उतरी। इनसे 10,01,056 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। इससे 3,91,044 लोगों को रोजगार मिला।

सपा एमएलसी से अभद्रता की होगी जांच

सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा से पुलिस की अभद्रता मामले की जांच होगी। इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने के भी निर्देश विधान परिषद के सभापति ने दिए हैं। उन्होंने डीजीपी को इस बाबत निर्देश दिए हैं। आशुतोष ने मंगलवार को विधान परिषद में विशेषाधिकार हनन के तहत यह मुद्दा उठाया था।

आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के ईपीएफ का मुद्दा उठा

विधान परिषद में भाजपा सदस्य विजय बहादुर पाठक ने आउट सोर्सिंग कर्मचारियों के ईपीएफ का मुद्दा उठाया। उन्होंने शून्य काल में सूचना दी कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के ईपीएफ की कटौती वेतन से की जा रही है, लेकिन यह रकम उनको खाते में नहीं पहुंच रही। कर्मचारी विभागाध्यक्षों से इसकी शिकायत कर रहे हैं।

विधायक श्याम बिहारी और विजय सिंह के निधन पर विधानसभा में शोक

दो मिनट के मौन के बाद सदन की कार्यवाही बुधवार तक स्थगित

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को बरेली की फरीदपुर सीट से भाजपा विधायक श्री. श्याम बिहारी लाल और सोनभद्र की दुद्धी सीट से सपा विधायक विजय सिंह के आकस्मिक निधन पर विधानसभा में शोक व्यक्त किया गया। सीएम योगी सहित पूरे सदन ने दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत सदस्यों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक के बाद सदन की कार्यवाही बुधवार तक स्थगित कर दी गई।

सदन में शोक प्रस्ताव रखते हुए नेता सदन (सीएम) योगी आदित्यनाथ ने विधायक भाजपा विधायक श्याम बिहारी लाल के आकस्मिक निधन को पूर्व की रानीगंज के सांसद शिवा जनता की अप्रत्याशित क्षति बताया। सपा विधायक विजय सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नेता सदन ने कहा कि वह अलग-अलग के विधानसभा सदस्य थे। मुलायम सिंह सरकार में राजमंत्री रहे विजय सिंह जनजातीय समाज की सशक्त आवाज थे। उन्होंने जल, जंगल और जमीन के अधिकार को सदैव प्राथमिकता दी। नेता सदन ने दोनों सदस्यों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। सदन में नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडेय, अपना दल (एस) के नेता राम निवास वर्मा, आरएलडी के नेता राजपाल बालियान, सुभासपा नेता ओम प्रकाश राजभर, निषाद पार्टी के अनिल कुमार त्रिपाठी, कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा (मोना) और जनसत्ता दल के विधायक विनोद सरोज ने भाई को नेता सदन के भाई से जोड़ते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि दोनों विधायकों के आकस्मिक निधन से पूरा सदन शोकाकुल है। उन्होंने दोनों की आत्माओं को शांति और शोकाकुल परिवारों को संवेदनाएं व्यक्त की।

सदन में मोबाइल की रिंग बजी, अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

विधानसभा में मंगलवार को जिस समय दिवंगत सदस्यों की आत्मा की शांति के लिए शोक जताया जा रहा था, उस दौरान कई विधायकों के मोबाइल फोनों की रिंग बज गई। हालांकि, दो विधायकों ने तो तत्काल फोन बंद कर लिया। लेकिन, भाजपा विधायक चौधरी बाबू लाल के मोबाइल पर रिंग बजने के बाद काल रिसीव की और बात करनी शुरू कर दी। अध्यक्ष ने इस पर नाराजगी जताई।

सबकी जुबां तक देसी स्वाद पहुंचाएगी इको टूरिजम वैन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : देसी व्यंजनों को वैश्विक बनाने के लिए शुरू किए गए वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रॉडक्ट की तर्ज पर सरकार ने देसी स्वाद को दुनिया के मेजों पर पहुंचाने की कवायद शुरू की है। इसके लिए यूपी दिवस पर वन डिस्ट्रिक्ट, वन कुजीन (ODOC) योजना लांच की गई है। इसकी ब्रैंडिंग के लिए पर्यटन विभाग हर जिले में इको ट्रूरिजम वैन संचालित करेगा। इसमें व्यंजन के इतिहास के साथ ही उसके स्वाद के आस्वाद की भी सुविधा उपलब्ध होगी।

सरकार ने ODOC के तहत हर जिले से एक कुजीन चुना है जिसकी पैकेजिंग, ब्रैंडिंग और मार्केटिंग पर फोकस किया जा रहा है। व्यंजनों की समानता एवं विशिष्टता के आधार पर कुजीन क्लस्टर भी बनाए गए हैं। अब इसे आम लोगों तक सुलभ बनाने की कवायद शुरू की गई है।

ऑनलाइन बुकिंग सुविधा रहेगी : यूपी इको-टूरिजम डिवेलपमेंट बोर्ड ने वैन संचालित करने का प्रस्ताव किया है। इसके तहत पुराने क्यों को लेकर उसकी रिमॉडलिंग कर इको वैन में बदला जाएगा। वैन के भीतर एक्सेंटेड रियलिटी (AR)/ वर्चुअल रियलिटी के जरिए संबंधित कुजीन के इतिहास, उसके तैयार होने की विधि एवं विशेषता की जानकारी दी जाएगी। साथ ही संबंधित जिले के प्रचलित व्यंजन की सुविधा भी दिए जाने का प्रस्ताव है। पहले चरण में इस योजना को लखनऊ, मथुरा और वाराणसी में शुरू किया जाएगा और फिर सभी जिले जोड़े जाएंगे।

महोत्सव में प्रमेय सन इंटरप्रिटेशन सेंटर : स्कॉटल टर्नल योजना के तहत महोत्सव में सन इंटरप्रिटेशन सेंटर विकसित किया जा रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 4,210 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित यह सेंटर भारतीय परंपरा में सूर्य से जुड़े वैज्ञानिक महत्व और सांस्कृतिक कथाओं को सरल व रोचक तरीके से बताएगा। सेंटर की छत का डिजाइन दिन के आठ प्रहरों- उषा, पूर्वाह्न, मध्याह्न, अपराह्न, सायंकाल, प्रदोष, निशीथ और विशाम का प्रतीक होगा। सनग्रावल (सूर्यपट्टी) भी लगाई जाएगी, जो सूरज की पहली किरण के आधार पर समय बताएगी। सेंटर में इंटरैक्टिव गैलरियां होंगी। एक गैलरी भारतीय और पश्चिमी धार्मिक मान्यताओं को जोड़ते हुए सूर्य और प्राचीन ग्रीक देवता हेलिओस की कहानी को दीवारों पर बने चित्रकारी और म्यूरियों के माध्यम से पेश करेगी। एक अन्य गैलरी में भारत के प्रमुख सूर्य मंदिरों जैसे कोणार्क सूर्य मंदिर और मार्तंड सूर्य मंदिर को आर्किटेक्चरल मॉडल और विजुअल एलिमेंट्स के माध्यम से दिखाया जाएगा। सूर्य और एस्ट्रोनॉमी गैलरी में मौसम, कैलेंडर और आकाशीय गतिविधियों को तय करने में सूर्य की भूमिका को समझाया जाएगा। यह अनुभव सूर्य और एस्ट्रोलॉजी गैलरी के साथ समाप्त होगा, जहां 3D प्रोजेक्शन और सर्कुलर हेलकस के जरिए सूर्य और मानव जीवन के आपसी संबंध को रोचक ढंग से दर्शाया जाएगा।

पर्यटन विभाग ODOC की ब्रैंडिंग के लिए हर जिले में चलाएगा वैन, व्यंजन भी उपलब्ध होंगे

मनीष सिंह CISF के DIG बने

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीआईएसएफ में तैनात लखनऊ के मनीष सिंह को डीआईजी पद पर प्रोन्नति दी गई है। संघ लोक सेवा आयोग की संस्तुति पर उन्हें डीआईजी बनाया गया है। मनीष सिंह को सीआईएसएफ पूर्वी क्षेत्र दो प्रयागराज में डीआईजी के पद पर नई नियुक्ति दी गई है। मनीष सिंह सीआईएसएफ के प्रमाणित सुरक्षा सलाहकार भी हैं। उन्होंने आईआईटी खड़गपुर, ओडिशा मार्इनिंग कारपोरेशन लिमिटेड और लो मार्टिनियर कॉलेज लखनऊ में अपनी पराक्रमी सेवाओं के जरिए सीआईएसएफ का प्रतिनिधित्व किया है।

UGC रेगुलेशन के समर्थन में अपना दल कमेरावादी ने निकाला मार्च

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अपना दल कमेरावादी ने मंगलवार को सामाजिक, छात्र और युवा संगठनों के साथ यूजीसी ईक्विटी रेगुलेशन 2026 को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर मार्च निकाला।

प्रदेशभर से आए युवाओं ने सिराथू विधायक डॉ.पल्लवी पटेल के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। यह मार्च आईटी चौराहे से शुरू होकर विधान भवन की ओर बढ़ा, तो पुलिस लाइंस के सामने पुलिसकर्मियों ने उसे रोक लिया। मार्च रोके जाने से नाराज पल्लवी पटेल वहीं सड़क पर धरने पर बैठ गईं। उन्हें वहां से हटाने को लेकर पुलिसकर्मियों के साथ उनकी तीखी नोकझोंक हुई और बाद में पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन के दौरान विधायक डॉ.पल्लवी पटेल ने कहा कि जाति लिंग धर्म व अक्षमता के आधार पर उच्च शिक्षा संस्थानों में हो रहे भेदभाव व उत्पीड़न की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों पर यूजीसी ईक्विटी रेगुलेशन 2026 लाया गया था। जिसे कुछेक के आधार प्रायोजित विरोध की आड़ में न्यायिक प्रक्रिया में ले जाकर फंसा दिया गया। इसके लागू होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

विधायक पल्लवी पटेल और पुलिस के बीच हुई तीखी नोकझोंक



राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए 15 शिक्षकों का चयन, पांच को सीएम शिक्षक पुरस्कार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राज्य शिक्षक पुरस्कार-2025 का ऐलान कर दिया गया है। कुल 15 शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चुना गया है। वहीं, पांच शिक्षक मुख्यमंत्री शिक्षक पुरस्कार के लिए चुने गए हैं।

गाजियाबाद के जाहिर लाल इंटर कॉलेज के रैनू तोमर, वाराणसी के यदव प्रताप इंटर कॉलेज के रमेश प्रताप सिंह, राबर्ट्सगंज के गंधी विद्यालय इंटर कॉलेज के गिरजेश माल, मुरादाबाद के राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर के अनुज अग्रवाल, गोरखपुर के एलपीके इंटर कॉलेज मोहन्नर प्रसाद त्रिपाठी, संतकबीरनगर के हीरा लाल रामनिवास इंटर कॉलेज के प्रलय ओझा, अंबेडकर नगर, समपुर के जैन इंटर कॉलेज के गैरव वार्ष्णेय, हापुड़ के राजकीय इंटर कॉलेज अनूपखुर्द के अमित शर्मा, भदोही के विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज ज्ञानपुर के हरीश चंद्र यादव, चित्रकूटबादा के महाबीर दिनकर जैन इंटर कॉलेज के अश्वनी जैन, बरेली के गुलबर राय इंटर कॉलेज के संजय सिंह, बरेली के दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज के रामचरन, आगरा के एमपी जैन इंटर कॉलेज के गुणधर लाल जैन, वाराणसी के बंगाली टोला इंटर कॉलेज के प्रकाश नारायण सिंह को राज्य पुरस्कार के लिए चुना गया है।

लखीमपुरी खीरी के पं.दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के चेतन्य प्रताप सिंह, प्रयागराज के ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के विक्रम बहादुर सिंह, झांसी के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की कल्पना सिंह, गाजियाबाद के मयंक दयानंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज के आनंद कुमार और बरेली के जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के विनय पाल को मुख्यमंत्री शिक्षक पुरस्कार के लिए चुना गया है।

ललित मुद्गल बने पहले गैर IPS अभियोजन निदेशक

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी सरकार ने ललित मुद्गल को अभियोजन निदेशक नियुक्त किया है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद मंगलवार को गृह विभाग की ओर से इसका आदेश जारी कर दिया गया।

ललित मुद्गल अभियोजन संवर्ग के पहले अधिकारी हैं, जिन्हें प्रमोशन देकर निदेशक बनाया गया है। अभी तक इस पद पर सीनियर आईपीएस अधिकारी की तैनाती होती थी। ललित मुद्गल वर्तमान में अभियोजन विभाग के परिशेष कार्यालय गोरखपुर में अपर निदेशक के पद पर तैनात हैं। उनके गुरुवार को कार्यभार ग्रहण करने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल प्रयागराज में हुई योगी कैबिनेट की बैठक में अभियोजन निदेशक के पद पर गैर आईपीएस को तैनात किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। अलीगढ़ निवासी ललित ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पढ़ाई पूरी की थी। वह जुलाई 1997 में अभियोजन सेवा में आए थे।



ललित मुद्गल

निर्माणाधीन परियोजनाओं को दिसंबर तक पूरा करें: स्वतंत्र देव

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सिंचाई विभाग की सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं को दिसंबर 2026 तक पूरा करवाने के निर्देश दिए हैं।

सिंचाई विभाग की समीक्षा बैठक में जलशक्ति मंत्री ने धीमी प्रगति वाली परियोजनाओं पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्य संतुष्टि में किसी भी स्तर पर शिथिलता, लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि हर परियोजना की मासिक मॉनिटरिंग की जाए, बाधाओं की पहचान कर उन्हें तत्काल दूर किया जाए तथा कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। गुणवत्ता या समयसीमा में चूक पर संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बुंदेलखंड मधुवा मिश्रित नदी घाटी के विस्तार, नहरीकरण और सौंदर्यीकरण परियोजना की समीक्षा करते हुए मंत्री ने निर्देश दिए कि कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। इसके अतिरिक्त मंत्री ने एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को देखते हुए अगले वर्षों में पूर्ण होने वाली 09 परियोजनाएं, मध्यमंगे नहर परियोजना (द्वितीय चरण), एच बहुद्देशीय बांध परियोजना, बटाईं सिंचाई परियोजना, मैरह बांध के साथ अन्य परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

स्वतंत्र देव सिंह

'पशुधन और डेयरी क्षेत्र में व्यवसाय की पर्याप्त संभावनाएं'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : पशुधन और डेयरी क्षेत्र में व्यवसाय की पर्याप्त संभावनाएं हैं। यह बात अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने मंगलवार को पशुपालन विभाग और यूपी इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में आयोजित गंगेष्वरी में कही। पशुधन क्षेत्र में व्यावसायिक अवसरों की खोज विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में मेश्राम ने विभाग की योजनाओं में साझेदारी की अपील की।

निदेशक पशुपालन डॉ.मेम्पाल सिंह ने कहा कि पशुधन यूपी की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का प्रमुख स्तंभ है। यह पशुपालकों और किसानों किसानों की आय बढ़ोतरी के साथ ही रोजगार सृजन, पोषण सुरक्षा और निर्यात संवर्द्धन में भी अहम भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में विशेष सचिव पशुपालन देवेंद्र पांडेय ने इस क्षेत्र में तकनीकी जानकारी बढ़ाने के मकसद से समय-समय पर उद्यमियों और विशेषज्ञों के साथ वर्कशॉप आयोजित करने की बात कही। गोष्ठी में इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य एसोसैम के सदस्यों सहित की उद्यमी और विशेषज्ञ शामिल हुए।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज अदरक अंडा भात में प्रमुख अमरुती एवं लक्ष्मी भात में पद्मम का प्रबल योग बन रहा है। रात 9 बजे तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। रात में 9 बजकर 30 मिनट पर पद्मम नीच राशि में प्रवेश करेगा, इससे मंगलवासी में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

TARUS 20 Apr - 19 May
आज अपना ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी दोस्त्रान की वाह से मन को सुकून मिलेगा। कारगुरी विवाद में सफलता, स्वास्थ्य परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन व मनोवांछित सिद्धि होगी।

GEMINI 21 May - 21 Jun
आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी विशिष्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी, अपने से सीनियर का स

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG3 User: pratik.awasthi@timesofindia.co Time: 02-11-2026 00:41 Color:

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालयम में अब मकैनिकल और सिविल के छात्र भी AI का पाठ पढ़ेंगे। -p4

फिनहट के लौलाई गांव में एक क्लब के जीएम की कार में सोमवार रात तोड़फोड़ और फायरिंग भी की गई -p5

141 रहा लखनऊ का AQI मंगलवार को, जो मॉडरेट था।

1912 पर बिजली से संबंधित किसी भी समस्या के लिए फोन कर सकते हैं।

29 लाख हाउस टैक्स नहीं भरा, सीज़ किया जल निगम का खाता

हाउस टैक्स की वसूली के लिए नगर निगम ने अब सरकारी संस्थानों पर भी शिकंजा कसना शुरू किया

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

बकाये हाउस टैक्स की वसूली के लिए नगर निगम ने अब सरकारी संस्थानों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मंगलवार को जोन-7 की टीम ने इंदिरा नगर सेक्टर-24 स्थित जल निगम कॉलोनी पर 29 लाख रुपये का टैक्स बकाया होने पर कार्रवाई करते हुए जल निगम का बैंक खाता सीज कर दिया। इसके अलावा, शहर के विभिन्न जोनों में बड़े बकायेदारों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई भी की गई।

इन प्रमुख प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई

- LDA की 7 संपत्तियां (जोन-8): करीब 1.01 करोड़ रुपये का टैक्स बकाया होने पर सीलिंग।
- बाबा लेटल (जोन-2): 52.60 लाख रुपये के बकाये पर कार्रवाई।
- जैन ट्रस्ट (पान दरीबा): 6.60 लाख रुपये बकाया।
- होटल प्रयागः 3.63 लाख रुपये का हाउस टैक्स बकाया।
- होटल गायत्रीः 3.45 लाख रुपये बकाया।
- सनप्रा फूड प्रोडक्ट्सः 55 हजार रुपये से अधिक के बकाये पर कार्रवाई।

बार-बार नोटिस के बाद भी नहीं दिया टैक्स

जोन सात की कर अधीक्षक अजीत राय ने बताया कि इंदिरा नगर सेक्टर-24 (भवन संख्या 24/002) पर लंबे समय से हाउस टैक्स बकाया था। विभाग की ओर से कई बार रिमाइंड नोटिस जारी किए गए और व्यक्तिगत स्तर पर भी संपर्क किया गया, लेकिन भुगतान न होने पर उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 की धारा 509 से 516 के तहत बैंक खाते को कुर्क/सीज करने का फैसला लिया गया। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि टैक्स जमा न करने वाले संस्थानों और संपत्तियों के खिलाफ इसी तरह की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

होटल और LDA की संपत्तियों पर 'चाबुक'

नगर निगम के जोन-2 और जोन-8 में भी बड़े बकायेदारों के खिलाफ सख्ती से अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान कई होटल और एलडीए की संपत्तियों को सील किया गया। नगर निगम आगे भी ऐसी बड़ी कार्रवाई कर सकता है।

शहर में आज

- बजट चर्चाः उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की ओर से बजट पर व्यापारियों का संवाद कार्यक्रम। स्थानः यादव कॉम्प्लेक्स, लेखराज मेट्रो स्टेशन। सुबह 10:00 बजे।
- दस्तक यूथ फेस्टिवलः दस्तक यूथ फेस्टिवल-2026 का रजारंग आयोजन। स्थानः बौद्ध शोध संस्थान, गोमती नगर, सुबह 10:00 बजे।
- श्रद्धांजलि पूर्वी सरकार समारोहः पद्मश्री मालिनी अवस्थी का। स्थानः 11-गौतमपल्ली कॉलोनी, सुबह 11:00 बजे।
- विशेष कार्यक्रमः इनर व्हील क्लब ऑफ लखनऊ प्रेरणा। क्लब की ओर से आयोजित विशेष कार्यक्रम। स्थानः होटल डैड जेबीआर। सुबह 11:30 बजे।
- पुरस्कार वितरणः करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह। स्थानः कॉलेज परिसर, इंदिरा नगर, सुबह 11:30 बजे।
- रेल सेवा पुरस्कारः आरडीएसओ : रेल सेवा पुरस्कार वितरण समारोह। स्थानः RDSO प्रेक्षागृह। शाम 5:30 बजे।

सराफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
लखनऊ	₹1,61,175
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
लखनऊ	₹2,90,000

अर्थसार

सेंसेक्स	84,273.92 (+208.17)
निफ्टी	25,965.15 (+67.85)
क्रूडऑयल	90.57 (+0.17)
रुपया	107.86 (+0.82)

मौसम

अधिकतम तापमान 26.4°

न्यूनतम तापमान 10°

सूर्योदय बुधवार 5:56 | सूर्यास्त बुधवार 6:46

एनएसए की ओर से EPF और ESI गबन करने के आरोप में पांच कार्यदायी संस्था के खिलाफ दी गई तहरीर

कर्मचारियों के ₹1.14 करोड़ डकारे

विधानसभा में कैग रिपोर्ट के बाद गठित लोक लेखा समिति ने नगर निगम में हुए भ्रष्टाचार को किया था उजागर

2013 से लेकर 2015 के बीच पांच हजार से ज्यादा कर्मचारियों का ईपीएफ व ईएसआई का हुआ था गबन

तहरीर में लॉयन सिक्योरिटी व उससे जुड़ी हुई फर्मों का नाम नगर निगम ने किया बाहर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

नगर निगम में 1.14 करोड़ रुपये की भारी भरकम रकम गबन करने का आरोप सफाई से जुड़ी कई कार्यदायी संस्थाओं पर लगा है। पांच हजार से ज्यादा कर्मचारियों का ईपीएफ व ईएसआई गबन करने का आरोप है। विधानसभा में पिछले साल प्रस्तुत कैग रिपोर्ट के बाद लोक लेखा समिति की जांच में यह बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया था। समिति ने कर्मचारियों के करोड़ों रुपये डकारने के आरोप में कार्यदायी संस्थाओं से रिकवरी को लेकर अगली रिपोर्ट में पैरवी की थी। लेकिन नगर निगम का दावा है कि लॉयन सिक्योरिटी व उससे जुड़ी कंपनी ने गबन की रकम को विभाग में जमा करवा दिया है। बाकी अन्य पांच कार्यदायी संस्थाओं ने रकम जमा नहीं करवाई। इसके बाद नगर स्वास्थ्य अधिकारी (एनएसए) डॉ. पीके श्रीवास्तव की ओर से हजरतगंज कोतवाली में एफआईआर दर्ज करवाने के लिए तहरीर दी है। तहरीर में पांचों कंपनियों के नाम व रकम को इंगित किया गया है।



AI Image

भ्रष्टाचार का आरोप लगने के बाद भी काम सौंप दिया

कर्मचारियों के करोड़ों रुपये गबन के आरोप में नगर निगम ने पांच कंपनियों के खिलाफ तहरीर दी है। लेकिन आरोप है कि लॉयन सिक्योरिटी व उससे जुड़ी फर्मों के नाम को तहरीर से बाहर कर दिया है। इसे लेकर अफसर तर्क दे रहे हैं कि संबंधित फर्म ने गबन की रकम को नगर निगम में वापस जमा कर दिया है। इसलिए कंपनी के खिलाफ तहरीर नहीं दी गई है। लेकिन सवाल उठ रहा है कि कंपनी का फर्जीवाड़ा पकड़े जाने के बाद वे उसे ब्लैकलिस्ट क्यों नहीं किया गया। बजाए इसके कंपनी को शहर के प्रमुख तीन जोन में फूड उठान और रोड स्वीपिंग का जिम्मा सौंप दिया गया। ऐसे में कंपनी को बचाने का आरोप लग रहा है।

इन कंपनियों पर इतने रकम गबन का है आरोप

कंपनी	रकम
मेसर्स राजश्री	17.88 लाख
स्वच्छकार इंटरप्राइजेज	14.31 लाख
पटका असोसिएट	3.57 करोड़
डुंगन सिक्योरिटी	3.57 करोड़
लॉयन सिक्योरिटी	25 लाख
शार्क सिक्योरिटी	10.73 लाख
ईगल हटिंग	28.62 लाख
अर्यन सिक्योरिटी	10.73 लाख

इन कंपनियों के खिलाफ दी तहरीर

- अर्यन सिक्योरिटी
- मेसर्स राजश्री
- स्वच्छकार इंटरप्राइजेज
- पटका असोसिएट
- डुंगन सिक्योरिटी

सुभासपा विधायक ने सपा पार्षद के पति को बताया भू-माफिया

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नगर निगम मुख्यालय में सुभासपा विधायक बेदी राम मंगलवार को नगर आयुक्त से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने बरवारा में गंगेश्वरी विहार कॉलोनी में अवैध प्रॉपर्टी डीलरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विधायक ने बताया कि स्थानीय पार्षद ममता रावत के पति गौतम रावत भू-माफिया हैं। उन्होंने प्रॉपर्टी डीलर के साथ मिलकर अवैध रूप से सरकारी जमीनों को बेच दिया। अवैध कॉलोनी बनवाई। आरोप लगाया कि भू-माफिया पार्षद पति के कई अवैध निर्माण हैं। वहीं, नगर निगम मुख्यालय में सुभासपा विधायक करीब एक घंटे तक इधर से उधर चक्कर काटते रहे। लेकिन नगर आयुक्त से लेकर अन्य किसी भी उच्च अधिकारी से उनकी मुलाकात नहीं हो पाई। विधायक का कहना है कि नगर आयुक्त के सामने सभी दस्तावेज लेकर आया था। उन्हें दिखाकर बताना था कि मेरा संबंधित प्रॉपर्टी पर कोई कब्जा नहीं है।

पार्षद को नहीं दी गाली : बेदी राम ने पार्षद ममता रावत के आरोपों से इनकार किया है। विधायक का कहना है कि, पार्षद ने जो ऑडियो सुनाया है उसमें उनकी आवाज नहीं है। विधायक ने मांग की है कि संबंधित ऑडियो की जांच पुलिस से लेकर एसटीएफ से जांच करवाई जा सकती है।

विधानसभा में उठाया मामला : विधायक ने कहा कि उनकी तरफ से किसी भी नाले पर कब्जा नहीं किया गया है। अरोप लगाया कि सरकारी नाला कहीं और है। वह उनके मैरिज लॉन के बगल से। उनका कहना है कि मामले में सीएम योगी से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की है। विपक्षी दल की पार्षद ममता रावत के पति उन्हें बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। जमीन पर अतिक्रमण, नाले को बदलने, कथित भू-माफिया, प्रॉपर्टी डीलर का मुद्दा विधान सभा नियम 51 के तहत जनता के समक्ष में उठा चुके हैं।

LDA और नगर निगम की रिपोर्ट में अवैध कब्जा : विधायक का कहना है कि नगर निगम और लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा की गई स्थल जांच और विभागीय पत्रावार से यह स्वीकार किया गया है कि कई स्थानों पर नाले को दबाया गया। उनकी प्राकृतिक लंबाई निर्धारित की गई है जबकि कुछ मामलों में केवल नोटिस जारी कर औपचारिकता निभाई गई है।

सपा पार्षद बोलीं, आरोप गलत : सपा पार्षद ममता रावत ने विधायक के आरोपों को खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि अगर मेरे पति ने कोई जमीन कब्जा की है तो उसके साक्ष्य प्रस्तुत करें। मुकदमे को लेकर विधायक फर्जी बदनाम कर रहे हैं। इस संबंध में बुधवार को मेयर से मुलाकात कर अपना पक्ष रखूंगी। वहीं अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि जमीन की पैमाइश का काम पूरा हो गया है। चक मार्ग पर प्रस्तावित नाले के निर्माण का कार्य किया जाएगा। कहीं कोई विवाद नहीं है। सभी समस्याओं को सुलझा लिया गया है।

रात में हल्की सर्दी बरकरार, दिन में तेज धूप से बढ़ रही है गर्मी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: शहर में मौसम के अजब रंग देखने को मिल रहे हैं। सुबह और रात में ठंड है, वहीं दिन में तेज धूप। मंगलवार को सुबह हल्का कोहरा छाया रहा। वहीं दिन चढ़ते ही धूप तेज हो गई। मंगलवार को दिन का पारा नहीं 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं रात का पारा 10 डिग्री रहा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आगामी दो दिनों के दौरान मौसम शुष्क और साफ रहेगा। मौजूदा समय में किसी भी महत्वपूर्ण मौसमीय गतिविधि के संकेत नहीं हैं। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। कुल मिलाकर मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। शहर में रात से लेकर सुबह तड़के तक धुंध बनी रहेगी जबकि बाद मौसम साफ हो जाएगा।



विराजखंड में बिजली गुल, बिजनौर में 16 घंटे रही दिक्कत

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर: बिजनौर के माली स्थित ठकुराइन खेड़ा गांव में बीती रात ट्रांसफॉर्मर में आई तकनीकी खराबी के चलते पूरे गांव की सप्लाई 16 घंटे ठप रही। ग्रामीणों ने बताया कि शारदा नगर विस्तार पावर हाउस से जुड़े इस गांव में सोमवार रात करीब 11 बजे अचानक बिजली गुल हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि अपर अभियंता को कई बार फोन कर सूचना देने का प्रयास किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। मंगलवार दोपहर करीब 3:30 बजे खराबी दूर कर सप्लाई बहाल की जा सकी। वहीं गोमतीनगर विराजखंड में भी दिनभर बत्ती गुल रही। करीब साढ़े 11 बजे गई बिजली शाम को बहाल हुई।

21 को बिना अपॉइंटमेंट दूर करवा सकेंगे पासपोर्ट की दिक्कतें

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ की ओर से 21 फरवरी को जन शिकायत निवारण मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए किसी अपॉइंटमेंट लेने की जरूरत नहीं होगी। अपने नजदीकी पासपोर्ट कार्यालय पर 21 फरवरी को जाकर पासपोर्ट संबंधी दिक्कतें सुधरवा सकते हैं। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शुभम सिंह ने बताया कि कार्यालय के क्षेत्राधिकार में संचालित चारों पासपोर्ट सेवा केंद्रों लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर और वाराणसी पर जन शिकायत निवारण मेले का आयोजन पहले भी किया जा चुका है। यह मेला सुबह नौ बजे से शुरू होकर अपरेटकों की सभी शिकायतों के निवारण होने तक चलेगा।

काम की खबरें

ग्रीन कॉरिडोर के नीचे खेलेंगे लखनऊवाले

AI Image

- तीन स्थानों पर विकसित किया जाएगा स्पोर्ट्स एरीना
- LDA वीसी ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

ग्रीन कॉरिडोर के नीचे तीन स्थानों पर स्पोर्ट्स एरीना विकसित किया जाएगा, जिसमें बैडमिंटन, बास्केटबॉल, टेनिस, पिकेल बॉल व बॉक्स क्रिकेट की सुविधा मिलेगी। साथ ही बच्चों व युवाओं के लिए किड्स प्ले-एरिया व ओपन जिम भी रहेगा। एलडीए वीसी ने मंगलवार को समन्वयात्मक चौक से डालीगंज के मध्य निर्मित किए जा रहे ग्रीन कॉरिडोर का निरीक्षण करके यह निर्देश दिए।

एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि निशातगंज पुल, हनुमान सेतु और डालीगंज पुल के पास नवनिर्मित ग्रीन कॉरिडोर के नीचे काफी जगह खाली है। यहां लोगों के मनोरंजन व जरूरत के अनुसार सुविधाएं विकसित की जा सकती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए इन तीनों स्थानों पर बच्चों व युवाओं के लिए किड्स प्ले-एरिया, ओपन जिम व स्पोर्ट्स एरीना विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण ने हाल ही में गोमती नगर में स्वरी फ्लाईओवर के नीचे स्पोर्ट्स एरीना विकसित किया है, जहां बास्केटबॉल व बैडमिंटन की सुविधा है। इसी की तर्ज पर ग्रीन कॉरिडोर के नीचे भी खेल सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

डालीगंज पुल, हनुमान सेतु और निशातगंज पुल के पास किया जाएगा विकेलप

रोटरी पर स्कल्पचर्स, मीडियन पर पौधे लगेंगे

समतामूलक चौक से डालीगंज पुल तक ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण अंतिम चरण में है। 22 फरवरी को लोकार्पण के बाद इसे लोगों के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। वीसी ने इस रूट का निरीक्षण करके नवनिर्मित चौराहों पर स्कल्पचर्स लगाने और मीडियन पर पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निशातगंज से हनुमान सेतु के मध्य विकसित किए गए रट्टेश में डबल आर्म स्ट्रीट लाइट्स लगवाई जाएं।

खाटू श्याम मंदिर के पास बनेगी पार्किंग

ग्रीन कॉरिडोर के तहत निशातगंज से हनुमान सेतु के मध्य सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। निर्माधीन में पाया गया कि खाटू श्याम मंदिर के पास सड़क पर वाहन खड़े हो रहे हैं। इसके अलावा सड़क किनारे पूजन सामग्री की अस्थायी दुकानें भी लगती हैं। इस पर वीसी ने मंदिर प्रांगण के पास पार्किंग एवं वेंडिंग जोन विकसित करने के निर्देश दिए हैं, जिससे आने वाले समय में सड़क पर किसी तरह का अतिक्रमण न हो।

होली बाद लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे पर ट्रायल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ और कानपुर के बीच का सफर अब मिनटों में सिमटने वाला है। बहुप्रतीक्षित लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे पर होली के तुरंत बाद ट्रैफिक संचालन का ट्रायल शुरू कर दिया जाएगा। एनएचएआई (NHAI) की तैयारी है कि निरीक्षण के बाद एनओसी मिलते ही। अप्रैल से इस रूट को आम जनता के लिए खोल दिया जाए। इसके शुरू होने के बाद वाहनों लखनऊ से कानपुर का सफर महज 35 से 40 मिनट में तय कर सकेंगे। एक्सप्रेस-वे के सरोजनीनगर इलाके में पोल शिफ्टिंग की वजह से एक पैच का काम रुका हुआ था, जिसे अब युद्धस्तर पर पूरा किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था के प्रभारी अंकुर जैन के मुताबिक, इस अधूरे हिस्से का 70% काम पूरा हो चुका है। बाकी 30% काम को होली तक खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। एलिवेटेड रूट और बनी से कानपुर तक का ग्रीन कॉरिडोर पहले ही बनकर तैयार है।होली के बाद सबसे पहले एलिवेटेड रूट का ट्रायल किया जाएगा। इस दौरान तकनीकी टीम सड़क की मजबूती और सुरक्षा मानकों की जांच करेगी। ट्रायल के दौरान अगर कोई कमी पाई जाती है, तो उसे तुरंत दुरुस्त किया जाएगा।

बेसहारा कुत्तों को भी सम्मानजनक 'अंतिम सफर'

AI Image

शिवरी प्लांट के पास बनेगा स्थान शवदाह गृह

नगर निगम के प्रस्तावित बजट में की जा रही है रकम की व्यवस्था

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राजधानी में मृत कुत्तों के शवों के निस्तारण की वर्षों पुरानी समस्या अब खत्म होने वाली है। नगर निगम शिवरी प्लांट के पास शहर का पहला 'श्वान शवदाह गृह' बनाने की तैयारी कर रहा है। विद्युत शवदाह गृह की तर्ज पर बनने वाले इस प्रोजेक्ट के लिए आगामी बजट में 4 करोड़ रुपये की व्यवस्था की जा रही है।नगर निगम के आंकड़ों के मुताबिक, शहर के आठों जोन में प्रतिदिन 80 से 100 मृत कुत्तों को उठाने की शिकायतें कंट्रोल रूम में आती हैं। फिलहाल, इन शवों को शिवरी प्लांट ले जाकर खाली जमीन में गड्ढा खोदकर दफना दिया जाता है। इस पारंपरिक तरीके से न केवल जगह की कमी हो रही है, बल्कि संक्रमण का खतरा भी बना रहता है।

जमाखोरी बन रही बड़ी वजह

महंगाई ने त्योहार से पहले दी दस्तक

■ NBT न्यूज ,लखनऊ : रमजान, होली और नवरात्र जैसे त्योहारों की दस्तक से पहले ही बाजारों में आम जरूरतों से जुड़े सामानों का दाम बढ़ना शुरू हो गया है। रकाबगंज के व्यापारी मनीष अग्रवाल ने बताया कि बीते 10 दिनों में राशन के सामान में जहां अरहर की दाल में 20 रु की उछाल देखने को मिला है तो वहीं रिफाइंड के दाम भी 10 रुपये प्रति पैकेट बढ़ गए हैं। ड्राई फ्रूट में काजू 40 रुपये, बादाम 60 रुपये प्रतिकिलो और किशमिश 80 रुपये चढ़ी है। केसर में तो 100 रुपये प्रति ग्राम की तेजी आई है। मूंगफली के दाने भी 50 रुपये और धनिया, मिर्च और हल्दी जैसे मसालों में भी 40 रुपये की तेजी देखने को मिली है।

अरहर, चावल, रिफाइंड, काजू-बादाम, मूंगफली केसर समेत कई वस्तुओं के दाम बढ़े

पटियंगांव व्यापार मंडल के महामंत्री राजकुमार पांडेय ने बताया कि ट्रेड डीमांड की बात भर से विदेश से जो डिमांड की उम्मीद बंध रही है। उसके कारण दाल और बासमती चावल दोनों में बढ़त देखने को मिली है। इसके अलावा रमजान नजदीक आने से बाजार में बढ़ी मांग के कारण भी बासमती चावल दामों में वृद्धि हुई है। राजकुमार ने बताया कि ट्रंप के टैरिफ कम करने और अमेरिका से रिझा सुधारने के बाद बाहर से दाल आने का रास्ता साफ हुआ है। इसके कारण भविष्य में दाल के दाम घटेंगे। इसके अलावा इस समय नई फसल आती है, जिसके कारण भी दाम बढ़ते हैं।

काजू का बीज महंगा: लखनऊ किराना कमिटी के अध्यक्ष प्रशांत गर्ग ने बताया कि काजू का बीज महंगा होने की वजह से उसके दाम बढ़े हैं तो वहीं ट्रंप के टैरिफ की वजह से बादाम के दाम बढ़े हैं पर अब टैरिफ घटा है तो इम्पोर्ट होने के बाद दाम घट जाएंगे। किशमिश की बात करें तो अंगूर की फसल पिछली और इस बार 50% कम हुई है, जिसके कारण दाम लगातार बढ़ रहे हैं लेकिन बाहर से आई किशमिश से बीच में दाम गिरे थे। त्योहार नजदीक आने की वजह से डिमांड के कारण भी दाम बढ़े हैं। इसके अलावा केसर की फसल भी अच्छी न होने के कारण दाम बढ़े हैं।

10 दिनों में ऐसे बढ़े दाम

वस्तु	9 फरवरी के दाम	10 दिन पहले दाम
अरहर की दाल	110-130 /किलो	90-110/किलो
किशमिश	680/किलो	500/किलो
रिफाइंड ऑइल	135/पैकेट	125/ पैकेट

QR CODE स्कैन करें या 1800 1205474 पर कॉल करें

नवभारत टाइम्स में पढ़ें प्रगति की कहानियाँ.
राघवेंद्र कुमार, इन्होंने 75000 हेल्मेट्स बाँटकर हज़ारों जानें बचाईं.

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG4 User: cci Time: 02-11-2026 00:24 Color:

पेट के कीड़ों को खत्म करने के लिए खिलाई गई दवा

■ NBT न्यूज, लखनऊ: पेट में कीड़ों की समस्या से बच्चों को बचाने के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) के अवसर पर नेशनल इंटर कॉलेज में लगभग 500 बच्चों को एल्बेन्डाजोल दवा खिलाई गई। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को राजधानी के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आयोजित किया गया। माल ब्लॉक को छोड़कर एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा दी गई। इस मौके पर एमएलसी मुकेश शर्मा ने कहा कि पेट के कीड़े बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में बड़ी बाधा बनते हैं। इससे कमजोरी, एनीमिया और पढ़ाई में पिछड़ने जैसी समस्याएं होती हैं। सरकार का उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ और सुपोषित बनाकर उन्हें सशक्त नागरिक के रूप में विकसित करना है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि स्कूल जाने वाले बच्चों को विद्यालयों के माध्यम से और स्कूल न जाने वाले बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा दी जा रही है। जो बच्चे दवा नहीं ले सके, उन्हें 13 फरवरी को मॉप-अप राउंड में दवा दी जाएगी। जिले में लगभग 18.22 लाख बच्चों को दवा देने का लक्ष्य रखा गया है।

नेशनल इंटर कॉलेज में 500 बच्चों को दी गई दवा

एकेटीयू बदलने जा रहा इंजिनियरिंग का पूरा पाठ्यक्रम

अब मकैनिकल के स्टूडेंट भी पढ़ेंगे AI

न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत तैयार होगा कोर्स

हर विषय में एआई को बनाया जाएगा सिलेबस का हिस्सा

All Image

Zeeshan.Rayini@timesofindia.com

लखनऊ: डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में अब मकैनिकल और सिविल के छात्र भी आर्टीफीशियल इंटेलिजेंस (AI) का पठ पढ़ेंगे। विवि की ओर से अब इंजिनियरिंग का पूरा सिलेबस बदलने जा रहा है। इसके तहत विवि अब न्यू एजुकेशन पॉलिसी को पूरी तरह अपने पाठ्यक्रम में शामिल करने जा रहा है। साथ ही विवि का फोकस है कि बीटेक की हर ट्रेड में अब एआई को शामिल किया जाए। अब तक सिर्फ सीएस व बीटेक एआई में ही आर्टीफीशियल इंटेलिजेंस को पढ़ाया जा रहा है, लेकिन नए सिलेबस में बीटेक की हर ट्रेड में एआई को शामिल किया जा रहा है। विवि की ओर से अगले सत्र से यह नया बदलाव होगा। एकेटीयू प्रदेश की पहली स्टेट यूनिवर्सिटी है जो यह बदलाव करने जा रही है।

विवि के वीसी प्रो. अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि आर्टीफीशियल इंटेलिजेंस ज्ञान की जरूरत है। एकेटीयू अब एआई यूनिवर्सिटी की ओर बढ़ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए सिलेबस में बदलाव किया जा रहा है, जिसका काम शुरू हो गया है। विवि में अब एआई को पूरी तरह से लागू किया जाएगा। लेकिन हर ट्रेड में एआई का सिलेबस अलग होगा।

फार्मेसी में भी एआई

प्रो. अनुराग ने बताया कि एआई को हम सिर्फ इंजिनियरिंग तक ही सीमित नहीं रखेंगे। यूपी विवि का सिलेबस बदला जाएगा। मैनेजमेंट में भी जो पाठ्यक्रम चल रहे हैं उसमें भी हम पहले चरण में एआई को शामिल करने जा रहे हैं। एआई के अलग-अलग टूल का मैनेजमेंट में उपयोग हो रहा है। इसके अलावा अगले चरण में हम फार्मेसी में भी एआई का पाठ्यक्रम लागू करेंगे।

LU की काउंसलिंग से कॉलेजों में भी मिलेगा दाखिला

जो कॉलेज सहमति देंगे उनके कॉलेजों को एलयू की ऐडमिशन प्रक्रिया में किया जाएगा शामिल, एलयू की सीटें भरने के बाद छात्रों को दिया जाएगा विकल्प

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ



लखनऊ विश्वविद्यालय में आवेदन करने वाले छात्रों को अब कॉलेजों में भी दाखिले का विकल्प दिया जाएगा। विवि की ओर से इस बार ऐडमिशन प्रक्रिया में व्यापक बदलाव होने जा रहा है। इसके तहत एलयू की सीटें भरने के बाद अब जो भी छात्र रह जाएंगे उन्हें कॉलेजों को नहीं देना होगा अलग से कोई भी शुल्क

कॉलेजों को नहीं देना होगा अलग से कोई भी शुल्क

काउंसलिंग में विकल्प दिया जाएगा कि वह कॉलेज में दाखिला ले सकते हैं। खास बात ये है कि इसके लिए कॉलेजों को अलग से कोई शुल्क नहीं देना होगा। मंगलवार को एलयू में ऐडेड व राजकीय कॉलेजों के प्राचार्यों की बैठक में वीसी प्रो. जेबी सैनी ने यह बात कही।

बैठक में वीसी ने कॉलेजों में दाखिले की संख्या घट रही है, जबकि एलयू में हर साल कई हजार छात्र दाखिले से वंचित हो जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। वीसी ने कहा कि इसके लिए कॉलेजों पर न तो कोई भार डाला जाएगा न ही कॉलेजों को कोई प्रक्रिया बदलने के लिए कहा जाएगा। कॉलेज अपने स्तर से जैसे दाखिले की प्रक्रिया संचालित करते हैं वो कर सकते हैं। साथ में उन्हें एलयू की काउंसलिंग में शामिल होने का अतिरिक्त मौका दिया जाएगा। जो भी छात्र काउंसलिंग में चयनित होंगे उन्हें कॉलेज दाखिले के लिए भेजा जाएगा बाकी फीस जमा करने से लेकर बाकी प्रक्रिया कॉलेज जैसे संचालित करते हैं कर सकेंगे।

हर छह महीने में बैठक, एनईपी के तहत काम

बैठक में कुलपति ने कहा कि अगर कॉलेज दुरुस्त रहेंगे तो विश्वविद्यालय सुखी नहीं रह सकता। इसलिए हर छह महीने पर कॉलेजों के साथ बैठक होगी ताकि संवाद बना रहे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि महाविद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप उच्चतम स्वायत्तता के लिए तैयार किया जाएगा। शिक्षकों को कार्यशालाओं में आमंत्रित कर उन्हें नई शिक्षा पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कुलपति ने ये भी कहा कि शिक्षक स्वयं को अधिकारी न समझें, बल्कि छात्रों के बीच प्रेरक और मार्गदर्शक की भूमिका निभाएं। कक्षाओं का औचक निरीक्षण सुनिश्चित किया जाएगा ताकि शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

छात्रों को होगा फायदा

इस फैसले से छात्रों को भी फायदा मिल सकेगा। अभी एलयू में दाखिला न मिलने से छात्र कॉलेज में दोबारा से आवेदन करते हैं। इससे छात्रों को दोबारा आवेदन नहीं करना होगा। मौके पर ही कॉलेज में दाखिले का विकल्प मिलेगा। जो भी छात्र कई जगह आवेदन करते हैं उससे भी राहत मिलेगी। वहीं कॉलेजों में हर साल आधी सीटें खाली जा रही हैं इससे कॉलेजों को निजात मिलेगी। अपने स्तर से दाखिले के बाद एलयू की काउंसलिंग से भी छात्र दाखिला लेंगे तो सीटें भरने की उम्मीद है।

फटाफट खबरें

भाषण प्रतियोगिता में अविका अव्वल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: बाल निकुंज गर्ल्स अकादमी अलीगंज लखनऊ स्थित शिव सहाय जी सभागार में मंगलवार को सकल्प दिवस के मौके पर निर्गुण भजन सध्या हुई। सकल्प दिवस बाल निकुंज विद्यालय के संस्थापक शिव सहाय की पुण्य तिथि पर मनाया जाता है। अमृत है हरि नाम जगत में, इसे छोड़ विश्व पीना क्या...सुनकर सभी लोग आनंदित हो उठे। कार्यक्रम स्वतत्रता सग्राम सेनानी डॉ. काशी प्रसाद जायसवाल चैरिटेबल ट्रस्ट लखनऊ के सहयोग से हुआ। इस दौरान पर्यावरण प्रदूषण व सरक्षण विषय परभाषण प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसमें सभी शाखाओं के बच्चों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में अविका दीक्षित प्रथम स्थान पा रही।

11, 12 को प्लेसमेंट ड्राइव

■ NBT न्यूज, गोरखपंगव: श्रीसरदा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस, लखनऊ विद्यार्थियों को बेहतर करियर अवसर देने के उद्देश्य से 11, 12 फरवरी को मेगा कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करेगा। दो दिवसीय इस प्लेसमेंट ड्राइव में बैंकिंग, बीमा, रीटेल, फाइनेंस, डिजिटल मार्केटिंग एवं सर्विस सेक्टर की कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियां हिस्सा लेंगी। यह जानकारी कॉलेज के डीन विवेक मिश्रा ने दी।

रोबोटिक सर्जरी से किडनी कैंसर का इलाज

■ NBT न्यूज, लखनऊ: चदन हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने डॉ. विवी एसआई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम से किडनी में 28 सेंटीमीटर कैंसर ट्यूमर का सफल इलाज का दावा किया है। 62 वर्ष के मरीज की बाई किडनी में कैंसर तेजी से पनप रहा था। चदन हॉस्पिटल के चेयरपर्सन डॉ. जितेंद्र प्रताप सिंह और वाइस चेयरपर्सन डॉ. सत्यम श्रीवास्तव की अगुवाई में इस सर्जरी को किया गया। रोबोटिक तकनीक से की गई इस सर्जरी की खास बात यह रही कि मरीज को ब्लड ट्रासफ्यूजन की जरूरत नहीं पड़ी। ऑपरेशन के बाद मरीज तेजी से स्वस्थ हुआ और सिर्फ तीन दिन में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

■ NBT न्यूज, निगोहां: राजकीय हाई स्कूल मरहौपुर में मंगलवार को वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता नागेश्वर द्विवेदी रहे। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका किरण यादव, नूतन अलेक्जेंडर, शानेद पांडेय, धनेंद्र सिंह, पूजा सिंह, आकाश पाठक मौजूद रहीं। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वदना और गणेश वदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सास्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में छात्राओं ने पजाबी, राजस्थानी और मराठी नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। लयात्मक योग की मनोहारी प्रस्तुति ने भी उपस्थित लोगों को मत्रमुग्ध कर दिया।

विज्ञान थ्रीडी प्रदर्शनी में दिखी रचनात्मकता

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: बालागंज स्थित सिटी इंटरनेशनल स्कूल में यूथ बाजार, रोबोटिक और विज्ञान थ्रीडी मॉडल प्रदर्शनी में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल प्रबंधक शहाब हैदर ने बताया कि कार्यक्रम के जरिए बच्चों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और कार्य कौशल को बढ़ावा दिया जा रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता हेमत दयाल, विशिष्ट अतिथि आलमबाग नवयुग पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. अनुप्रिया दयाल रहीं। यूथ बाजार मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें बच्चों ने हाथों से बनाए गए उत्पाद जैसे सजावट की उत्तरा, पेपर बैग, इत्र और परफ्यूम, जूलरी आइटम तैयार किए। पेपर बैग जैसे उत्पादों से बच्चों ने पर्यावरण सरक्षण का सदेश भी दिया।

फिटनेस के साथ 'समागम' का आगाज

■ NBT न्यूज, लखनऊ: राजधानी की सड़कों पर रविवार को फिटनेस और एकजुटता का अनूठा संगम दिखा। इंडियन इस्टीट्यूट ऑफ हीरियर डिजाइनर्स (IIID), लखनऊ रीजनल चैप्टर की ओर से आयोजित SAMAGAM 2026 वॉकथॉन में सैकड़ों विशेषज्ञों और युवाओं ने स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। लोहिया पार्क से शुरू हुई इस वॉकथॉन में लखनऊ आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन (LAA), यंग आर्किटेक्ट्स क्लब एसोसिएशन (YACA), इंडियन इस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (IIA) और IGBC लखनऊ चैप्टर के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। FOAP, एमिटी, इंडेक्स, बीबीडी और IIM के छात्रों के जोश ने आयोजन में उर्जा भर दी। IIID लखनऊ के चेयरपर्सन आर्किटेक्ट अखिल अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन 13 से 16 फरवरी तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले यूथ के सबसे बड़े एक्सपो IIID–SAMAGAM 2026 की एक शुरुआत है।

साझा किए 12 साल के अनुभव

■ NBT न्यूज, लखनऊ: आलमबाग स्थित केंद्रीय विद्यालय, आरडीएसओ में कक्षा 12वीं के स्टूडेंट्स का विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें छात्र और छात्राओं ने अपने बारह सालों के अनुभव को साझा किया और स्कूली में बिताए पलों को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर किया, जिसके बाद 11वीं के विद्यार्थियों ने सुंदर प्रस्तुति के साथ अपने सीनियर्स को विदाई दी। प्राचार्य राजेश कुमार शुक्ल और उप प्राचार्य महेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर अपना आशीर्वाद दिया और सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

स्कूलों को 13 से मिलेंगी कॉपियां, एडमिट कार्ड मिलना शुरू

■ NBT न्यूज, लखनऊ: यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। बोर्ड ने परीक्षा संबंधी सामग्री का वितरण और सुरक्षा पुख्ता करने के लिए अंतिम चरण की तैयारियां पूरी कर ली हैं। नोडल सेंटरों पर प्रश्नपत्र और कॉपियां पहुंचनी शुरू हो गई हैं, जिनका स्कूलों को वितरण 13 फरवरी से किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक (DIOS) के अनुसार, परीक्षा सामग्री के वितरण के लिए दो अलग-अलग केंद्र बनाए गए हैं। केंद्र व्यवस्थापकों को 'राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज' से प्रश्नपत्र मिलेंगे। कॉपियां राजकीय इंटर कॉलेज निशातगंज से मिलेंगी।

प्रवेश पत्र पर सख्त निर्देश:

डीआईओएस ने सभी स्कूलों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि छात्रों के प्रवेश पत्र किसी भी हाल में न रोके जाएं। किसी छात्र का शुल्क बकाया है, तो स्कूल प्रबंधन अभिभावकों को बुलाकर संवाद करें, लेकिन छात्र को परीक्षा से वंचित न करें।

'तनाव मुक्त पढ़ाई से मिलेगी सफलता'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: एमएमएलएम इंटर कॉलेज सीतापुर रोड में सक्सेस मत्र कार्यशाला हुई। कार्यशाला की शुरुआत सरस्वती वदना के साथ किया गया। इसके बाद नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक रगारग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. आरसी चड्ढा (सीएमओ) ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए तनाव मुक्त पढ़ाई पर जोर दिया। जिससे वे परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। पूर्व प्रवक्ता डॉक्टर एसपी श्रीवास्तव ने परीक्षा कक्षा में सफलता के लिए उपयोगी टिप्स बताए। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य जया पुरवार ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर आभार जताया।

छात्रों का पानी पीने से डीन ने किया इनकार

■ NBT रिपोर्ट,लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस में वॉटर कूलर का फिल्टर खराब होने से आ रहा हाई टीडीएस वाला पानी

विवि छात्रों की समस्याओं का हर हाल में समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मामले की जांच कराई जाएगी। – डॉ. मुकुल श्रीवास्तव, प्रवक्ता एलयू

एलयू के न्यू कैंपस में फिल्टर खराब होने से आ रहा हाई टीडीएस वाला पानी

मंगलवार को छात्र वहीं पानी बोतल में भर कर डीन के कमरे में ले गए। छात्रों ने मांग की कि जो पानी हम पी रहे हैं आप भी पीकर दिखाइये। डीन से छात्रों की समस्या का समाधान का आश्वासन दिया लेकिन फिल्टर का पानी पीने से कन्नी काट गए। छात्रों ने इस घटना वीडियो अब पोस्ट किया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

छात्र प्रिंस प्रकाश ने बताया कि बनट न होने का हवाला देते हुए विवि प्रशासन वाटर कूलर के फिल्टर नहीं बदलवा रहा है। जबकि वह बुनियादी सुविधाएं हैं। जबकि लो के डीन स्टूट मिनिरल वाटर पी रहे हैं कंटीनेंसी में इसका बजट है लेकिन छात्रों के लिए फिल्टर का बजट नहीं है। निर्माण अधीक्षक से भी इस बारे में कालीलाय किया गया है उन्हें लिखकर पहले भी दिया जा चुका है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। अगर विवि प्रशासन छात्रों को साफ पानी नहीं देता है तो छात्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

अग्निवीर भर्ती में पांचवें दिन 911 अभ्यर्थी शामिल हुए

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अग्निवीर भर्ती रैली के पांचवे दिन मंगलवार को छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में आयोजित चयन प्रक्रिया में अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी के लिए 911 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। रैली में कानपुर, घाटमपुर, मरवल और बिल्हौर तहसीलों के उम्मीदवार शामिल हुए। इन तहसीलों से जीडी श्रेणी के लिए 1,406 अभ्यर्थियों को बुलाया पत्र भेजा गया था, जिनमें से 64.79% अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

एएमसी सेंटर में आयोजित हुई भर्ती रैली

एएमसी सेंटर में बुधवार को अग्निवीर जीडी श्रेणी की रैली फतेहपुर जिले की बिंदकी, फतेहपुर और खागा तहसीलों लखनऊ की मलिहाबाद, बीकेटी, सदर, मोहनलालगंज और सरोजनीनगर तहसीलों के लिए आयोजित की जाएगी। आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस (एआरओ), लखनऊ के तहत प्रदेश के 13 जिलों के अभ्यर्थी इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं।

TIMES interact — Connecting People, Connecting Brands
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

RAYAN AI HEALTHTECH LLP
फॉर्म संख्या सूचनापी-2
आयकर XII के भाग-ए अतिरिक्त एजीकरण के बारे में सूचना देने-नया विज्ञापन (कंपनी डिलिनिएशन, 2013 की धारा 374(बी) और कंपनी (एजीकरण के लिए डिस्कुस) नियम, 2014 के नियम 4(1) के अनुसार)
1. इसमें आगे यह सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप-धारा (2) के अनुसार में, आवेदन इस दिनांक से 15 दिन के उपरांत तथा दिनांक दिन की समाप्ति के पश्चात, केंद्रीय एजीकरण केंद्र (रीजनली), भारतीय कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (मार्डकॉर्पोरेट भवन) प्लॉट संख्या 6,7,8, सेक्टर-5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव, हरियाणा – 122050 में कंपनी रजिस्ट्रार (आरओसी) की एक आवेदन किया गया है कि एमएलएलपी अधिनियम, 2008 के अंतर्गत मेसर्स रेयान एआई हेल्थटेक एलएलपी एजीकरण की कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XII के भाग-ए के अंतर्गत डीआरो द्वारा पारित आदेशों के क्रम में पंजीकृत किया जा रहा है।
2. कंपनी के मुख्य व्यवसाय इस प्रकार हैं-हेल्थकेयर, चिकित्सा और मानव चिकित्सा प्रणालियों और उपकरणों का थोक व्यापार और एकमात्र और चिकित्सा उपकरणों का थोक व्यापार।
3. प्रस्तावित कंपनी के ज्ञापन मेमोरेंडम एवं आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के तीसरे की एक प्रति का निर्देशन 501, आकाश कॉम्प्लेक्स रेजीडेंसी-2, अर्बन एन्क्लेव, अर्बुलपोर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, भारत, 226002 स्थित कार्यालय में देखी जा सकती है।
4. इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि इस आवेदन पर आपत्ति करने वाला कोई भी व्यक्ति केंद्रीय एजीकरण केंद्र (रीजनली), भारतीय कॉर्पोरेट कार्यों मंत्रालय (मार्डकॉर्पोरेट), प्लॉट नंबर 6,7,8, सेक्टर 5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव, हरियाणा 122050 में रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज (आरओसी) के रजिस्ट्रार को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 21 (इक्कीस) दिनों के भीतर लिखित रूप में अपनी आपत्ति भेज सकता है, साथ ही एक प्रति एजीकरणी को भेजनी होगी जो उसके द्वारा प्रतिवादियों पंजीकृत कार्यालय में भेज सकता है।
दिनांक 11 फरवरी 2026, आवेदक का नाम
डी.डी. डी.डी.
अरुणाभ दे विनीत दे
DIN-10616887 DIN-11435556

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

सूचना- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम मोहतरम निशा (MEHARUN NISHA) है जो मेरे बाहर निर्वाचन आयोग के पहचान पत्र संख्या टी. एम. एल. 3861325 में अंकित है। बुटिवश मेरे आधार कार्ड संख्या 6663 3696 6441 में मेरे नाम, पहचान निशा (MAHRUL NISHA) अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम मोहतरम निशा (MEHARUN NISHA) से जाना पहचाना जाय। मोहतरम निशा पत्नी सर्जिल अहमद निवासी 115/116 आदर्श नगर बड़ा शिव मंदिर ममाकलपुर राजाजीपुर, जिला कानपुर नगर 223010

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम कृष्ण मोहन गर्ग S/O ओम प्रकाश है तथा आदेशों में KRISHAN MOHAN GARG S/O OM PRAKASH है, जो कि मेरे शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है। बुटिवश मेरे आधार कार्ड सं- 9794 9424 4860 में मेरा नाम कृष्ण मोहन गर्ग S/O ओम प्रकाश अंकित हो गया है तथा अंग्रेजी में KRISHNA MOHAN GARG S/O OM PRAKASH अंकित हो गया है, जो कि स्पेलिंग फिक्सेस (spelling-efixes) के कारण गलत है। अतः यह त्रुटी आधार कार्ड में सही किया जाना आवश्यक है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम कृष्ण मोहन गर्ग S/O ओम प्रकाश (KRISHAN MOHAN GARG S/O OM PRAKASH) के नाम से ही जाना व पहचाना जाय। यह द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई हैं।
कृष्ण मोहन गर्ग S/O ओम प्रकाश
(KRISHAN MOHAN GARG S/O OM PRAKASH)
निवा M. I. G. - 12, NEWADA COLONY, (NEAR T.V. TOWER) PRAYAGRAJ, UTTAR PRADESH PIN CODE - 211001

I, MOHAMMAD AKHTAR, S/o ABDUL SHAKUR urf BULAKI, DOB: 21-01-1973, R/o Rehua Lalganj, Pratapgarh, UP-230139, state that my name is written as MD AKHTAR in my children's documents. I declare that both names refer to me, as MD is the abbreviation of MOHAMMAD.

खोया एवं पाया

मेरी हाई स्कूल मार्कशीट (सेंट फिडेलिस कॉलेज लखनऊ, ICSE-1998, ईडेस्क नं. - डी/7102/079), इंटरमीडिएट मार्कशीट (सेंट फिडेलिस कॉलेज लखनऊ, ISC-2000, ईडेस्क नं. - बी/9435/074 व ISC- 2001, ईडेस्क नं. - बी/8355/166), पासपोर्ट (C1062002) और अन्य दस्तावेज खो गए हैं- मेरी रोकी पुत्री जय प्रकाश सिंह, नि: 522/181, बाबा की मंगल, मेहदी टोला, अलीगंज, लखनऊ

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact BUSINESS CONNECT

DIESEL FUEL OUTSOURCING
- International Pricing
- Private Pump Installation
- PESO Compliance
- Service Billing*
- Extended Credit
9885696949
9440023074

ARCADE
education

ADMISSION OPEN
Heeralal Yadav Law College
Associated with LU and Approved by Bar Council of India
LL.B.
3&5 YEAR COURSE
6393520059/9793000300

TIMES interact
PHYSICS Home Tutorial Class 11 to 12 Ist & 2nd year etc. 90% Pass in Board Exam also Kids English Speaking Course
ROL sample ad 5 lines
टीकाकरण कार्यक्रम VACCINATION 18+ आयु के लिए XYZ Hospital Lucknow
CD Sample ad 5 cm x 3 cm

Scheme	Cost ROL	Cost CD
1	₹1,400	₹6,150
4+1	₹5,600	₹24,600
7+2	₹9,800	₹43,050
10+3	₹14,000	₹61,500
19+6	₹26,600	₹1,16,850
25+8	₹35,000	₹1,53,750

Above packages are excluded of GST
ROL COST is for 5 lines, extra line 20%
CD Cost on minimum size - 3 x 5 cm

CATEGORY » SERVICE
Publication: TOIL+KNP+ TOILC+ALLVAR+ ETL+NBTL
Contact - LUCKNOW: Kuldeep Tiwari 9044122662, Anurag Nautiyal 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit 7860802468
ALLAHABAD: Amit Kumar Srivastava 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora 9559983838
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha 9415019274

TO GROW YOUR BUSINESS
PLEASE CALL US: Kuldeep Tiwari – 9044122662 Anurag Nautiyal – 8840945902

'सामूहिक प्रयास से लैंगिक समानता को बल मिलेगा'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: यूपी में बालिका शिक्षा को अधिक समान, गुणवत्तापूर्ण और परिवर्तनकारी बनाने के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेश ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ गर्ल एजुकेशन एलायंस नेटवर्क (UTGAN) की शुरुआत की गई। यह नेटवर्क राज्य में बालिका शिक्षा पर कार्यरत नागरिक समाज संगठनों के सहयोगी मंच के रूप में गठित किया गया है। गोमतीनगर स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वतालीय फाउंडेशन के सह संस्थापक वैभव कुमार ने इसकी तारीफ की। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं के सामूहिक प्रयास से सरकार द्वारा किए जा रहे किशोरियों की शिक्षा व लैंगिक समानता के प्रयासों को बल मिलेगा। मौके पर 'जेंडर ट्रांसफोर्मेटिव शिक्षा में सिद्धांत से व्यवहार' विषय पर पैनल चर्चा का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में डॉ. पवन सचान, पुष्पेंद्र सिंह, डॉ. अनन्या तिवारी मौजूद रहीं।

दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार सृजन का लक्ष्य

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (PM-VBRY) के तहत दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिले के क्षेत्रीय कार्यालय ने पंजीकरण, दीबीटी और फूलप्रूफ प्रमाणीकरण के लिए विशेष अभियान शुरू किया है।

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त **पी अश्विनी कुमार गुप्ता** ने बताया कि योजना का उद्देश्य नए रोजगार सृजन को बढ़ावा देना और कर्मचारियों व नियोक्ताओं दोनों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करना है। केंद्र सरकार ने इस योजना की घोषणा बजट 2024-25 में की थी। जिसके तहत दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है। लखनऊ कार्यालय से जुड़े कुल 6,728 पात्र नियोक्ताओं में से 4,062 नियोक्ताओं ने पंजीकरण करा लिया है। इनके माध्यम से अब तक 29,548 नए कर्मचारियों और 69,223 पुनः रोजगार में आए कर्मचारियों का पंजीकरण किया जा चुका है। मार्च 2026 में होने वाले दीबीटी के प्रथम चरण के लिए जिले की ओर से पंजीकरण और प्रमाणीकरण कार्य में तेजी लाई गई है। अभियान के दौरान यह सामने आया है कि करीब 2,600 नियोक्ताओं ने अभी तक योजना में पंजीकरण नहीं कराया है। इनके साथ ही करीब 800 सदस्यों के बैंक खाते दीबीटी सक्षम नहीं हैं और करीब 400 सदस्यों का यूएएन फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी से प्रमाणित नहीं हो पाया है। इसके अलावा कुछ नियोक्ता अगस्त 2024 से नियमित ईसीआर जमा नहीं कर रहे हैं। जिससे पात्रता प्रभावित हो सकती है। इन समस्याओं के समाधान के लिए क्षेत्रीय कार्यालय में डेडिकेटेड हेल्प डेस्क स्थापित की गई है।

बैंक नोट पेपर मिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
(एमएसएमई-आईएसओ – भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन कंपनी और सीआरएसएमएसई – भारतीय रिजर्व बैंक के स्वामित्व स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी का संयुक्त उद्यम)
निविदा सूचना 11.02.2026
बैंक नोट पेपर मिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मैसूर के निम्नलिखित सेवाओं/वस्तुओं हेतु पात्र फर्मों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति/ बोलियां आमंत्रित की जाती हैं:

क्र. सं.	ईओआय/ निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा
1.	बीएपीएम/ ईओआय/पीएसबी/ 497/2025-26	मैसूर स्थित बीएपीएम में 12,000 टीपीए की कुल क्षमता वाली दो अतिरिक्त बैंकनोट पेपर उत्पादन लाइनों की स्थापना के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और कंसल्टेंसी सेवाएं प्रदान करने हेतु एक सलाहकार की नियुक्ति।	अभिरुचि की अभिव्यक्ति के अनुसार
2.	बीएपीएम/ बीटीई/498/ 2025-26	मैसूर, कर्नाटक, भारत में बैंकनोट पेपर उत्पादन के लिए प्रत्येक 6000 टीपीए क्षमता वाली दो लाइनों के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग का कार्य।	निविदा के अनुसार

निविदा तथा उससे सम्बन्धित अन्य

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG5 User: cci Time: 02-11-2026 00:17 Color:

फटाफट खबरें

बाग में लटका मिला अनुसेवक का शव

■ NBT न्यूज, काकोरी : काकोरी के बिनडू गांव में नमामि गंगे परियोजना में कार्यरत अनुसेवक राजकिशोर (52) का शव मंगलवार सुबह बाग में पेड़ से लटका मिला। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। राजकिशोर के बेटे रविराज ने बताया कि सोमवार शाम 4 बजे पिता घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक नहीं लौटे। गुमशुदगी दर्ज कर मोबाइल लोकेशन के आधार पर तलाश की जा रही थी। इंस्पेक्टर सर्वेश चंद्र राठौर ने बताया कि पानी की मौत के बाद से राजकिशोर मानसिक रूप से परेशान थे और शराब पीने लगे थे।

फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी, युवती पर FIR

■ NBT न्यूज, आलमबाग : कृष्णा नगर पुलिस ने फेसबुक पर बसपा सुप्रीमो के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के मामले में एक युवती के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई बसपा के वैट विधानसभा अध्यक्ष की शिकायत पर की गई। आरोप है कि बैठक के दौरान फेसबुक पर श्रेया यादव नाम की युवती की टिप्पणी सामने आई, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुईं। इसके बाद सभी ने थाने पहुंचकर शिकायत दी। पुलिस के अनुसार मामला आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

अधिवक्ताओं ने किया कार्य बहिष्कार

■ NBT न्यूज, मलिहाबाद : एसीपी कोर्ट मलिहाबाद में सचालित कराने की मांग को लेकर बार असोसिएशन ने मंगलवार को न्यायिक और रजिस्ट्री कार्य का बहिष्कार किया। बार के साथ-साथ स्टाप वेंडर और टाइपिस्टों ने भी काम बंद रखा। अध्यक्ष सम्राट सिंह और महामंत्री कमलेश गौतम ने बताया कि रहीमाबाद, मलिहाबाद और माल थाने के शांति भंग के चालान करीब 35 किलोमीटर दूर दुबग्गा स्थित एसीपी कोर्ट में भेजे जाते हैं, जिससे वादकारियों को परेशानी होती है।

बीकेटी : युवक ने फांसी लगाकर दी जान

■ NBT न्यूज, बीकेटी : देवरी रुखाना में मौत कर रहे रहे एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान मदरौपुर, बरखौली तालाब निवासी विनीत कौशल (24) के रूप में हुई है। वह मां विनय कुमार के बताया कि विनीत पिछले एक हफ्ते से नानी और मौसी के घर रह रहा था। मंगलवार तड़के मौसी ने फोन कर मौत की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर विनीत को साड़ी के सहारे पंखे से लटका पाया गया। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

किशोरी से दुराचार का आरोपित अरेस्ट

■ NBT न्यूज, लखनऊ : हुसैनगंज पुलिस ने किशोरी से दुराचार के आरोपित को सोमवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह ने बताया कि इलाके में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी 3 फरवरी को संदिग्ध हालात में लापता हो गई थी। किशोरी को उन्नाव के सोहरामऊ का रहने वाला कैटर्स अजय मुख अपने साथ ले गया था। सर्विलांस सेल की मदद से पुलिस ने आरोपित को उन्नाव समदूपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपित ने किशोरी से दुराचार किया था।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष के घर में घुसे संदिग्ध

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर : उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा के घर में दिनदहाड़े संदिग्ध लोगों के घुसने के मामले में व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने सरोजनीनगर थाने में शिकायत की है। आरोप है कि 8 फरवरी को तीन युवक गेट खोलकर घर में घुस गए थे, जिनमें से एक पहली मंजिल तक पहुंच गया था। शोर मचाने पर तीनों फरार हो गए। घटना के 48 घंटे बाद भी खुलासा न होने से व्यापारियों में रोष है। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

सड़क पर मिला बुजुर्ग का शव

■ NBT न्यूज, लखनऊ : बाजारखाला इलाके में मंगलवार दोपहर बुजुर्ग का शव मिला है। थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि भदेवा टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे 1:30 बजे बुजुर्ग पैदल जा रहे थे। तबीयत खराब होने पर वह सड़क पर बैठ गए। कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बुजुर्ग की उम्र करीब 65 वर्ष है। वह मटमैली पैंट और चेकदार शर्ट पहने हैं। स्थानीय लोगों से पूछताछ करने के बाद पुलिस शव की शिनाख्त नहीं कर सकी। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

महिला और युवक ने की आत्महत्या

■ NBT न्यूज, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में घरेलू कलह से परेशान एक महिला और एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पहली घटना भदेशुवा गांव की है, जहां ललिता यादव (35) ने घर के कमरे में पंखे के हुक से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। महिला के दो छोटे बच्चे हैं। दूसरी घटना हेवा के नेवल खेड़ा गांव की है, जहां मनोज (35) ने फांसी लगाकर जान दे दी। सीएचसी में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया।

किसान मुद्दों को लेकर भड़के भानू गुट के नेता

■ NBT न्यूज, पीलीभीत : भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) की 10 दिवसीय किसान क्रांति पदयात्रा का समापन मंगलवार को वृंदावन मैदान में हुआ। किसानों ने नारेबाजी कर एसीपी गोसाईगंज को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रही है। मांगों में किसान आयोग का गठन, कृषि ऋण माफी, मुफ्त बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार, निजी अस्पतालों की मनमानी पर रोक और राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार समाप्त करना शामिल रहा। सभा में संगठन के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

अस्पताल में मरीज की मौत पर हंगामा

■ NBT न्यूज, आलमबाग : कृष्णा नगर के राजयट्टा अस्पताल में मंगलवार शाम सुनील शुक्ला (40) की मौत के बाद परिवारीजनों ने हंगामा किया। सिंगर नगर निवासी सुनील को ब्रेन स्ट्रोक के बाद भर्ती कराया गया था। परिवारीजनों का आरोप है कि अस्पताल ने तीन दिनों में 1.80 लाख रुपये जमा करवाए, लेकिन एमआरआई तक नहीं कराया गया। मौत के बाद शव देने के बदले एक लाख रुपये अतिरिक्त मांगने का भी आरोप लगा। दूसरी ओर, अस्पताल के डॉ. पंकज अग्रवाल ने बताया कि मरीज की हालत डिटिकल थी और इलाज में कोई कोताही नहीं हुई।

शहर में बेलगाम रफ्तार ने बुझाए कई घरों के चिराग

पारा में गैस एजेंसी के अनियंत्रित डाला ने किशोर को रौंदा, मौत

■ NBT न्यूज, लखनऊ : पारा इलाके में गैस एजेंसी के अनियंत्रित डाले ने मंगलवार शाम सड़क से गुजर रहे किशोर को रौंद दिया। किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। चालक डाला छोड़कर भाग निकला।

पारा के कांशीराम कॉलोनी निवासी छोटू विश्वकर्मा विकलांग है। वह पत्नी सुनीता बेटे बादल, सूरज (13) और छह बेटियों के साथ रहते हैं। सूरज पसगांवखेड़ा में स्थित राजकीय जूनियर हाई स्कूल में आठवीं का छात्र था। पढ़ाई करने के साथ सूरज बड़े भाई बादल के साथ घर के सामने शाम को फास्ट फूड का ठेला लगाता था। बहन रीता ने बताया कि मंगलवार दोपहर बाद सूरज सामान लेने के लिए पैदल निकला था। करीब 3:30 बजे हंसखेड़ा 19वीं मंजिल कॉलोनी के पास भारत गैस एजेंसी के तेज रफ्तार डाले ने सूरज को टक्कर मार दी।

गाड़ी कब्जे में, चालक फरार, विकलांग पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

सूरज मौके पर ही गिर गया। भागने की फिराक में चालक डाला समेत भागने का प्रयास करने लगा। तेज रफ्तार डाला सूरज के जबड़े को रौंदता हुआ निकल गया। हादसा देख स्थानीय लोग जुटने लगे। यह देख चालक डाला छोड़कर भाग निकला। पुलिस की सूचना पर परिवारीजन मौके पर पहुंच गए, लेकिन तब तक किशोर की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि डाला चौक इलाके में स्थित भारत गैस एजेंसी का है। डाला कब्जे में ले लिया है। आरोपित चालक की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

राजधानी में छह हादसों में छह की जान गई

सूरज

पुलिस पर लापरवाही का आरोप

पीड़ित बहन ने बताया कि हादसे में घायल हुआ सूरज सड़क पर तड़प रहा था। आरोप है कि पुलिस कर्मी सूरज की पहचान करने के लिए स्थानीय लोगों से पूछताछ करते रहे। उन्होंने सूरज को अस्पताल नहीं पहुंचाया। सूरज अंतिम सांसें ले रहा था और पुलिस कर्मी उसका विडियो बनाने में लगे थे।

दूध कारोबारी की हादसे में गई जान

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर : थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में दूध कारोबारी की मौत हो गई जबकि बाइक सवार उसका पड़ोसी गंभीर रूप से घायल हो गया। बगरौली निवासी सतेंद्र यादव (34) बाराबंकी में गौसेरी बहन की शादी से लौट रहे थे। फतेहपुर गांव के पास सड़क पर गड्ढे में बाइक फिसलकर खाई में गिर गई। दोनों को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान सतेंद्र की मौत हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी, मां और चार बच्चे हैं।

वाहन की टक्कर से युवक की मौत

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर : थाना क्षेत्र में वाहन की टक्कर से घायल स्कूटी सवार युवक की निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान शैलेंद्र सिंह (27) के रूप में हुई है। वह रविवार रात दोस्त के साथ स्कूटी से जा रहा था, तभी कानपुर रोड पर दरोगा खेड़ा के पास हादसा हो गया। गंभीर हालत में उसे ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, बाद में निजी अस्पताल रेफर किया गया, जहां मंगलवार को उसकी मौत हो गई। दोस्त का इलाज जारी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लोधेश्वर जा रहे युवक की बाइक में मारी टक्कर, मौत

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कानपुर से बाराबंकी लोधेश्वर मंदिर बाइक से जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मारी थी। बाइक पर बैठा उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लोहिया संस्थान में भर्ती कराया गया है।

कानपुर के रामनगर निवासी अभिषेक पांडे (32) दोस्त अमोद बाजपेई के साथ बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर जा रहे थे। सोमवार शाम को अपने दोस्त अमोद के साथ बाइक से निकले थे। देर रात पुलिस ने घरवालों फोन कर सूचना दी की अभिषेक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। विभूतिखंड स्थित जीएस लॉन के सामने एक वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने अभिषेक और उनके दोस्त अमोद को डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान अभिषेक की मौत हो गई। अमोद की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की जा रही है।

हर साल दर्शन करने जाते थे

भाई दीपक कुमार पांडे ने बताया कि अभिषेक हर साल महादेव के दर्शन करने जाते थे। उनकी काफी आस्था थी। वह कानपुर से गंगा नदी से जल लेकर निकलते थे। इसके बाद बाराबंकी स्थित लोधेश्वर मंदिर जाकर जल चढ़ाते थे। उनकी मौत से पूरा परिवार स्तब्ध है।

बुजुर्ग से टप्पेबाजी, 25 लाख के जेवर, ₹3.50 लाख कैश उड़ाया

बेटी की शादी के लिए तुड़वाई थी FD, बस से जा रहे थे आजमगढ़

■ NBT न्यूज गोसाईगंज : लखनऊ से आजमगढ़ जा रहे एक बुजुर्ग के साथ टप्पेबाजी हो गई। बस के अंदर बैग से गहने व नकदी चोरी हो गई। रास्ते में बस खराब होने पर दूसरी बस से बैग दिख गया। बुजुर्ग ने घर पहुंचने पर अपना सामान चेक किया तो जेवरात व नकदी गायब थी। ज्ञापन लौटने पर बुजुर्ग ने गोसाईगंज व सुल्तानपुर गोल्फ सिटी थाने तहरीर लेकर पहुंचा तो किसी ने न सुनी। उसे अपने अपने थाने से टरकाने का काम किया। जिसके बाद पीड़ित ने एसीपी गोसाईगंज से मिलकर मामले की शिकायत की।

राहुल यादव

पीड़ित राहुल यादव ने बताया कि वह विकास विहार ग्रीन छोटा भवानी गोमतीनगर में परिवार के साथ रहते हैं। वह बीते 5 फरवरी को सुबह आठ बजे अपने गांव आजमगढ़ जाने के लिए अहिमामऊ थाना सुल्तानपुर गोल्फ सिटी से प्राइवेट बस पकड़ी थी। ने गोसाईगंज थाना क्षेत्र में प्रवेश करते ही कबीरपुर गांव के पास खराब हो गई। बस क्लीनर ने यात्रियों को बताया कि बस खराब हो गई है। अब वह बस नहीं जाएगी। दूसरी बस आधा घंटे बाद आई। उसमें बिठाकर व सामान पीछे रखकर आजमगढ़ भेज दिया गया। पीड़ित ने बताया कि जब घर पहुंचा तो देखा कि बैग की चेन फाड़कर उसमें रखे 22 से 25 लाख के जेवर व 3.50 नकद गायब थे।

एसीपी गोसाईगंज ज्ञापन पाकर ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद जांच के आदेश दिए हैं, जिसके बाद गोसाईगंज थाने पर मुकदमा भी लिखा गया है।

मार्च में है बेटी की शादी

पीड़ित राहुल यादव ने बताया कि वह आर्मी से रिटायर्ड हैं। मार्च में बेटी की शादी होनी है। जिसके लिए वह जेवर और नकद लेकर गांव आजमगढ़ जा रहे थे। पीड़ित ने बताया कि शादी की रस्में आने वाली हैं ऐसे में जेवर व नकदी चोरी हो जाने से सारे कार्यक्रम अब कैसे होंगे।

झांसा देकर युवक की जेब से निकाले 15 हजार रुपये

■ NBT न्यूज, लखनऊ : मुंशीगंज थाना क्षेत्र में लिफ्ट के बहाने टप्पेबाजों ने बाइक सवार युवक की जेब काटकर 15 हजार रुपये निकाल लिए। कल्याणपुर निवासी राजीव तिवारी ठाकुरगंज स्थित टीबी अस्पताल से घर लौट रहे थे। घर के मोड़ के पास एक युवक ने लिफ्ट मांगी और जबरन बाइक पर बैठ गया। कुछ दूरी पर पहुंचने पर आरोपित ने पैंट की पिछली जेब काटकर रुपये निकाल लिए और अपने साथी के साथ दूसरी बाइक से फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

फ्री एंट्री न देने पर क्लब के जीएम की कार में तोड़फोड़, फायरिंग



■ NBT न्यूज, लखनऊ : चिनहट के लौलाई गांव में एक क्लब के जीएम की कार में सोमवार रात तोड़फोड़ की गई।

जीएम राजेंद्र मौर्य ने हमलावरों पर फायरिंग करने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि क्लब में फ्री एंट्री को लेकर पहले विवाद हुआ था। उसी रंजिश में हमलावरों ने रात में हमला किया। हालांकि पुलिस को मौके से कोई खोखा नहीं मिला है। सीसीटीवी फुटेज में दो युवक लोहे की रॉड से कार तोड़ते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

थार में लगा था फर्जी सचिवालय पास, सीज

■ NBT न्यूज, लखनऊ : विधानसभा का फर्जी पास लगाकर थार कार से फर्राटा भर रहे चालक को ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार दोपहर पकड़ लिया।

टीएसआई राहुल वर्मा ने मंगलवार को हुसैनगंज पर चेकिंग कर रहे थे। दोपहर में काले रंग की थार गुजरी। गाड़ी में सत्तारूढ़ दल का झंडा और फर्जी सचिवालय पास लगा था। कार चौक इलाके के रहने वाले मो. तलहा की बताई जा रही है। कार चालक रघुवंश चला रहा था। उसके पास ड्राइविंग भी लाइसेंस नहीं था। ट्रैफिक पुलिस ने कार का चालान कर सीज कर दी। थाना प्रभारी ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि कार में लगे पास व अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

बाइक की टक्कर से महिला की मौत

■ NBT न्यूज, मोहनलालगंज : कोतवाली क्षेत्र के खूनीजी नगराम मार्ग पर मंगलवार देर शाम सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। बहादुरखेड़ा (मजरा खूनीखेड़ा) निवासी मजदूर मनीराम की 35 वर्षीय पत्नी चंद्रकली खूनीजी बाजार से सब्जी लेकर पैदल घर लौट रही थीं। गोशाला के पास पहुंचते ही एक तेज रफ्तार फ्लस्र बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने घायल महिला को सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मृतका के चार मासूम बच्चे (अर्चना, रोहित, राधिका और प्रिंस) हैं। पुलिस अज्ञात बाइक और उसके चालक की तलाश कर रही है।



चंद्रकली

कार की टक्कर से युवक की जान गई

■ NBT न्यूज, सुल्तान गोल्फ सिटी : इलाके में मंगलवार शाम तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे कारीगर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक ने इलाज के दौरान ट्रॉमा-2 सेंटर में दम तोड़ दिया।

बिहार के खगड़िया जिले के रहने वाले सुदामा शर्मा (22) अहिमामऊ गांव में किराए पर रहकर एल्युमिनियम का काम करते थे। सोमवार शाम वह अंसल में काम खत्म कर पैदल घर लौट रहे थे, तभी किसी वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां देर रात उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई पिंटू ने बताया कि सुदामा को पानी रुचि गांव में ही रहता है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

चोरों ने चार घरों से लाखों के जेवर और कैश उड़ाया

■ टीम NBT, लखनऊ : अमीनाबाद इलाके में घर में रखी अलमारी का ताला तोड़कर चोर जूलरी और 5.70 लाख रुपये नकद चोरी कर ले गए।

मैनलबॉर्डन निवासी बिलाल अहमद ने बताया कि परिवार बाहर गया हुआ था। लौटने पर अलमारी खुली मिली और उसमें रखे गहने व नकदी गायब थी। पीड़ित ने शक के आधार पर स्थानीय युवक और उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं पारा थाना क्षेत्र के काकोरी मोड़ स्थित सिल्वर सिटी में बंद पड़े मकान को चोरों ने निशाना बनाकर लाखों की चोरी कर ली। मकान मालिक अनय अग्रवर्ड रविवार को परिवार के साथ उन्नाव में शादी समारोह में गए थे। तड़के लौटने पर मेन गेट का ताला टूटा मिला। अंदर कमरों और अलमारी के लॉकर भी टूटे थे। चोर 24 ग्राम सोने की जूलरी और करीब 2.80 लाख रुपये नकद ले गए। पीड़ित की तहरीर पर पारा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गुर्डबा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित केशव विहार में बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाकर नकदी और जेवर चोरी कर लिए। मकान मालिक राम बिहारी अग्रवर्ड परिवार के साथ शादी समारोह में सीतापुर गए थे। सोमवार रात लौटने पर अंदर का सारा सामान बिखरा मिला। चोरों ने अलमारियां तोड़कर 60 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवर और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। इंस्पेक्टर प्रभातेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं बिजनौर थाना क्षेत्र के औरंगाबाद जागीर स्थित अवध रेजीडेंसी में नवनिर्मित मकान से चोरी का मामला सामने आया है। मकान मालिक मनीष पांडेय की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस की सतर्कता से बची युवक की जिंदगी

■ NBT न्यूज, लखनऊ : विभूतिखंड पुलिस की सतर्कता से मंगलवार को एक युवक की जान बच गई।

इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह ने बताया कि बाराबंकी के सतरिख निवासी करीम उस्मानी (23) मानसिक रूप से परेशान हैं। वह 8 फरवरी को घर से इलाज कराने की बात कहकर निकले थे। उन्होंने जीएलएफ माई पैड की 12वीं मंजिल पर कमरा बुक किया था। मंगलवार सुबह उन्होंने एक विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसमें उसने बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या की बात कही थी। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज सिग्नेचरसिंह केशव झा सिपाही दुर्गेश के साथ मौके पर पहुंचे। काफी प्रयासों के बाद भी जब दरवाजे का लॉक नहीं टूटा, तो केशव झा और सिपाही दुर्गेश बगल के फ्लैट की बालकनी से अंदर पहुंचे। करीम बेड पर लहूलुहान पड़ा था, उसके बाएं हाथ की नस कटी हुई थी। पुलिस ने उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसकी हालत बेहतर है।

सीकेवाईसी आईडी: केवाईसी संबंधी आपकी सभी ज़रूरतों को पूरा करने वाली एकमात्र चाबी

सीकेवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री द्वारा जारी की जाने वाली 14-डिजिट की विशिष्ट सीकेवाईसी आईडी

यह कैसे काम करता है?

- केवाईसी जानकारी अपने बैंक में जमा करें।
- बैंक केवाईसी जानकारी केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री पर अपलोड करता है।
- इसे सभी बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा इस्तेमाल किया जा सकता है।

अपनी सीकेवाईसी आईडी को जानें।
मिस्ड कॉल: 7799022129 या
ऑनलाइन: www.ckycindia.in

प्रमुख फायदे
विभिन्न बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में आसानी से खाता खोलें।
केवाईसी अपडेट करना हुआ आसान: एक बैंक में अपडेट की गई केवाईसी आपके अन्य सभी बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में अपडेट हो जाती है सीकेवाईसी के ज़रिए।

आसान। सुरक्षित। मानकीकृत।

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

EOW के सिपाही से ट्रेडिंग में मुनाफे के नाम पर फ्रॉड

■ टीम NBT, लखनऊ : ईओडब्लू (आर्थिक अपराध शाखा) ने तैनात एक सिपाही को शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठगों ने 3.26 लाख रुपये ठग लिए।

मूल रूप से चंदौली निवासी सिपाही सतीश चंद्र गुप्ता गोमतीनगर के विशालखंड-2 में रहते हैं। उन्होंने बताया कि जालसाजों ने निजी लोटरी ऐप और टिरंगा ऐप के जरिए निवेश कर लाभ दिलाने की बात कही थी। अलग-अलग किस्तों में रुपये जमा करवाए गए। बाद में ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी तरह ऑनलाइन ट्रेडिंग और स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर जालसाजों ने एक व्यक्ति से 13 लाख 52 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित इंदुपुरी कॉलोनी (चरण भट्टा रोड) निवासी देवेश कुमार मिश्रा की शिकायत पर पीजीआई पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। देवेश कुमार मिश्रा को 6 से 24 जनवरी के बीच एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया था। वहां अनिल गेवल नाम के शख्स ने खुद को एफआईआई स्टॉक मार्केट का निदेशक बताकर उन्हें निवेश का लालच दिया।

वहीं सुप्रीत गोल्फ सिटी इलाके में साइबर जालसाजों ने निजी कर्मचारी के बैंक खातों से 1.52 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित अनूप कुमार ने बताया कि मुख्य मोबाइल ऑन करते ही बैंक से लगातार मैसेज आए। जांच करने पर एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा और एक्सिस बैंक खातों से रकम निकलने की जानकारी हुई। पीड़ित ने पहले साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई, इसके बाद थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर हड़पे ₹4.10 लाख

■ NBT न्यूज, लखनऊ : क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने एक युवक के बैंक खाते से चार लाख रुपये से अधिक की रकम ट्रांसफर कर ली। अमीनाबाद मॉडल हाउस निवासी अमृतांशु ने बताया कि 28 दिसंबर को एक महिला ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर कॉल की थी। आरोपी ने लिंक भेजकर बैंक डिटेल भरवा ली। इसके कुछ देर बाद खाते से चार बार में 4.10 लाख रुपये निकाल गए। दोबारा कॉल करने पर मोबाइल स्विच ऑफ मिला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जर्मन के नाम पर फ्रॉड का आरोप, पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : रियल एस्टेट कंपनी के अधिकारी ने प्लॉट का सौदा कर रुपये लेने के बाद दूसरे व्यक्ति के नाम बैनामा करने का आरोप लगाते हुए पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

स्वातिक मल्टीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सिद्धार्थ शर्मा के अनुसार, कंपनी अधिकारी विवेक सिंह ने मोहनलालगंज के सिरौली कला गांव में नन्हा नामक व्यक्ति से 55 लाख में जमीन का सौदा किया था। एग्रीमेंट के तहत 19.26 लाख रुपये एडवांस दिए गए। आरोप है कि नन्हा ने भाई व अन्य साथियों के साथ साजिश कर 15 नवंबर को जमीन किसी और के नाम बैनामा कर दिया।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG6 User: anurag.awasthi1@timesofindia.c Time: 02-11-2026 00:14 Color:

नवभारत टाइम्स । कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) । बुधवार, 11 फरवरी 2026

हमे भाइयों की तरह साथ रहना सीखना होगा, नही तो मूर्खों की तरह साथ ही नष्ट हो जाएंगे।

– मार्टिन लूथर किंग जूनियर

ग़लत है बांटना

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मामला राज्य BJP की ओर से 7 फरवरी को सोशल मीडिया पर डाले गए एक विडियो से जुड़ा है, जिसे विवाद बढ़ने पर एक दिन बाद हटा लिया गया। इसमें AI से बनाई गई अल्पसंख्यक समुदाय के दो लोगों की तस्वीरों पर हिमंत को राइफल से निशाना लगाते दिखाया गया था। ओवैसी का यह आरोप कि विडियो दो धार्मिक समुदायों के बीच नफरत को बढ़ावा देता है, बिल्कुल सही है।



असम विडियो प्रकरण

हेट स्पीच पर SC । वैसे, हिमंत का कहना है कि उन्हें ऐसे किसी विडियो की जानकारी नहीं है और वह बांग्लादेशी से घुसपैठ करने वालों के विरोधी रहे हैं और आगे भी उनका विरोध करते रहेंगे। असम में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला बेहद संवेदनशील है और खुद सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे माना है। लेकिन शीर्ष अदालत ने हेट स्पीच को भी बर्दाश्त नहीं करने की बात कही है। अक्टूबर 2022 में उसने आदेश दिया था कि हेट स्पीच के मामलों में पुलिस प्रशासन पहल करके केस दर्ज करे। कंप्लेन की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए।

राजनीति का पेच । इसके बावजूद ऐसे मामलों में राजनीतिक वरदहस्त हासिल होने की वजह से पुलिस शिकायत दर्ज नहीं करती। असम में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। हिमंत इससे पहले कई ऐसे बयान दे चुके हैं, जिन्हें देखकर लगता है कि वह चुनाव सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की पिच पर लड़ना चाहते हैं। हाल ही में उन्होंने SIR के संदर्भ में राज्य के लोगों और चुनाव आयोग से 'मियां' को टारगेट करने को कहा था। राज्य में बंगाली भाषी मुसलमानों को मियां कहकर संबोधित किया जाता है।

ध्रुवीकरण की कोशिश । असल में, ऐसे विडियो और सांप्रदाय विशेष के खिलाफ बयान समुदायों के बीच विद्वेष बढ़ाते हैं और इसका नतीजा सांप्रदायिक तनाव और टकराव के रूप में सामने आता है। यह संविधानसम्मत भी नहीं है, जिसमें देश के नागरिकों से धर्म के आधार पर भेदभाव को वर्जित बताया गया है। इसके बावजूद यह सिलसिला रुका नहीं है। चुनाव से पहले सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की खातिर ऐसी कोशिशों में और तेजी आती है।

शांति से समृद्धि । हालांकि, यह याद रखना चाहिए कि 2047 तक हमने जिस विकसित भारत का लक्ष्य तय किया है, उस पर इस तरह के प्रकरण धब्बा लगाते हैं। इतिहास भी सिखाता है कि शांति के साथ ही समृद्धि आती है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के नारे में यही भाव निहित है।

नाभि में तीर

फर फर फरवरी

जनवरी में सूट सिलवा लिया था कि फरवरी में जो शादी होने जा रही है रिश्तेदारी में, उसमें ठाठ से पहनेंगे। टाई भी नई खरीद ली थी। नए मोजे-नए जूते खरीदना तो बनता ही था।

हरि मृदुल

एकदम साहब बन कर बारात में चलेंगे। कोई इसरार करेगा, तो थोड़ा-बहुत डांस भी कर लेंगे। सूट पहना हुआ आदमी कुछ भी करे, अच्छा ही लगता है। कोई समझे या न समझे, वह खुद को किसी दूसरे लोक से आया हुआ समझने लगता है। उसकी भंगिमा बदल जाती है। बोलने का अंदाज बदल जाता है। हालांकि पहली बार सूट पहनने वाला न चाहते हुए भी एकदम नमूना लगने लगता है। मेरी भंगिमा न बदले, नमूना न लगूं, इसलिए मैं हमेशा ही सूट पहनने से बचता रहा हूं। लेकिन जब आप मौसा, ताऊ या फूफा बन चुके होते हैं, तो फिर बचने की कोई जुगत काम नहीं आती। तो साब मुझे भी एक सूट सिलवाना पड़ा। सिले-सिलाए सूट खरीदकर पहनने में वह बात नहीं आ पाती, जो बाकायदा नाप देकर टेलर से सिलवाने में आती है। आज के लौंडे-लपाड़े फिटिंग का मतलब क्या समझें। खुद की शादी का सूट तक किराए पर लाने की बात करते हैं। बताइए, जिस सूट को दसियों दूल्हे पहन चुके हों, उसी को तुम पहनोगे। उसी में मार-तमाम फोटो सेशन होगा। जैसे किसी फिल्म की शूटिंग होती है, वैसी विडियो शूट होगी। लेकिन सूट किराए का ही लाना है। यार, यह तो हद ही हो गई।

अब सूट तो सिल गया, लेकिन फरवरी में ही पारा 35 डिग्री पार चला गया है। जी हां, मुंबई में मौसम ने फरवरी में ऐसी 'फर-फर' करवट बदली है कि एकबारगी नानी याद आ जाए! दिन में जरा देर को घर से निकले नहीं कि हो गए पसीना-पसीना। लगता ही नहीं कि आप फरवरी में हैं। महसूस तो यह हो रहा है कि जनवरी के बाद सीधे मई का ही महीना आ गया है। जिसने जिंदगी में कभी सूट न पहना हो। जो चप्पलें चटकाने में यकीन रखता रहा हो। जिसे टाई किसी फंदे जैसी लगती हो, उसे पैनीस डिग्री सेल्सियस में सूट-बूट पहन नागिन डांस करने के लिए आमंत्रित किया जाए, तो सोचिए कैसा लगेगा!!

एकदा

संकलन : दीनदयाल मुरारका

पुस्तक से मिली दिशा

11 फरवरी 1847 को जन्मे थॉमस अल्वा एडिसन अपने समय के आदर्श अमेरिकी आविष्कारक थे। उन्होंने 1863 में टेलीग्राफ उद्योग से अपने करियर की शुरुआत की। वह घंटों प्रयोगशाला में नई-नई संभावनाएं आजमाते रहते। जब उन्होंने बिजली के बल्ब पर काम शुरू किया, तो हजारों प्रयोग विफल हुए। लोग उपहास करते रहे, लेकिन एडिसन अडिग रहे। उनका कहना था- 'मैं असफल नहीं हुआ हूं, मैंने बस ऐसे हजार तरीके खोज लिए हैं जो काम नहीं करते।' मां के निधन के बाद वह पूरी तरह काम में डूब गए। उसी वक्त पहली पत्नी मैरी के निधन ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया और वह मानो एक मशीन बनकर रह गए। जीवन ने उन्हें संतुलन का पाठ तब सिखाया, जब ओहायो में उनकी मुलाकात उस दौर की समाजसुधारक मीना मिलर से हुई। मीना ने उन्हें बताया कि महान विचारों के लिए विश्राम भी उतना ही आवश्यक है जितना परिश्रम। एक बार मीना के कहने पर रोमांचकारी उपन्यास The Count of Monte Cristo पढ़ने के बाद अगली सुबह एडिसन ने एक जटिल समस्या हल कर ली। तब उन्होंने जाना कि जीवन की सबसे बड़ी खोज संतुलन और प्रेम है।

Subrata Dhar



लोकसभा स्पीकर के मुताबिक, सदन में पीएम के आसन को घेरने की थी योजना

राहुल यूं ही करते रहेंगे विरोध

देश में शीर्ष स्तर की राजनीति में जिस तरह का टकराव अभी दिख रहा है, वह चिंताजनक है। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न बोल पाएं, यह सामान्य स्थिति नहीं।

अवधेश कुमार

सत्ता पक्ष का आरोप । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सदन में नहीं आने का अनुरोध किया। बिरला ने कहा कि सदन में कुछ अप्रकाशित होने की आशंका थी। हालांकि, विपक्ष ने इसे गलत बताया है। सत्ता पक्ष के मुताबिक, कांग्रेस के 7-8 महिला सांसदों का प्रधानमंत्री की सीट तक पहुंच कर घेरा बनाने की योजना थी। कांग्रेस ने कहा भी था कि अगर विपक्ष के नेता राहुल गांधी नहीं बोल पाए हैं तो प्रधानमंत्री को भी नहीं बोलने देंगे। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में अवश्य भाषण दिया, लेकिन लोकसभा में कांग्रेस अपने रवैये पर कायम है।

गरिमा बनी रही । विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री के भाषण में बाधा डालना, वॉकआउट करना, बेल में आकर हंगामा करना, संसद की कार्यवाही बाधित करना, ऐसे दृश्य देश ने देखे हैं। लेकिन पहले विरोध में संसदीय मर्यादा समझी जाती थी। कोपेनहेगन ग्रुपटाइम के आगोप में 24 जून, 1989 को लोकसभा में विपक्ष के 110 में से 106 सांसदों ने त्यागपत्र दे दिया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के इस्तीफे की मांग को लेकर देश भर में अभियान चल रहे थे, लेकिन सदन की सीमाओं का उल्लंघन नहीं किया गया।

पहले भी हुए है हंगामे । UPA सरकार के कार्यकाल में कॉमनवेल्थ, 2G मामलों पर हंगामा हुआ, कार्यवाही बाधित हुई। 2014 में दोनों सदनों में आंध्र प्रदेश के विभाजन का विधेयक पारित करना था तो भी समस्या आई थी। 14 फरवरी 2014 को लोकसभा में विधेयक पारित होने के दिन गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे के बोलते समय ऐसी स्थिति बनी कि लोकसभा टीवी का प्रसारण रोकना पड़ा। 20 फरवरी 2014 को राज्यसभा में विधेयक पारित करने के लिए वोट दरवाजे बंद कर मार्शल बुलाने पड़े थे। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बोलते समय विधेयक छीनो विधेयक फाड़ो का शोर मचा था और तृणमूल सांसद सुखेंदु राय ने प्रधानमंत्री के बोलते समय कागजात फाड़ दिए। उस समय भी स्थिति अभी जैसी नहीं थी।



संसद की मर्यादा टूटी

- सत्ता पक्ष और विपक्ष के रिश्ते बेहद खराब
- प्रधानमंत्री का आसन घेरने की थी योजना?
- राहुल गांधी अपना अजेंडा चलाना चाहते है

राहुल का अपना अजेंडा । मोदी सरकार के सत्ता में आने के कुछ साल बाद, 2016-17 से हालात ज्यादा बिगड़े हैं। लोकसभा और राज्यसभा में अध्यक्ष और सभापति के आसन की ओर कागज फेंकना, आगे टेबल पर खड़े होकर मिमिक्री करना आदि संसदीय परंपरा के विपरीत व्यवहार दिखे हैं। वर्तमान लोकसभा में पहले दिन से विपक्ष के नेता राहुल गांधी का तय रहता है कि उन्हें क्या बोलना है, सदन में क्या विषय है, इससे उन्हें मतलब नहीं रहता।

सेना के हाथ नहीं बांधे । राष्ट्रपति अभिभाषण को लेकर कई मुद्दों पर सरकार की आलोचना हो सकती है। लेकिन राहुल का विषय पूर्व थल सेना अध्यक्ष मनोज नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक थी, जिस पर अध्यक्ष ने निलंबन दिया। इस बार एक पत्रिका में प्रकाशित आलेख को राहुल गांधी ने आधार बनाया है। हालांकि उसमें ऐसा कुछ नहीं है, जिससे लगे कि सरकार ने 2020 में गलवान घटना के बाद चीन के विरुद्ध कार्रवाई में सेना के हाथ बांधे। इसका भी ध्यान रखना चाहिए कि चीन के साथ 1962 के बाद केवल 1967 में सीमा पर गोली चली, उसके बाद कभी नहीं। गलवान संघर्ष में भी गोली नहीं चली।

संविधान का मुद्दा । राहुल गांधी के पास लोकसभा में BJP के बाद सबसे ज्यादा सांसद हैं। इसलिए उनसे ऐसा व्यवहार अपेक्षित नहीं है। पिछले लोकसभा चुनाव में संविधान-आरक्षण खत्म करने का विपक्ष ने झूठा डर दिखाया, जिसका कुछ हद तक उसे फायदा भी हुआ। क्या दूसरे मुद्दों के साथ कांग्रेस आगे भी इसी रणनीति पर चलना चाहती है? राहुल गांधी देश के संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए Zen G से अपील कर चुके हैं। संसद के दोनों सदनों के आसनों को भी उन्होंने पक्षपाती करार दिया है।

अच्छी नहीं है स्थिति । चुनाव आयोग को BJP का एजेंट बताया जा रहा है। मोदी सरकार की USP रक्षा और सुरक्षा है। तो क्या विपक्ष की इसी मुद्दे पर उसे कमजोर और झूठा साबित करने की रणनीति है? सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जिस तरह का संवाद इधर दिखा है, उसमें बदलाव की तत्काल संभावना नहीं है। यह स्थिति ठीक नहीं है। राजनीति इस अवस्था में नहीं जानी चाहिए, जहां से वापस लौटा न जा सके।

(लेखक विचारक और वरिष्ठ पत्रकार हैं)

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

एक दिन कप को टूटना ही है, फिर दुख किस बात का

ग्याल्टेन समतेन

हम जवाब पाने के लिए जीवन भर दुनिया की ओर देखते रहते हैं। हमें लगता है कि हमारी खुशी, सफलता और शांति का स्रोत कहीं बाहर है। जीवन की परिकल्पना हम अपने मन के माध्यम से करते हैं। फिर भी, हम मन की वास्तविक प्रकृति को समझने के लिए शायद ही रुक कर सोचते हैं।

हमारी आंखें इंद्रियां हर क्षण अपना काम कर रही हैं- आंखें देख रही हैं, कान सुन रहे हैं, नासिका गंध पहचान रही है। लेकिन, कभी अपने आप से पूछते ही नहीं कि जिस अनुभव में हम उलझे हैं, वह हमें स्थायी सुख दे रहा है या केवल क्षणिक आनंद? यहां तक कि हम जीवन के प्रति सचेत रहना ही भूल जाते हैं।

हमारी सबसे बड़ी शक्तियों में से एक है- अनित्यता (Impermanence) यानी परिवर्तन के प्रति हमारा दृष्टिकोण। यह शब्द सुनते ही हम उसे हानि, बिछड़ाव, बुढ़ापा और अंत से जोड़ लेते हैं। जबकि अनित्यता का अर्थ केवल नाश नहीं, बल्कि परिवर्तन है, गतिशीलता है। बुद्ध ने यह नहीं कहा कि सब कुछ नष्ट हो जाएगा, उन्होंने कहा कि सब कुछ बदलता रहेगा। हर श्वास के साथ हमारा शरीर और मन बदल रहा है। पीड़ा इसलिए नहीं होती कि चीजें बदलती हैं, पीड़ा इसलिए होती है क्योंकि हम अस्थायी वस्तुओं में स्थायित्व खोजते हैं।

AI Image

इसे एक उदाहरण से समझते हैं। हमारी दादी ने उपहार में एक खास-सा कप दिया। उससे हमारा इतना लगाव हो जाता है कि यदि वह टूट जाए, तो दुख होगा। जबकि हमें पता है कि वह टूट सकता है। फिर भी मन में बसी कहानी के टूटने से पीड़ा होती है। यही आसक्ति हम अपनी पहचान से भी जोड़ लेते हैं- नाम, उपनाम, पेशा। 'मैं डॉक्टर हूं', 'मैं इंजीनियर हूं', लेकिन इस पद से पहले हम कौन थे? और इसके बाद कौन होंगे? जब ये लेबल बदलते हैं, तो हमें लगता है कि हम स्वयं को खो रहे हैं।

इसलिए सबसे पहले मन को समझने की जरूरत है। संभव के साथ जो अपने आपको बदलता है वह अपने जीवन को वर्तमान में लाता है। जब हम समझ लेते हैं कि सब कुछ प्रवाह में है, तब हम जकड़न छोड़ पाते हैं और जीवन के इसी प्रवाह में शांति को अनुभव करते हैं।

दा विंची का DNA प्रोफाइल क्यों बनाया जा रहा

ज्ञान-विज्ञान

दुनिया के कुछ वैज्ञानिक इटली के 15वीं सदी के महान चित्रकार, शिल्पकार और वैज्ञानिक लियोनार्डो दा विंची का DNA खोजना चाहते हैं। इसके लिए पिछले 10 साल से 'लियोनार्डो दा विंची DNA प्रोजेक्ट' चल रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत उनके वंशजों, पेंटिंग और कब्रों का उपयोग करके उनके DNA प्रोफाइल को फिर से बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वैज्ञानिक कहते हैं कि दा विंची की आनुवंशिक संरचना के माध्यम से उनकी असाधारण दृष्टि क्षमता, रचनात्मकता और स्वास्थ्य के पहलुओं को समझा जा सकता है। प्रोजेक्ट के लिए वैज्ञानिकों ने ऐसी तकनीक विकसित की है, जिससे पुराने खतों की मुहर, कागज वगैरह पर छूटे DNA को कलेक्ट किया जा सकता है।

मुकुल व्यास

डूडलिंग से नमूना । रिसर्च टीम ने बताया है कि उन्होंने 'होली चाइल्ड' नामक दा विंची की एक चॉक डूडिंग से स्वाब लिया है। इसमें इंसानी DNA भी मिला है, लेकिन यह किसका है - इसकी अभी जानकारी नहीं। यह खुद दा विंची का हो सकता है या फिर उनमें से किसी का, जिन्होंने बाद में डूडिंग को संभाला। इतना पुष्ट जरूर हुआ है कि DNA किसी पुरुष का है। यह व्यक्ति भूमध्यसागरीय क्षेत्र में, खासकर मध्य और दक्षिणी इटली में आम तौर पर पाए जाने वाले एक समूह का हिस्सा लगता है। इसमें टस्कनी भी शामिल है, जहां लियोनार्डो रहते थे। टीम अब तुलना के लिए दा विंची से जुड़ी दूसरी कलाकृतियों और चीजों के सैंपल लेना चाहती है। फिर इन नतीजों को उनके जीवित वंशजों से मिलाना होगा।

वंशावली का पीछा । DNA प्रोजेक्ट का अंतिम लक्ष्य दा विंची की कब्र की पुष्टि करना और उनके संदिग्ध पुराने जीनोम (DNA समूह) को फिर से बनाना है। प्रोजेक्ट के चेयरमैन और रॉकफेलर यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक जेसी ऑसुबेल ने कहा कि भले ही लियोनार्डो के DNA की पुष्टि अभी बाकी है, लेकिन सफलता तय है क्योंकि हमने एक पड़ाव पार कर लिया गया है। रिसर्चर 10 बरसों से दा विंची की वंशावली को पिछली और अगली पीढ़ियों में ट्रेस करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्हें हाल ही में कुछ जीवित वंशज मिले हैं। एक पारिवारिक वंश भी मिला है, जिसका इतिहास 1331 तक जाता है।

मकबरे की खोज । कहा जाता है कि दा विंची के अवशेष फ्रांस की लवा वैली में एक छोटे-से चैपल में दफन हैं, लेकिन सभी इतिहासकार इस बात से सहमत नहीं। रिसर्चर फिलहाल इटली में दा विंची परिवार के मकबरे की खुदाई कर रहे हैं ताकि उनके रिश्तेदारों से आनुवंशिक जानकारी मिल सके। वैज्ञानिकों को भरोसा है कि प्रोजेक्ट द्वारा विकसित ज्ञान और तकनीकों को अन्य प्रमुख ऐतिहासिक हस्तियों के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है।

कांटे की बात

सिर कटा लेंगे, पर खेजड़ी नहीं कटने देंगे

लोकतंत्र में सबसे बड़ी जगह संसद है। अगर विपक्ष के नेता को ही बहां बात करने से रोका जाएगा तो फिर बाकी क्या बात की जाए? जनतंत्र और संविधान को सीमित किया जा रहा है। जनतंत्र के मूल को ही चोट पहुंचाई जा रही है।



अरविंद सावंत, सांसद, शिव सेना (UBT)

छोटी बात, बड़ा फ़र्क़

राजस्थान में एक बार फिर खेजड़ी को बचाने के लिए आंदोलन चल रहा है। इसकी प्रेरणा 1730 में पहली बार हुए आंदोलन से ली गई है। पिछली बार राजा के महल के लिए तो इस बार सोलर प्लांट बनाने के लिए बीकानेर, फलौदी, बाड़मेर, जैसलमेर में सैकड़ों साल पुराने लाखों पेड़ काटे जाने के विरोध में।



अमर हो गईं अमृता

1730 में जोधपुर के महाराजा अभय सिंह के सैनिक खेजड़ी के पेड़ काटने के लिए पहुंचे। गांव की अमृता देवी बिश्नोई पेड़ से चिपक गईं। मगर, सैनिकों ने उन्हें काट डाला। खबर फैलते ही 84 गांवों से लोग पहुंच गए और पेड़ों से चिपककर विरोध किया। 363 लोगों ने प्राण न्योछावर किए।

नष्ट होगी जैव विविधता

इस बार बिश्नोई समाज के लोग फिर से अमृता बिश्नोई बन गए हैं। वह कह रहे हैं कि हम सिर कटाने के लिए तैयार हैं, लेकिन खेजड़ी नहीं कटने देंगे। उनका मानना है कि पेड़ काटकर सोलर प्लांट लगाने से पर्यावरण संतुलन पर गंभीर असर पड़ेगा। जैव विविधता नष्ट होगी। ***प्रस्तुति: अभिषेक***

जनता जंक्शन इरफान

अग्निपथ स्कीम की इसी साल होगी अग्निपरीक्षा

पूनम पाण्डे

पिछले हफ्ते की शुरुआत से ही लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बोलने या न बोलने के मुद्दे को लेकर गतिरोध बन गया था। जब से राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे की अप्रकाशित किताब में लिखी बातों का जिक्र करते हुए सरकार पर सवाल उठाए, तब से यह गतिरोध बढ़ा। और हालात ऐसे बने कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव बिना चर्चा के ही पारित हो गया। सोमवार से बजट पर चर्चा शुरू होनी थी, लेकिन सदन में गतिरोध बना रहा।

कितनों को मिलेगा रोजगार

जनरल नरवणे की अप्रकाशित किताब से सामने आई बातों में अग्निपथ योजना का जिक्र भी है। इस मसले पर राजनीति भले किसी भी दिशा में जाए, लेकिन असली परीक्षा तो इस साल के अंत में अग्निपथ योजना की भी होनी है, जब पहला बैच सेवा पूरी कर बाहर आएगा। सबसे पहले नेवी के अग्निवीर बाहर आएंगे। इसी साल नवंबर में नेवी के पहले बैच के करीब 2600 अग्निवीरों के चार साल पूरे हो रहे हैं। अगले साल की शुरुआत में फिर आर्मी और एयरफोर्स के अग्निवीरों का पहला बैच बाहर आएगा।

अभी तक लागू स्कीम के मुताबिक, अग्निवीरों में से 25% परमानेंट होंगे और बाकी बाहर हो जाएंगे। यही से अग्निपथ योजना की असली अग्निपरीक्षा शुरू होगी। सबसे बड़ा सवाल है कि बाहर होने वाले 75% युवाओं को आगे कितना और किस तरह का रोजगार मिल पाता है। सरकार का दावा है कि इसके पूरे इंतजाम हैं। CAPF सहित कई राज्य सरकारों ने पुलिस में अग्निवीरों के लिए कुछ कोटा निर्धारित किया है। जब से अग्निपथ स्कीम लागू हुई है, तबसे ये सवाल लगातार उठ रहा है कि सिर्फ 25% अग्निवीरों को ही परमानेंट करना पर्याप्त नहीं है। तीनों सेनाओं की तरफ से भी सिफारिश की गई थी कि कम से कम 40 से लेकर 50 और कुछ मामलों में तो 70% तक अग्निवीरों को परमानेंट किया जाना चाहिए।

सवाल यह है कि क्या सरकार 25% से अधिक अग्निवीरों को स्थायी करने पर विचार कर रही है। पहले बैच के बाहर आने के बाद इस पर चर्चा हो सकती है कि क्या और किस तरह के बदलाव जरूरी हैं। सरकार की ओर से इस तरह के संकेत दिए गए हैं कि अग्निवीरों का चार साल का कार्यकाल बढ़ाने पर विचार नहीं है। लेकिन रिटेंशन रेट, यानी कितने अग्निवीरों को स्थायी करना है, इसमें जरूरी बदलाव का अभी मौका है? स्कीम में इस तरह का बड़ा बदलाव अगर पहले बैच में ही कर दिया जाएगा तो ये सरकार की आगे की सख्ती को ही कम करेगा।

बदलाव का अवसर

अगर पहले बैच से सिर्फ 25% को ही परमानेंट किया जाता है और फिर आगे जाकर इसमें बदलाव होता है और दूसरे या उसके आगे के बैच से ज्यादा अग्निवीरों को परमानेंट किया जाता है तो ये फिर कोर्ट केस की ही बाढ़ लगाएगा। रक्षा मंत्रालय वैसे ही कई केस लड़ रहा है और बार-बार कहा जाता है कि अपने ही लोगों के खिलाफ और उन लोगों के खिलाफ रक्षा मंत्रालय लड़ रहा है जो देश सेवा कर रहे हैं, या कर चुके हैं। अग्निवीर अगर वीरगति को प्राप्त होते हैं या डिसएबल्ड (विकलांग) तो उन्हें और उनके परिवार को रेगुलर सैनिकों की तरह ही मदद की भी सेना सिफारिश कर चुकी है। ये मसला भी पेंडिंग है। अग्निपथ योजना पर राजनीतिक बहस अपनी जगह है, लेकिन इसकी असली कसौटी अब ज्यादा दूर नहीं।

विशुद्ध राजनीति

कसौटी

रीडर्स मेल

www.edit.nbt.in

अनुभव भी महत्वपूर्ण

10 फरवरी को प्रकाशित लेख 'भागवत की बात में छिपा है बड़ा संदेश' राजनीति में उम्र को लेकर प्रचलित धारणाओं पर गहरा संकेत देता है। राजनीति में आयु का कोई संवैधानिक बंधन नहीं है और BJP में 75 वर्ष की सीमा एक वैधानिक नियम नहीं, बल्कि रणनीतिक परंपरा रही है। इसी सोच के कारण कई अनुभवी नेता सक्रिय राजनीति से दूर हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में मोहन भागवत का पद पर बने रहना यह स्पष्ट करता है कि संगठन में आयु से अधिक महत्व क्षमता, अनुभव और प्रासंगिकता का है। यही दृष्टिकोण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी वैचारिक सुरक्षा कवच का संकेत देता है।

सीमा कश्यप, साहिबाबाद

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

[illegible]

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG7 User: cci Time: 02-10-2026 23:46 Color:

फटाफट खबरें

विकास कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण तेज

■ NBT न्यूज, अयोध्या: चौरासीकोसी, चौदहकोसी, आवास विकास परिषद एवं रिंग रोड परियोजनाओं के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण एवं प्रतिकर भुगतान में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें संबंधित अवशेष ग्रामों के अभिनिर्णय किए जाने हेतु अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा देने को कहा गया।

महावीरन मंदिर पहुंचा 60 फुट लंबा त्रिशूल

■ NBT न्यूज, बीकापुर: एमपी के छिंदवाड़ा से 2 फरवरी को निकली त्रिशूल यात्रा मंगलवार को अयोध्या में चौरीबाजार से प्रवेश कर बीकापुर पहुंची। खजुराहट बाजार में रज्जू वर्मा ने पुष्पवर्षा की तो बीकापुर में प्रसाद बांटा गया। यात्रा के संरक्षक दिग्विजय सिंह और पुजारी अमित जोशी ने बताया कि 2 फरवरी को शुरू हुई त्रिशूल यात्रा मंगलवार को बीकापुर के रामपुरवा महावीरन मंदिर पहुंची। स्टील से बने 60 फुट लंबे त्रिशूल को महाशिवरात्रि पर महावीरन मंदिर में स्थापित किया जाएगा। इस मौके पर सुनील मिश्रा, अरुण मिश्रा, आलोक सिंह मौजूद रहे।

मांझे की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: मांझे की चपेट में आकर बाइक सवार युवक का चेहरा गंभीर रूप से कट गया। सिधौली निवासी बृजेश यादव के अनुसार बाराबंकी के मयूर मोटल्स में काम करते हैं। मंगलवार दोपहर एक बजे बाइक से जाते समय देवा इलाके में मांझा चेहरे में फंस गया। इससे चेहरा कटने के साथ ही बाइक गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गए। इंस्पेक्टर अजय त्रिपाठी के अनुसार घायल को सीएचसी में भर्ती करवाया गया है।

महादेवा में बिजली के तार ढीले, ADG नाराज

■ NBT न्यूज, सूरतगंज : अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन प्रवीण कुमार ने मंगलवार को अयोध्या कमिश्नर राजेश कुमार व आईजी सोमेंद्र वर्मा के साथ महादेवा के फाल्गुनी मेले का निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। इस दौरान डीएम शशांक त्रिपाठी, एसपी अर्पित विजयवर्गी से व्यवस्थाओं को लेकर बातचीत की। एडीजी ने मेला क्षेत्र में ढीले बिजली के तारों पर नाराजगी जताई। इसे तुरंत दुरुस्त कराने के आदेश दिए।

सड़क हादसों में दरोगा सहित आठ घायल

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: अलग-अलग इलाकों में हुए सड़क हादसों में दरोगा सहित आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लखनऊ-सुलतानपुर हाइवे पर सोमवार रात करीब नौ बजे टोल का बैरियर तोड़कर भाग रही कार रोकने के प्रयास में दरोगा मिथलेश कुमार (57) घायल हो गए। दरोगा के अनुसार हैदरगढ़ स्थित बारा टोल का बैरियर तोड़कर भागे कार चालक को लोनीकटरा छबील चौकी पर बैरियर लगाकर रोकना चाहा। हालांकि चालक ने कार नहीं रोकी और बैरियर में टक्कर मार दी। इससे दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, देवा के गुरबुज गांव निवासी लवकुश, पत्नी किरन और बेटी दिपाली के साथ बाइक से दरौली गांव आए थे। वापसी में दरौली के पास एक अन्य बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। उधर, मोहम्मदपुर खाला पुलिस के वाहन ने रामनगर के बखरेपुर निवासी हिमांशु (22) और अंकुश (18) को महादेवा से लोधौरा चौराहे की तरफ जाते समय टक्कर मार दी।

बाबरी ढांचा दोबारा कभी नहीं बनेगा: CM

■ NBT न्यूज, बाराबंकी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दुल्हेपुर में कहा कि कयामत का दिन आने वाला नहीं है और न ही फिर कभी बाबरी मस्जिद के ढांचे का निर्माण होगा। यह सरकार रुकने और डिगने वाली नहीं है। हमने कहा था कि रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे। रामलला का मंदिर बन गया है। सीएम दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के दुल्हेपुर के श्रीहनुमत महायज्ञ व रामचरित पूजन में शामिल होने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

सीएम ने कहा कि 500 साल बाद अयोध्या का गौरवशाली इतिहास उनकी सरकार आने पर गौरवांकित हुआ है। आजादी के बाद इतने चुनाव हुए लेकिन किसी ने अयोध्या में भगवान राम के जन्मस्थान पर मंदिर के निर्माण के बारे में नहीं सोचा। आज लोग कह रहे हैं कि भगवान राम हमारे हैं। सीएम ने कहा कि रामद्रोहियों के लिए कोई जगह नहीं है। कायदे से रहना सीखो। कानून मानो। कायदे से रहोगे तो फायदे में रहोगे। कानून तोड़कर जहन्नुम जाने का सपना पूरा नहीं होगा।

'भारत व भारतीयता पर हो रहे विदेश से हमले'

सीएम ने कहा कि दुनियाभर में भारत पर हमले हो रहे हैं। कुछ लोग सांस्कृतिक रच रहे हैं। देश को कमजोर कर रहे हैं। साल 2017 से पहले यहां पर पर्व त्योहार शांति से नहीं हो पाते थे। हर वर्ग परेशान था। कर्फ्यू लगते थे। मंदिर की जमीन के लिए एक संत पर गोली चलाई गई। यह सरकार आई, सबकुछ बदल गया। यूपी में तीर्थाटन बढ़ा है। विगीय वर्ष 2024-25 में करीब 122 करोड़ लोग धार्मिक स्थलों पर आए हैं। राज्य सरकार के पास इतना पैसा है कि वह एससी, ओबीसी व सामान्य वर्ग के बच्चों को छात्रवृत्ति दे रही है। सरकार सुरक्षा को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है। कानून तोड़ने पर ऐसा दंड मिल रहा है कि सात पीढ़ी याद करेंगी। बाराबंकी के समृद्धि इतिहास का जिक्र कर कहा कि यहां श्रीलोधेश्वर महादेव मंदिर के कॉरिडोर का काम शुरू किया गया है। होली के अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी केडी सिंह बाबू के स्मारक के निर्माण शुरू करवाया गया है।

बाराबंकी में औद्योगिक कॉरिडोर, बीडीए जल्द

सीएम ने कहा कि सरकार बाराबंकी के विकास के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा का हिस्सा बाराबंकी में है। इस पर काम चल रहा है। इससे विकास होगा। रामसनेहीघाट में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना का काम चल रहा है। युवाओं को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना होगा। बाराबंकी विकास प्राधिकरण (बीडीए) का गठन जल्द होगा इस दौरान राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, सांसद जगदंबिका पाल, पूर्व सांसद लालजी सिंह, एमएलसी अनंत कुमार सिंह, अवधेश सिंह पटेल, विधायक सावेंद्र प्रताप वर्मा, दिनेश रावत, रामसिंह वर्मा भूलन, शरद अवस्थी, अरविंद मौर्य, शशांक कुशमोहा ने भी विचार रखे।

मस्जिद निर्माण में धन का रोड़ा

■ NBT न्यूज, अयोध्या: राम मंदिर का निर्माण 30 अप्रैल तक पूरा हो जाएगा। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर प्रदेश सरकार द्वारा इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट को धन्नीपुर गांव में दी गई 5 एकड़ जमीन पर मस्जिद का निर्माण धनाभाव में अटक गया है। मस्जिद ट्रस्ट के चेयरमैन जुफर अहमद फारूकी का कहना है कि मस्जिद का नक्शा पास करवाने और निर्माण के लिए 15 करोड़ रुपये की जरूरत है। वर्तमान में ट्रस्ट के पास एक करोड़ भी नहीं है।

ट्रस्ट के चेयरमैन ने बताया कि रमजान के बाद अप्रैल 2026 में मस्जिद की नई डिजाइन का नक्शा जमा किया जा सकता है। डिजाइन अवधी कल्चर पर आधारित होगी। साथ ही बताया कि रकम जुटाने के लिए कोई अभियान नहीं चलाया जाएगा। समुदाय के धनी लोगों और विदेश में रहने वाले समृद्ध लोगों से सहयोग मांगा जाएगा। हालांकि जरूरी रकम जुटाने में सबसे बड़ी अड़चन अब तक मस्जिद ट्रस्ट का FCRA में पंजीकरण का न होना है। इसके कारण विदेश से चंदा नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में जल्द से जल्द पंजीकरण का प्रयास किया जाएगा। मस्जिद का निर्माण विदेश से मिलने वाली डोनेशन पर निर्भर करेगा।

धन्नीपुर में बननी है मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद, खर्च होंगे 15 करोड़ रुपये

FCRA में रजिस्ट्रेशन न होने के कारण विदेश से नहीं मिल पा रहा चंदा



डिजाइन और नाम बदला

चेयरमैन के अनुसार मस्जिद का काम फंड की उपलब्धता के मुताबिक हॉस्पिटल, कम्युनिटी किचन, लाइब्रेरी, संग्रहालय आदि के निर्माण शुरू हो सकता है। मस्जिद की नई डिजाइन का नक्शा 31 दिसंबर 2025 तक एडीए में जमा करवाने की तैयारी थी, हालांकि अब मार्च 2026 तक जमा किया जा सकता है। पहले मस्जिद का नाम धन्नीपुर मस्जिद रखा गया था, वहीं अब नई डिजाइन की अवधी कल्चर के हिसाब से बनाया जा रहा है। इसका नाम मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह रखने की योजना है।

घर में घुसकर 12 लाख के जेवर चोरी

■ NBT न्यूज, बाराबंकी : कुर्सी के राजापुर निवासी अहंकार यादव के घर से सोमवार रात 12 लाख के जेवर व 50 हजार रुपये चोरी हो गए। पीड़ित के अनुसार खाने के बाद परिवार के साथ दूसरी मंजिल के सोने चले गए। इसके बाद चोर छत से कमरे में पहुंच गए और कमरे में रखी अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर जेवर, नकदी उठा ले गए। मंगलवार सुबह जब घरवाले उठे तो जानकारी हुई। पुलिस के अनुसार तहरीर पर जांच की जा रही है।-

'शाम 5 से रात 11 बजे तक कम बिजली की खपत करें उद्योग'

■ NBT न्यूज, बाराबंकी : इंडियन इंडस्ट्रीज असोसिएशन (आईआईए) बाराबंकी चैप्टर ने मंगलवार को असेनी मेढ़ स्थित एक उद्योग परिसर में बिजली समस्याओं को लेकर मध्यांचल पावर कॉरपोरेशन की अधीक्षण अभियंता राजबाला और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने उद्यमियों को बताया कि शाम 5 से रात 11 बजे तक पीक आवर्स होते हैं, जब बिजली सबसे अधिक रहती है। इस दौरान खपत कम कर उद्योग बिजली बिल में बचत कर सकते हैं।

U.P. CO-OPERATIVE SUGAR FACTORIES FEDERATION LTD.
9-A, Rana Pratap Marg, Lucknow. Telephone: (0522) 2206183, 2628318 Fax: (0522) 2627994

Short Term e-Auction Notice on GEM Portal

Online E-Auctions on **GEM Portal** are invited for sale of free molasses in steel tanks from Co-operative sugar mills of U.P to benefide Consumers to whom license have been issued by the Excise Commissioner & Molasses Controller, Prayagraj, U.P. **E-Auction can be uploaded up to 06.55 PM. on 09.02.2026.**

S.No	Particulars	Start Date and Time		End Date and Time	
1.	Document and EMD deposit upload time	09.02.2026	06.55 PM	12.02.2026	12.05 PM
2.	Evaluation	12.02.2026	12:05 PM	12.02.2026	03:00 PM
3.	Auction Start	12.02.2026	03.05 PM	13.02.2026	03:05 PM

The e-Auctions EMD is Rs. 20 per quintals. Total quantity for sale of **free C-Heavy molasses 340000.00 quintals.** The details for submission of e-Auctions on GEM Portal will be available on the GEM Portal- **https://gem.gov.in** and also on Federation website **www.upsugarfed.org** from **09.02.2026** at **06.55 PM**. The Federation reserves the right to cancel any or all the e-Auctions without assigning any reason. The decision of the Managing Director shall be the final and binding. इस निविदा के सम्बन्ध में सभी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, समय वृद्धि आदि की केवल **https://gem.gov.in** एवं **www. upsugarfed.org** पर ही दिया जायेगा। निविदाकारक अथवा फर्मवालों के लिए निविदित रूप से इन वेबसाइटस को देखते रहें।

Date -09.02.2026. **MANAGING DIRECTOR**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
Employees' State Insurance Corporation
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
पंचदीप भवन
Panchdeep Bhawan
सी.आई.जी. रोड, नई दिल्ली – 110002
C.I.G. Road, New Delhi – 110002
Tel.: 011- 23234356 Email: jd-f2@esic.gov.in
Website: www.esic.gov.in

कर्मचारी राज्य बीमा निगम के पोर्टफोलियो प्रबंधकों, अभिरक्षक, बाह्य समवर्ती लेखापरीक्षक की नियुक्ति और ऋण प्रपत्र के लिए पोर्टफोलियो प्रबंधकों के निष्पादन के मूल्यांकन के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति की ऑनलाइन अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआइसी) भारत में परामर्शदाता के रूप में प्रचालन में कम से कम सात वर्षों का अनुभव रखने वाली वित्तीय परामर्श फर्मों/क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों/पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अथवा नियंत्रक कंपनी से अभिरूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है (जिसे इसके बाद 'बोलीदाता' कहा गया है) जो कर्मचारी राज्य बीमा निगम के पोर्टफोलियो प्रबन्धकों, अभिरक्षक, बाह्य लेखापरीक्षक के चयन और ऋण प्रपत्र के लिए पोर्टफोलियो प्रबंधकों के निष्पादन के मूल्यांकन में सहायता कर सके।

अभिव्यक्ति दस्तावेज केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (सीपीपी पोर्टल) (**https://eprocure.gov.in/eprocure/app**) या कर्मचारी राज्य बीमा निगम वेबसाइट (**www.esic.gov.in>tenders**) से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

जमा करने की अंतिम तिथि: 24/02/2026 (पूर्वाह्न 11:30 बजे तक)

हस्ता/–
निदेशक (वित्त)

INDRAPRASTHA INSTITUTE of INFORMATION TECHNOLOGY DELHI
(A State University established by Govt. of NCT Delhi)

ADVERTISEMENT FOR THE POST OF DIRECTOR, IIIT-DELHI

The Indraprastha Institute of Information Technology, Delhi, a State University established by an Act of the Government of NCT of Delhi, invites applications/ nominations for the post of Director of the Institute. Further details are mentioned on the Institute website.

The last date of receipt of applications/nominations is 30 days from the date of publication of the advertisement on the website.

Sd/-
Registrar

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in